CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, मंगलवार 9 सितम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 25 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 24°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 | 16 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



एकेटीयू दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि होंगे शुभांशु शुक्ला पेज 2



अनन्या व दिव्यांशी ने अंडर-15 युगल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता खेल टाइम्स



रिश्तों की गरिमा की पुनः स्थापना! सम्पादकीय



गाजा में इजरायली सेना का हमला 50 लोगों की मौत पेज 12

## एएमयू की पहली महिला कुलपति नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) की पहली महिला कुलपति के रूप में प्रोफेसर नईमा खातून की नियुक्ति के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को बरकरार रखने का सोमवार को फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली प्रोफेसर मुजफ्फर उरुज रब्बानी और प्रोफेसर फैजान मुस्तफा की याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने याचिकाकर्ताओं का पक्ष रखा। उन्होंने उच्च न्यायालय द्वारा की गई टिप्पणियों का हवाला देते हुए तर्क दिया कि कुलपति पद के लिए नामों चुनाव करने कार्यकारिणी परिषद में तत्कालीन एएमयू कार्यवाहक कुलपति प्रोफेसर मोहम्मद गुलरेज़ की अध्यक्षता और भागीदारी अनुचित थी।

## प्रख्यात पत्रकार व संपादक संकर्षण ठाकुर नहीं रहे

**नई दिल्ली।** प्रख्यात पत्रकार और संपादक संकर्षण ठाकुर का सोमवार को यहां निधन हो गया। वह 63 वर्ष के थे। उनके परिवार ने यह जानकारी दी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव पर 'द ब्रदर्स बिहारी' के नाम से पुस्तक लिखने वाले दिवंगत ठाकुर अपनी तीक्ष्ण राजनीतिक अंतर्दृष्टि और विचारोत्तेजक लेखन के लिए जाने जाने जाते थे। उन्होंने 'द टेलीग्राफ' में राष्ट्रीय मामलों के संपादक के रूप में कार्य किया और 2023 में इसके संपादक नियुक्त किए गए।

## एनआईए ने पांच राज्यों के 22 स्थानों पर की छापेमारी

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने जम्मू-कश्मीर और अन्य पांच राज्यों में आतंकवाद के वित्तपोषण मामले की चल रही जांच के तहत छापेमारी की है। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। एनआईए ने कहा कि पांच राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में 22 ठिकानों पर तलाशी चल रही है। उन्होंने बताया कि बिहार में आठ, जम्मू कश्मीर में नौ, उत्तर प्रदेश में दो और कर्नाटक, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में एक-एक ठिकाने पर छापेमारी चल रही है।

## भारत बनाएगा अमेरिका- रूस व इजरायल जैसी स्पेशल फोर्स

**नई दिल्ली।** सैन्य बलों की एलीट कमांडो फोर्स का संयुक्त युद्ध सिद्धांत बनाया गया है। यह साझा दस्तावेज सेना की स्पेशल फोर्स, वायुसेना की गरुड़ कमांडो फोर्स और नौसेना के मार्कोस कमांडो के लिए बनाया गया है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद हुई इस कवायद में तीनों सेनाओं की एलीट फोर्स की तैयारी का हर पहलू स्पष्ट किया गया है। अगर किसी देश या उसकी शह में पलने वाले आतंकी, भारत विरोधी कार्रवाई करते हैं, तो उनके खिलाफ क्या होगा?

# नेताओं को मोटी चमड़ी वाला होना चाहिए: सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि नेताओं को मोटी चमड़ी का होना चाहिए।

राजनीतिक लड़ाइयों के लिए सुप्रीम कोर्ट का उपयोग नहीं करना चाहिए। कोर्ट ने ये टिप्पणी भाजपा नेता द्वारा तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी के खिलाफ लगाई गई याचिका की सुनवाई के दौरान कही। 2024 लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान सीएम रेड्डी ने कहा था कि अगर बीजेपी 400 सीट जीती, तो आरक्षण समाप्त कर देगी। तेलंगाना भाजपा के महासचिव वेंकटेश्वरलू ने दावा किया था कि इससे पार्टी को नुकसान हुआ और उसने रेड्डी के खिलाफ मानहानि की याचिका दायर की गई थी। तेलंगाना हाईकोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया था, जिसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन, अतुल एस. चंदुरकर की पीठ ने भी याचिका खारिज कर दी।

■ मुख्यमंत्री रेड्डी के खिलाफ भाजपा की याचिका खारिज

### ऑनलाइन गेमिंग की अगली चाल अब सुप्रीम कोर्ट पर निर्भर

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम, 2025 को लेकर केंद्र की एक बड़ी मांग मान ली है। जिसके बाद अब ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम, 2025 को लेकर देश के अलग-अलग उच्च न्यायालयों में लंबित मामलों की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में होगी। केंद्र ने इस अधिनियम को लेकर हाईकोर्ट्स में लंबित मामलों को सुप्रीम कोर्ट में स्थानांतरित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।



### आधार मतदाता सूची के लिए वैध पहचान पत्र, नागरिकता के लिए नहीं

**नई दिल्ली।** बिहार मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण मामले में सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि आधार, मतदाता सूची के लिए वैध पहचान पत्र है, लेकिन इसे नागरिकता का सबूत नहीं माना जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि वे आधार कार्ड को 12वां दस्तावेज मानें ताकि मतदाता वोटर लिस्ट में नाम शामिल कराने के लिए आधार कार्ड को भी पेश कर सकें।

# योगी ने पंजाब समेत 3 राज्यों को राहत सामग्री भेजी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ सामग्री वाहनों को हरी झंडी दिखाई

**लखनऊ/सहारनपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पंजाब, हिमाचल और उत्तराखंड के आपदा प्रभावितों के लिए राहत सामग्री वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और उप्र सरकार की ओर से हिमाचल और उत्तराखंड को पांच-पांच करोड़ की धनराशि भेजी।

योगी ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत श्रेष्ठ भारत के आह्वान के साथ खड़ी है, उत्तर प्रदेश के बाढ़ पीड़ितों और किसानों को भी तत्काल सहायता दी जा रही है। मुख्यमंत्री सोमवार को 12 घंटे के शोर्ट नोटिस पर सहारनपुर पहुंचे और उन्होंने यहां जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई राहत सामग्री के वाहनों को बाढ़ एवं आपदा -शेष पृष्ठ दो पर

# नेपाल में लोकतंत्र धराशायी

## हिंसक विरोध प्रदर्शन के दौरान सेना ने की फायरिंग, 20 की मौत

**काठमांडू, पोखरा सहित कई शहरों में कर्फ्यू**

**सोशल मीडिया फिर शुरू, बैन-भ्रष्टाचार के खिलाफ 12 हजार से ज्यादा प्रदर्शनकारी युवा सुबह संसद में घुसे थे, सेना की फायरिंग में करीब 200 लोग घायल भी हुए**

**संसद, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति व पीएम आवास के पास के इलाकों में भी कर्फ्यू, तोड़फोड़ करने वालों को देखते ही गोली मारने के आदेश जारी**

**काठमांडू।** नेपाल में सुबह से जारी विरोध प्रदर्शन के बाद सोशल मीडिया फिर से शुरू कर दिया गया। इस प्रदर्शन में अब तक 20 लोगों की मौत हुई, जबकि 200 से ज्यादा घायल हो गए। इस प्रदर्शन की अगुआई 18 से 30 साल के युवाओं ने की।

सोशल मीडिया पर बैन और सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ सोमवार सुबह 12 हजार से ज्यादा प्रदर्शनकारी युवा संसद भवन परिसर में घुस गए, जिसके बाद सेना ने कई राउंड फायरिंग की। नेपाल के इतिहास में संसद में घुसपैठ का यह पहला मामला है। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रदर्शनकारियों ने संसद के गेट नंबर 1 और 2 पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद संसद भवन, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, पीएम आवास के पास के इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया गया। काठमांडू प्रशासन ने तोड़फोड़ करने वालों को देखते ही गोली मारने के आदेश दे दिए हैं। सोमवार को नेपाल के संसद भवन के बाहर पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। नेपाल सरकार ने 3 सितम्बर को फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब समेत 26 सोशल मीडिया साइट्स पर बैन लगाने का फैसला किया था। इन प्लेटफॉर्म ने नेपाल के संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में रजिस्ट्रेशन नहीं कराया था। इसके लिए मंत्रालय ने 28 अगस्त को आदेश जारी कर 7 दिन का समय दिया था, यह समय सीमा 2 सितम्बर को खत्म हो गई। युवाओं ने अन्य लोगों से भी आंदोलन में जुड़ने की अपील की है। इसके लिए क्यूआर कोड वाले बैनर भी बनाए गए हैं। युवाओं का कहना है कि उनका बोलना भी सरकार के लिए अपराध है। बढ़ते विरोध प्रदर्शन के बीच नेपाल ने भारत से लगी कई सीमा पर कर्फ्यू लगा दिया है। तराई क्षेत्र के कई शहरों में प्रदर्शन फैल गए हैं और प्रदर्शनकारी बदलाव की मांग को लेकर सड़कों पर उतर आए हैं। नेपाल में जारी विरोध प्रदर्शनों में अब तक मरने वालों की संख्या 20 पहुंच गई है। जबकि 200 से ज्यादा घायल हैं। कई जगह पर प्रदर्शनकारियों ने सेना पर पथराव किया है। नेपाल में सोशल मीडिया फिर से शुरू हो गया है। नेपाल में दोपहर 3:15 बजे के बाद बिना वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (वीपीएन) इस्तेमाल किए सारे सोशल मीडिया -शेष पृष्ठ दो पर




### उप्र के सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा और सतर्कता बढ़ी

पड़ोसी देश नेपाल में शुरू हुए युवाओं के हिंसक प्रदर्शन को देखते हुए उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है और विशेष सतर्कता बरती जा रही है। उत्तर प्रदेश के महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी और पीलीभीत जिलों की सीमा नेपाल सीमा से लगती है, जहां सशस्त्र सीमा बल और स्थानीय पुलिस सुरक्षा निगरानी करती है। बलरामपुर जिले में नेपाल में चल रहे आंदोलन को देखते हुए सीमा की सुरक्षा बढ़ा दी गई है और उधर से आने-जाने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

# उपराष्ट्रपति पद के लिए मतदान आज

शाह टाइम्स ब्यूरो

## लोकसभा के 542 मौजूदा सदस्य व राज्यसभा के 239 मौजूदा सदस्य ही डाल सकेंगे वोट



■ किसी भी उम्मीदवार को जीतने के लिए कम से कम 391 वोटों की आवश्यकता होगी

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति पद के लिए मंगलवार को मतदान होगा, जिसमें लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य हिस्सा लेंगे। मंगलवार को शाम तक नतीजे घोषित होंगे। इसके साथ ही देश को 50 दिन बाद जगदीप धनखड़ की जगह नया उपराष्ट्रपति मिलेगा। 21 जुलाई को धनखड़ के अचानक इस्तीफा देने के चलते चुनाव हो रहा है।

आंकड़ों में एनडीए को स्पष्ट बढ़त है। हालांकि संसद में विपक्ष की मजबूती से पिछले दो दशक में पहली बार मुकाबला करीबी हो सकता है। इस चुनाव में लोकसभा के 542 मौजूदा सदस्य और राज्य सभा के 239 मौजूदा सदस्य ही वोट कर सकेंगे। इस तरह निर्वाचन मंडल में इस समय 781 सदस्य हैं और किसी भी उम्मीदवार को जीतने के लिए कम से कम 391 वोटों की आवश्यकता होगी। मतदान नए संसद भवन में सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक होगा और मतों की गिनती शाम छह बजे से होगी।

### बीआरएस व बीजू जनता दल उपराष्ट्रपति चुनाव के मतदान में हिस्सा नहीं लेंगी

**नई दिल्ली।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) उपराष्ट्रपति पद के लिए मंगलवार को होने वाले मतदान में हिस्सा नहीं लेगी। बीआरएस सांसद केआर सुरेश रेड्डी ने कहा कि बीआरएस ने मतदान में हिस्सा लेने और नहीं लेने को लेकर सभी विकल्पों पर विचार करने के बाद निर्णय लिया है कि पार्टी के सांसद मतदान में हिस्सा नहीं लेंगे। उधर बीजू जनता दल ने उपराष्ट्रपति पद के लिए मतदान में हिस्सा नहीं लेने का निर्णय लिया है। बीजद सांसद सस्मित पात्रा ने यहां पत्रकारों से कहा कि बीजू जनता दल ने उपराष्ट्रपति पद के लिए मंगलवार को होने वाले चुनाव में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है।

## हरिद्वार-ऋषिकेश रेल रूट पर लैंडस्लाइड, लोहे का ढांचा क्षतिग्रस्त

■ पंजाब में 296.4 एमएम ज्यादा बारिश, हिमाचल में 824 सड़कें बंद

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड में हरिद्वार-ऋषिकेश रेल रूट पर सोमवार सुबह काली मंदिर के पास लैंडस्लाइड हुई। पहाड़ी से बड़े-बड़े पत्थर ट्रैक पर बने लोहे के स्ट्रक्चर पर गिरे। इसके कारण स्ट्रक्चर क्षतिग्रस्त हो गया। मलबा ट्रैक पर आ गिरा। अब रूट बाधित है। कई ट्रेनों को रोक गया है। ट्रैक से मलबा हटाया जा रहा है।

इधर, राजस्थान में तेज बारिश के बाद कई इलाकों में बाढ़ की स्थिति है। नदी-नाले ओवरफ्लो होने से सोमवार को 8 जिलों, उदयपुर, सलूंबर, जालोर, डूंगरपुर, सिरोही, बाड़मेर, जैसलमेर और बालोतरा में स्कूल बंद हैं। पंजाब के 23 जिलों के करीब 2 हजार गांव बाढ़ की चपेट में हैं। इनकी 3 लाख 84 हजार की आबादी प्रभावित है। 12 जिलों के 46 लोगों की बाढ़-बारिश में जान गई। 12 दिन बाद आज राज्य के सभी जिलों में स्कूल-कॉलेज खुले हैं। हथिनी कुंड बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद उत्तर प्रदेश के मथुरा के वृंदावन में हालात बिगड़े हैं।

## कुलगाम में मुठभेड़ जारी, दो आतंकी ढेर एक जवान बलिदान

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच जारी मुठभेड़ में अब तक दो आतंकियों को मार गिराया गया है, जबकि भारतीय सेना का एक जवान बलिदान हो गया है। इस मुठभेड़ में दो अन्य जवान घायल भी हुए हैं। ऑपरेशन अब भी जारी है। तलाशी अभियान के दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग की। इसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाब दिया। फायरिंग में एक अफसर के घायल होने की खबर है। दोनों तरफ से तेज गोलीबारी हुई। खबर मिली है कि एक अफसर घायल हो गया है।

# मेहुल चोकसी को जेल में मिलेंगी सभी जरूरी सुविधाएं

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ गृह मंत्रालय ने दिया भारत की ओर से बेल्जियम सरकार को मानवीय व्यवहार का आश्वासन

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक में 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी से जुड़े मामले में वांछित भगोड़े आरोपी मेहुल चोकसी के भारत प्रत्यर्पण की कवायद के बीच गृह मंत्रालय ने उसके साथ जेल में मानवीय व्यवहार का आश्वासन दिया है और बेल्जियम सरकार को जेल की व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए इस संबंध में व्यक्त की गई सभी चिंताओं का जवाब दिया है।

हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी सात वर्ष पहले देश से फरार हो गया था लेकिन इससे एक वर्ष पहले ही उसने 2017 में ही एंटीगुआ-बारबूडा की नागरिकता ले ली थी। चोकसी खराब सेहत का हवाला देकर भारत में पेशी पर आने से इन्कार करता रहा है। मामले की सुनवाई के दौरान उसकी कभी-कभार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये ही पेशी हो सकी है। इस मामले में सरकार ने उसकी कई संपत्तियां भी जब्त की हैं। चोकसी को भारतीय जांच एजेंसियों के प्रत्यर्पण की अपील पर 12 अप्रैल को बेल्जियम में गिरफ्तार किया गया था। चोकसी के साथ उसका भतीजा नीरव मोदी भी इस मामले में आरोपी है। सूत्रों के अनुसार गृह मंत्रालय ने बेल्जियम के न्याय मंत्रालय को पत्र लिखकर आश्वासन दिया है कि यदि मेहुअल चोकसी का भारत प्रत्यर्पण किया जाता है, तो उसे मुंबई की आर्थर रोड़ जेल में रखे जाने की योजना है। इस जेल में उसके साथ मानवीय व्यवहार किया जाएगा और वहां सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। गृह मंत्रालय की ओर से यह भी आश्वासन दिया गया है कि चोकसी को कानूनी सहायता भी दी जाएगी। पत्र में बताया गया है कि चोकसी को मुंबई की आर्थर रोड जेल की बैरक नंबर 12 में रखा जाएगा। इस बैरक में छह लोगों के रहने की क्षमता है और सोने के लिए साफ, कॉटन की मोटी चटाई (गद्दा), तकिया, चादर और कंबल शामिल हैं। उसे पीने का साफ पानी और मेडिकल सुविधाएं भी दी जाएंगी। जरूरत पड़ने पर डाक्टरों की सलाह अथवा न्यायालय के आदेश पर उसे लकड़ी का बेड भी उपलब्ध कराया जा सकता है। चोकसी के वकील ने इस मामले को राजनीति से प्रेरित बताते हुए और चोकसी के खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए उनके प्रत्यर्पण का विरोध किया है। चोकसी की पत्नी बेल्जियम की नागरिक हैं और उसने अपनी पत्नी की मदद से 15 नवम्बर 2023 को बेल्जियम का 'एफ रेजिडेंसी कार्ड' ले लिया था। रिपोर्टों में कहा गया है कि यह कार्ड फर्जी दस्तावेजों के आधार पर लिया गया था। उसने अपनी भारतीय और एंटीगुआ की नागरिकता के बारे में भी बेल्जियम के अधिकारियों से जानकारी साझा नहीं की थी। चोकसी मई 2021 में एंटीगुआ से पड़ोसी देश डोमिनिका पहुंच गया था। वहां उसकी गिरफ्तारी की खबर मिलते ही केन्द्रीय जांच ब्यूरो की टीम उसके प्रत्यर्पण के लिए डोमिनिका पहुंच गई, लेकिन इसके पहले ही उसे एक बार फिर एंटीगुआ के हवाले कर दिया गया।

# ग्रेट निकोबार मेगा प्रोजेक्ट पर सोनिया गांधी ने जताया विरोध

■ कहा: आदिवासी समुदाय और वहां की विशिष्ट प्रकृति को भारी नुकसान पहुंचेगा

**नई दिल्ली।** पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने ग्रेट निकोबार मेगा प्रोजेक्ट के फैसले का विरोध करते हुए कहा है कि इससे द्वीप पर रहने वाले आदिवासी समुदाय और वहां की विशिष्ट प्रकृति को भारी नुकसान पहुंचेगा।

श्रीमती गांधी ने एक समाचार पत्र में एक लेख के जरिये केन्द्र सरकार पर निशाना साधा है कि इस मेगा प्रोजेक्ट की मंजूरी से लेकर इसके निर्माण के फ़ैसले तक में द्वीप पर रह रहे आदिवासियों के हितों की अनदेखी की गई है। श्रीमती गांधी ने ग्रेट निकोबार मेगा प्रोजेक्ट पर गंभीर सवाल उठाए हुए लिखा कि इस प्रोजेक्ट पर हजारों करोड़ रुपये खर्च होंगे, जिससे इससे द्वीप पर रहने वाले आदिवासी समुदाय और वहां की अनोखी प्रकृति को भारी नुकसान पहुंचेगा। उन्होंने लिखा कि पिछले 11 वर्षों में अधूरे नीति-निर्माण किए गए हैं। इस सुनियोजित श्रृंखला में नवीनतम है -ग्रेट निकोबार मेगा-इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजना, जिस पर होने वाला 72,000 करोड़ रुपये का बेतहाशा और गलत खर्च द्वीप के मूल आदिवासी समुदायों के अस्तित्व के लिए खतरा पैदा करता है।

# एक महीने में तीसरी बार चोरी

## कॉलेज में मचा हड़कंप, पुलिस ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** चोरों ने महामाया राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य कक्ष सहित अन्य कक्षों के ताले तोड़कर हजारों रुपये मूल्य का सामान चोरी करने के साथ ही कुछ सामान को तोड़फोड़ कर अस्त-व्यस्त कर दिया। 20 दिन के अंतराल में तीसरी बार हुई चोरी से महाविद्यालय प्रशासन हैरान है। प्राचार्य की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार महाविद्यालय के प्राचार्य मुकेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आज सुबह जब वे विद्यालय पंहुचे तो उन्होंने देखा कि महाविद्यालय की रसायन विज्ञान की प्रयोगशाला व प्राचार्य कक्ष के कमरे का डंडाला टूटा हुआ था। कमरों में सामान अस्त-व्यस्त था। प्राचार्य के अनुसार चोर टीएफटी, छात्रवृत्ति बॉयोमेट्रिक मशीन, फिंगर प्रिंट मशीन, 4 पेन ड्राइव, की-बोर्ड, 2 यूपीएस, 5 कैमरे सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए। इससे पहले भी चोर 19 अगस्त व 1 सिंतबर को महाविद्यालय में चोरी व तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दे चुके है, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई थी।



### चोरी का खुलासा न होने से स्टाफ में आक्रोश

**शेरकोट।** महामाया राजकीय महाविद्यालय मे 31 अगस्त की रात्रि में चोरी व 1 सितम्बर को महाविद्यालय में चोरी के मामले में लिखे गये मुकदमे के बावजूद अभी पुलिस द्वारा चोरों को गिरफ्तार न किये जाने से चोरों के हौंसले इतने बुलंद हो गये की तीन सप्ताह में तीन बार चोरी हो गई है, जिससे महाविद्यालय स्टाफ में आक्रोश है।

# बिजनौर की बेटी का भारतीय नौकायन टीम में चयन

### बाल निकेतन बास्टा की पूर्व छात्रा है पायल सिद्धू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बाल ज्ञान निकेतन इंटर कॉलेज, बास्टा की पूर्व प्रतिभाशाली छात्रा पायल सिद्धू का भारतीय नौकायन (ड्रैगन बोट) टीम में चयन होते ही न सिर्फ विद्यालय, बल्कि पूरे जिले में उत्साह और गर्व की लहर दौड़ गई।

शिक्षक दिवस समारोह के अवसर पर मिली इस बड़ी खबर ने पूरे विद्यालय को तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजा दिया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक सुनीलदत्त शर्मा ने बताया कि ग्राम मंडैयो निवासी पायल की खेल यात्रा कबड्डी से शुरू हुई। विद्यालय की कबड्डी अकादमी में कोच शुभम तोमर और मनित ढाका की देखरेख में उन्होंने प्रतिभा के नए आयाम छुए। शुभम तोमर ने उनकी क्षमता को पहचानते हुए उन्हें भोपाल की साई एकेडमी में दाखिला दिलवाया, जहां कोच ने उनकी फिटनेस और दृढ़ इच्छाशक्ति देखकर उन्हें नौकायन की राह पर मोड़ा, परिणाम अद्भुत रहा। पायल ने राष्ट्रीय स्तर पर पांच स्वर्ण पदक जीतकर अपने परिवार, विद्यालय और जिले का मान बढ़ाया। हाल ही में भोपाल के लोअर लेक में आयोजित सीनियर नेशनल ड्रैगन बोट चैंपियनशिप में उनके प्रदर्शन से प्रभावित होकर उनका चयन भारतीय टीम में किया गया। अब पायल सिद्धू 20 से 24 अक्टूबर को थाईलैंड के पटाया-रयोंग में होने वाली एशियाई ड्रैगन बोट चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। यह वही मंच है, जहां एशिया की दिग्गज टीमें जल की लहरों पर ताकत और तालमेल का जौहर दिखाती हैं। विद्यालय के पीटीआई मोहित चौधरी ने बताया कि भारतीय टीम का प्रशिक्षण शिविर 14 सितम्बर से सुखना लेक, चंडीगढ़ में शुरू होगा। पूरे क्षेत्र में पायल की इस सफलता पर गर्व और खुशी का माहौल है। हर कोई यही कह रहा है कि बिजनौर की बेटी अब एशिया की लहरों पर तिरंगा लहराएंगी।

## एक नजर

### कवि सम्मेलन व मुशायरे का आयोजन



**नगीना।** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस शिक्षक दिवस के मौके पर एक कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का आयोजन एकेएम इंटर कॉलेज में सामरी साहित्य कला अकादमी के तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता केके विश्नोई एवं संचालन हुड़दंग नगीनवीं ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पालिका सभासद असलम सिद्दीकी ने कहा कि शिक्षा इंसान को जिंदगी जीने का सही तरीका बताती है। इस मौके पर काव्य गोष्ठी में शायर डॉ. आलमगीर काजमी ने कहा कि अजीब यास अजब बेकसी का मंजर है, वो हंस के बोल रहे हैं, बगल में खंजर है। शायर डॉ. इमरान सागर ने कहा कि हकीकत इतनी है बस जिंदगी की कोई कीमत नहीं है आदमी की। शायर तसलीम अहमद तसलीम ने कहा कि जमाना आज भी ठोकर में होता, अगर सुन्नत पे चलते सब नबी की। शायर अकरम नगीनवी ने कहा कि पहले तो मेरे हाथ से शमशीर छीन ली, फिर दुश्मनों की भीड़ में लाया गया मुझे। रईस अहमद राज ने कहा ठहर ए दिल मुझे दीदार फसले गुल का करने दे, खबर क्या हो न हो फिर इस चमन में वापसी अपनी। कवि निशीत गर्ग एड. ने कहा इस तरह कि किया जाएगा मुश्किलों का सामना, जिस तरह से चांद करता बदलियों का सामना। हुड़दंग नगीनवीं ने कहा इस तरह का जोशे उल्फत आजकल जमाने में कल हुई। जिस की जमानत आज फिर वो थाने में। इंद्रजीत जोशी ने कहा मैं गजल पढ़ता हूं, सजदा नहीं करता जमाने में मेरी इबादत का तरीका भी अलग है। यह जमाने में। केके विश्नोई ने कहा कि कौमी एकता का जो देता प्यारा सा पैगाम यूपी में बिजनौर है उसका नाम। देर रात्रि तक चले कवि सम्मेलन एवं मुशायरे में नाजिम अहमद, वजीर अहमद, डॉ. अंजू विश्नोई, विशाल सैनी, फुरकान इंडियन ने अपने कलाम पेश किए। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. आलमगीर काजमी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### ब्लॉक परिसर में भाकियू की बैठक



**नहटौर।** ब्लॉक परिसर में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक पंचायत में वक्ताओं ने कहा कि आगामी गन्ना सत्र में गन्ने का मूल्य रूपए 500 प्रति कुंतल किया जाए। इसके अलावा गन्ने की अर्ली प्रजाति के साथ सामान्य व रिजेक्ट प्रजाति की पर्ची अभी साथ-साथ दी जाए। निराश्रित गोवंशों को पकड़वाकर गौशाला भिजवाया जाए। इसके अलावा बाढ़ ग्रस्त इलाको में जो किसानों का नुकसान हुआ है, उसका मुआवजा भी शीघ्र दिलाया जाए। न्याय पंचायत बैरमाबाद गढ़ी से राज बहादुर सिंह व शाहकरमपुर गिलाड़ी न्याय पंचायत से उज्जवल सिंह को न्याय पंचायत अध्यक्ष बनाया गया है। इस मौके पर तेजवीर सिंह, धर्मवीर सिंह, अनुज कुमार, अक्षय चौधरी, सुभाष कुमार, जॉनी कुमार, राजीव कुमार, राजेश सिंह, दिनेश कुमार, राजवीर सिंह, सतीश कुमार, कार्मेंद्र सिंह, नागेंद्र कुमार, टीकम सिंह, सौवीर सिंह, अर्जुन त्यागी, मनोज कुमार, सतीश कुमार, उज्जवल ढाका, अनुज त्यागी आदि मौजूद रहे।

### ग्रामीणों ने किया टावर का विरोध



**शेरकोट।** मौहल्ला काजी सराय स्थित काजियों के कब्रिस्तान की भूमि पर निजी बारात घर स्वामी ने अपनी जगह पर प्राइवेट कम्पनी का मोबाइल टावर लगाने का कार्य शुरू कराने हेतु टावर को विद्युत आपूर्ति देने के लिए ट्रांसफार्मर कब्रिस्तान की जमीन पर रखने की तैयारी की जा रही थी। इसकी भनक लगते ही स्थानीय लोगों ने आपत्ति जताते हुए जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। टॉवर लगने के विरोध करने मे सभासद जावेद आलम,फुरकान महमूद अंसारी,वसीम अहमद,आफताब आलम, नवेद आलम, रईस, फैजान, अफाक, इस्लाम कुरैशी सहित आदि लोग मौजूद रहे। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे बिजली विभाग के जेई मोईनुद्दीन ने हालात देखते हुए फिलहाल उच्चाधिकारियों के आदेश तक कार्य रुकवा दिया।

### अभद्र व्यवहार पर वेतन रोका

**बिजनौर।** ग्राम लक्खीवाला की रहने वाली एक महिला ने एक नर्सिंग होम में कार्यरत कम्पाउंडर पर अभद्र व्यवहार करने और चिकित्सक द्वारा उसका वेतन न दिए जाने का आरोप लगाया है। महिला ने कहा कि कम्पाउंडर की शिकायत करने पर डॉक्टर ने उल्टे उसे ही धमकाकर नर्सिंग होम से निकाल दिया और वेतन भी नहीं दिया।

## मारपीट का आरोपी गिरफ्तार



**चांदपुर।** मौहल्ला काजीसराय निवासी समर पुत्र मरगूबुर्रहमान ने पुलिस को दिये प्रार्थना पत्र में कहा कि मौहल्ले के ही कलीम अहमद पुत्र मौहम्मद अली ने उसके साथ अकारण गाली गलौच व मारपीट की थी। विरोध करने पर उसने जान से मारने की धामकी भी दी। पीड़ित का कहना है कि आरोपी कलीम से उसे व उसके परिवार को हर समय जान माल का खतरा है। वादी द्वारा अपनी व अपने परिवार की जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए आरोपी के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही किये जाने की गुहार लगाई थी। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर आरोपी कलीम पुत्र मौहम्मद अली के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# तहसील स्तरीय प्रधानाचार्यों की बैठक

## शिक्षा व्यवस्था से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर की गई चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कन्या इंटर कॉलेज में तहसील स्तरीय प्रधानाचार्यों की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरण यादव ने की।

इस अवसर पर तहसील के सभी राजकीय, अशासकीय, सहायता प्राप्त एवं वित्तविहीन विद्यालयों के प्रधानाचार्य मौजूद रहे। बैठक में शिक्षा व्यवस्था से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई।



जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि इंस्पाक अवार्ड के आभार कार्य, छात्रवृत्ति, बोर्ड परीक्षा हेतु रजिस्ट्रेशन व फीस की स्थिति को समय पर पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत फोटो अपलोड करने और सत्र 2025-26 की कक्षावार छात्र संख्या की जानकारी समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

बैठक में नोडल अधिकारी ओम नारायण व शरद कुमार, विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती सविता रानी, प्रधानाचार्य सुभाष कुमार (केएम इंटर कॉलेज धामपुर), ओम प्रकाश यादव (आरएसएम इंटर कॉलेज धामपुर), होरी सिंह (बमनोली), नरेश कुमार (मनकुआ), शिक्षक कमेन्द्र जी (सरस्वती विद्या मंदिर धामपुर), प्रधानाचार्या आभावती (लाला केदारनाथ धामपुर), इंद्रव. ीर सिंह, शांति बाई (मुकरपुरी), ज्ञान सिंह यादव (जैतरा) सहित कई प्रधानाचार्य व शिक्षक उपस्थित रहे।

बैठक के समापन पर विद्यालय की प्रधानाचार्या रेखा देवी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## हमजा ने यूपी स्टेट चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल जीता

**नजीबाबाद।** शूटिंग रेंज जयपुर में आयोजित 48वीं अप स्टेट शूटिंग ओएसिस चैम्पियनशिप में नजीबाबाद के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एसएम परवेज के बेटे हमजा परवेज ने 50 मीटर-3 पोजीशन राइफल जूनियर मैन्स कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीतकर नगर व जनपद का नाम रोशन किया है। हमजा के पिता डॉ. एसएम परवेज ने 50 मीटर राइफल मास्टर मेंस कैटेगरी में ब्रांज मेडल जीता। रेनॉल्ड शूटिंग कैटेगरी के अब्दुल्ला परवेज व डॉ. एसएम परवेज के प्रदर्शन में बिजनौर शूटिंग को ब्रांज मेडल दिलवाया है। जिसकी क्षेत्र के लोगों ने सराहना की है।

# एमएम कॉलेज में क्षेत्रीय कबड्डी टूर्नामेंट

### हिंदू इंटर कालेज चांदपुर रहा विजेता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** एमएम इंटर कॉलेज में माध्यमिक स्कूलों की क्षेत्रीय कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन कॉलेज कमेटी प्रबंधक मुमताज अहमद व प्रिंसिपल हाजी मौहम्मद ताहिर ने संयुक्त रूप से किया। टूर्नामेंट में तहसील के विद्यालयों की काफी टीमों ने प्रतिभाग किया।



टूर्नामेंट में संस्था प्रबंधक मुमताज अहमद, प्रबंधन समिति सदस्य डॉ. मुनीर खालिद, प्रधानाचार्य मौहम्मद ताहिर, प्रख्यात शायर शकील जमाली ने प्रतियोगिता में कई टीमों से परिचय प्राप्त किया तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों में रऊफ अहमद, दानिश मुमताज, सदस्य एमएम इंटर कॉलेज भी उपस्थिति रहे। कबड्डी प्रतियोगिता के आयोजन में कॉलेज के पीटीआई राशिद अली का विशेष योगदान रहा जबकि कॉलेज के समस्त स्टॉफ शिक्षक व कार्यालय वरिष्ठ लिपिक मौहम्मद आजिफ फारुकी व कर्मचारीगण स्टाफ का भी योगदान रहा। कॉलेज के प्रबंधक तथा प्रबंधन समिति के सदस्यों ने उपस्थित रहकर प्रतियोगिता का पूर्ण आनंद लिया। रेफरी पद की जिम्मेदारी मनीष ढाका तथा शुभम चौधरी ने निष्पक्ष रूप से निभाई तथा स्कोटिंग शोएब कुरैशी तथा इमरान अहमद ने की और टाइम कीपर का कार्य चांद खां और नवाज शरीफ में संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता में अनुशासन बनाये रखने मे विद्यालय के पूरे स्टाफ का सहयोग मिला।

उधर कॉलेज की टीमों के प्रमाण पत्र की जांच और चयन में हिंदू इंटर कॉलेज के पूर्व प्रवक्ता विपिन चंद्र पांडे का उत्कृष्ट खिलाड़ियों के चयन प्रक्रिया में विशेष सहयोग रहा। प्रतियोगिता के परिणाम में हिंदू इंटर कॉलेज चांदपुर प्रथम रहा जबकि उपविजेता के रूप में लोकप्रिय इंटर कॉलेज चांदपुर रहा। अंडर-19 मे विजय टीम में एमएम इंटर कॉलेज चांदपुर और उपविजेता के रूप में बाल ज्ञान निकेतन इंटर कॉलेज बाष्ठा रहा। अंडर 17 में विजेता हिंदू इंटर कॉलेज चांदपुर प्रथम रहा, उपविज. ेता बाल ज्ञान निकेतन इंटर कॉलेज बाष्ठा रहा। इसी क्रम के सेकिंड राउंड मे एमएम इंटर कॉलेज चांदपुर प्रथम रहा और उपविजयता पुखरान इंटर कॉलेज ठेठ रहा। चौराहा थर्ड में एमएम इंटर कॉलेज चांदपुर विजेता रहा। अंडर 14 में बाल ज्ञान निकेतन इंटर कॉलेज बाष्ठा की टीम रही। जबकि उपविजेता हिंदू इंटर कॉलेज चांदपुर की टीम रही। थर्ड मे एम एम इंटर कॉलेज की टीम रही। प्रतियोगिता पश्चात कॉलेज के प्रबंधक मुमताज अहमद तथा प्राचार्य हाजी मौहम्मद ताहिर ने सभी प्रतिभाग करने वाली टीम व उनके मैनेजर तथा स्टाफ का धन्यवाद अदा किया। प्रतियोगिता में विजयी टीमों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल बने समाजसेवी चौधरी फईमुरहमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर अपनी गंगा-जमुनी तहजीब, मौहब्बत और भाईचारे के लिए दूर-दूर तक जाना जाता है। यहां हर धर्म और मजहब के लोग एक-दूसरे के त्यौहारों में शामिल होकर इंसानियत का पैगाम देते हैं।



इस परंपरा को आगे बढ़ाने में नगर के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और समा. जसेवी चौधरी फईमुरहमान हमेशा अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं। चाहे गणेश चतुर्थी का जुलूस हो या जुलूस-ए-मौहम्मदी ईद का त्यौहार या फिर होली का पर्व चौधरी फईमुरहमान हर मौके पर बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं और सभी धर्मो का समान करते हुए भाईचारे का संदेश देते हैं। इसी कारण नगर के लोग उन्हें गंगा-जमुनी तहजीब की असली पहचान मानते हैं। गणेश चतुर्थी के अवसर पर एक कार्यक्रम में चौधरी फईमुरहमान को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान नगरवासियों ने कहा कि चौधरी फईमुरहमान जैसे नेता न सिर्फ राजनीति में सक्रिय हैं, बल्कि सामाजिक क्षेत्र में भी इंसानियत और सेवा की मिसाल कायम कर रहे हैं। राजनीति में रहते हुए भी चौधरी फईमुरहमान का सबसे बड़ा उद्देश्य हमेशा जनता की सेवा और उनकी समस्याओं को हल करना रहा है। लोगों का कहना है कि चौधरी फईमुरहमान राजनीति को केवल सत्ता प्राप्ति का साधन नहीं मानते, बल्कि समाज सेवा और भाईचारे को ही असली राजनीति मानते हैं। यही वजह है कि वे हर वर्ग और हर मजहब के बीच एक पुल का काम कर रहे हैं। आज जब समाज में धर्म और मजहब के नाम पर दीवारें खड़ी करने की कुछ लोगों की कोशिशें होती हैं, तो चौधरी फईमुरहमान जैसे नेता सभी को जोड़ने का काम कर रहे हैं।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**योगी ने...** प्रभावित तीन पड़ोसी राज्यों, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के लिए राहत सामग्री भरे वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने यह भी घोषणा कि उत्तर प्रदेश सरकार अपनी 25 करोड़ जनता की ओर से हिमाचल और उत्तराखंड को राहत कोष में पांच-पांच करोड़ धनराशि भी दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य मंत्री बृजेश सिंह उत्तराखंड के लिए और राज्य मंत्री जसवंत सिंह हिमाचल प्रदेश के लिए और सहारनपुर के नगर विधायक राजीव गुंबर पंजाब के लिए राहत सामग्री और पांच-पांच करोड़ की धनराशि का चैक के साथ भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश इन तीनों राज्यों की आपदा पीड़ित जनता के साथ खड़ा हुआ है। योगी ने कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत-श्रेष्ठ भारत के आह्वान को साकार करने में जी-जान से संकल्पबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल और उत्तराखंड में कई स्थानों पर बादल फटने से भयंकर विभीषा आई। हमारी गहरी संवेदनाएं तीनों राज्यों के पीड़ितों के साथ हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश का जिक्र करते हुए कहा कि हमने बाढ़ और भारी वर्षा से होने वाली आपदाओं से बचाव को व्यापक स्तर पर ऐहतियाती कदम उठाए थे, जिससे प्रदेश के 25 करोड़ लोगों को बड़े पैमाने पर राहत मिली। राज्य सरकार भारी बारिश से खेतों में हुए जलभराव के कारण हुए नुकसान की पड़ताल करा रही है और रिपोर्ट मिलते ही नियमानुसार किसानों को मुआवजा दिया जाएगा।

**नेपाल में....** प्लेटफॉर्म चल रहे हैं। नेपाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को 7 दिन के भीतर रजिस्ट्रेशन कराने का आदेश दिया था। सरकार का तर्क था कि रजिस्ट्रेशन के बिना ये प्लेटफॉर्म्स देश में फेक आई, हेट स्पीच, साइबर क्राइम और गलत सूचनाएं फैलाने के लिए इस्तेमाल हो रहे थे। तय समय सीमा के भीतर रजिस्ट्रेशन नहीं कराने पर सरकार ने 4 सितम्बर को 26 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बैन लगा दिया था। इसमें व्हाट्सअप, फेसबुक, यूट्यूब जैसे बड़े प्लेटफॉर्म थे। टिकटॉक, वाइबर जैसे प्लेटफॉर्म पर बैन नहीं लगा, क्योंकि उन्होंने समय पर रजिस्ट्रेशन करा लिया था। नियमों के मुताबिक हर कंपनी को नेपाल में लोकल ऑफिस रखना, गलत कंटेंट हटाने के लिए लोकल अधिकारी नियुक्त करना और कानूनी नोटिसों का जवाब देना जरूरी कर दिया गया है। इसके साथ ही सरकार के साथ यूजर डेटा शेयर करने के नियम भी मानना जरूरी कर दिया गया। कंपनियों को डेटा-प्राइवेसी और अभिव्यक्ति की आजादी के मामले में ये शर्तें बहुत सख्त लग रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत या यूरोप जैसे बड़े देशों में कंपनियां लोकल प्रतिनिधि रख लेती हैं, क्योंकि वहां यूजर बहुत ज्यादा हैं। लेकिन नेपाल का यूजर बेस छोटा है, इसलिए कंपनियों को यह बेहद खर्चीला लगा। अगर कंपनियां नेपाली सरकार की यह शर्त मान लेती हैं, तो उन पर अन्य छोटे देशों में भी इन नियमों को पालन करने का दबाव पड़ता, जो काफी खर्चीला है। यही वजह रही कि पश्चिमी कंपनियों ने नेपाल सरकार की शर्त नहीं मानी और तय समय पर रजिस्ट्रेशन नहीं कराया। पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने सरकार से 18 से 30 साल के युवाओं की मांगों पर ध्यान देने की अपील की है। पूर्व पीएम ने एक प्रेस नोट जारी करते हुए कहा कि स्थिति को और बिगड़ने से रोकने के लिए सरकार को जिम्मेदारी से ठोस कदम उठाने चाहिए। संसद में मुख्य विपक्षी दल के नेता प्रचंड ने पुलिस गोलीबारी में मारे गए युवाओं को श्रद्धांजलि भी दी। नेपाल के पूर्व वित्त सचिव रामेश्वर खनाल ने कहा कि सरकार के मनमाने और गलत फैसले और सुशासन देने में नाकामी के चलते युवाओं का गुस्सा बढ़ गया है। बड़े-बड़े भ्रष्टाचार के घोटाले और सरकारी नियुक्तियों की खरीद-फरोख्त सुनते-समझते आ रहे युवा पीढ़ी में गुस्सा बढ़ रहा है।

# एकेटीयू दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि होंगे शुभांशु

**लखनऊ, वार्ता**

डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के मंगलवार को होने वाले दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला शामिल होंगे।

समारोह के दौरान सुभांशु को डी लिट की मानद उपाधि से भी सम्मानित किया जाएगा। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल करेंगी। सोमवार को विवि के रज्जू भैया सभागार में दीक्षांत समारोह को लेकर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान विश्व. विद्यालय के कुलपति प्रोफेसर जेपी पांडे ने बताया कि समारोह के विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल शामिल होंगे। इस बार समझ के दौरान कुल 88 पदक दिए जाएंगे। जिसमें 37 स्वर्ण पदक 26 रजत पदक एवं 25 कांस्य पदक मेधावियों को दिए जाएंगे। इसके अलावा



53943 छात्रों को विभिन्न पाठ्यक्रमों में डिग्री प्रदान की जाएगी। जबकि 86 छात्रों को पीएचडी अवार्ड होगी। प्रोफेसर जेपी पांडेय ने बताया कि प्रदेश में उद्यमिता एवं नवाचार की संस्कृति विकसित करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए दीक्षांत समारोह के दौरान इस बार 6 श्रेणियां में स्टूडेंट स्टार्टअप अवार्ड दिया जाएगा। इसमें एक अवॉर्ड वूमेन लीड स्टार्टअप अवार्ड दूसरा बेस्ट सोशल इंपैक्ट स्टार्टअप अवार्ड तीसरा टेक इन्नोवेशन स्टार्टअप अवार्ड चौथा एक्सेसिबिलिटी अवार्ड पांचवा सस्टेनेबिलिटी चैंपियन और छठां हेल्थ इनोवेशन स्टार्टअप अवार्ड शामिल है।

# आवारा कुत्तों के बेहतर प्रबंधन पर शहरी निकाय पुरस्कृत होंगे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार आवारा कुत्तों की नसबंदी, टीकाकरण और भोजन कार्यक्रमों के बेहतर क्रियान्वयन करने वाले शहरी स्थानीय निकायों और एनजीओ को पुरस्कृत करेगी।

अधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि सरकार ने कुत्तों के जीवन के स्थानीय पहलू को ध्यान में रखते हुए 'उपयुक्त भोजन स्थलों' की पहचान करने और उन्हें चिह्नित करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों ने बताया कि उच्चतम न्यायालय के 22 अगस्त के आदेश के अनुरूप राज्य के व्यापक निर्णय के तहत 4 सितम्बर को जारी इस कदम का उद्देश्य एबीसी कार्यक्रम के प्रभावी और वैज्ञानिक कार्यान्वयन को बढ़ावा देना है, साथ ही जमीनी स्तर पर उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देना भी है। दरअसल राज्य सरकार के इस आदेश का मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश के प्रत्एक नगरपालिका वार्ड में आवारा कुत्तों के लिए सुरक्षित

**उच्चतम न्यायालय के 22 अगस्त के आदेश के अनुरूप राज्य सरकार का महत्वपूर्ण निर्णय**

और जिम्मेदार भोजन स्थलों का निर्धारण करना है। इस कदम से यह सुनिश्चित होगा कि कुत्तों को उनके क्षेत्र में ही भोजन दिया जाए, ताकि संघर्ष कम हो, सार्वजनिक स्थानों की सुरक्षा हो और सहानुभूतिपूर्ण देखभाल को बढ़ावा मिले। राज्य सरकार के आदेश में कहा गया है, नसबंदी, टीकाकरण और आहार प्रबंधन में अच्छे परिणाम प्राप्त करने वाले शहरी स्थानीय निकायों और संगठनों को राज्य सरकार द्वारा प्रोत्साहित एवं पुरस्कृत किया जाएगा। इस आदेश का उद्देश्य सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना, करुणामयी देखभाल को बढ़ावा देना, जन सुरक्षा सुनिश्चित करना और सामुदायिक भागीदारी को मज़बूत करना है। उप्र पशु जन्म नियंत्रण निगरानी समिति की सदस्य गौरी मौलेखी ने कहा कि करुणा और दया की भावना शासन का एक स्तंभ और राष्ट्र की विरासत है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# निवेश, नवाचार और औद्योगिक विकास की ऊंचाइयों को छू रहा

## देवभूमि उत्तराखण्ड

**सतत् विकास को गति**





उत्तराखण्ड में दिसंबर 2023 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के बाद निवेश के रूप में हुए, एक लाख करोड़ रुपए की सफल ग्राउंडिंग का उत्सव मनाया गया। इस मौके पर गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य सरकार के प्रयासों की जमकर तारीफ करते हुए, केंद्र सरकार से भरपूर सहायता का आश्वासन दिया।

केन्द्रीय गृह मंत्री द्वारा कुल 1312.84 करोड़ रुपये की योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जिसमें 1263.5 करोड़ की 16 योजनाओं का शिलान्यास और 79.34 करोड़ की 04 योजनाओं का लोकार्पण किया गया।

**ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के दौरान हुए एमओयू और ग्राउंडिंग**

**ऊर्जा** - कुल 1,03,459 करोड़ के 157 एमओयू (रोजगार 8,472) में ग्राउंडिंग 40341 करोड़ रुपए

**उद्योग** - कुल 78,448 करोड़ के 658 एमओयू, (रोजगार 44,663) में ग्राउंडिंग 34086 करोड़ रुपए

**आवास** - कुल 41,947 करोड़ के 125 एमओयू, (रोजगार 5,172) में ग्राउंडिंग 10055 करोड़ रुपए

**पर्यटन** - कुल 47,646 करोड़ के 437 एमओयू, (रोजगार 4694) में ग्राउंडिंग 8635 करोड़ रुपए




### उत्तराखण्ड निवेश उत्सव - 2025
### ₹1 लाख करोड़ के निवेश की ग्राउंडिंग

**उच्च शिक्षा** - कुल 6,675 करोड़ के 28 एमओयू, (रोजगार 4428) में ग्राउंडिंग 5116 करोड़ रुपए

**अन्य**- कुल 79,518 करोड़ के 374 एमओयू, (रोजगार 13898) में ग्राउंडिंग 3292 करोड़ रुपए।

" प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी की उपस्थिति में ₹1 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ। यह हमारी सरकार की विकास और रोज़गार के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। मैं सभी निवेशकों और केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करता हूँ। यह निवेश उत्तराखण्ड को आत्मनिर्भर बनाने और युवाओं के लिए नए अवसर पैदा करने में मील का पत्थर साबित होगा। "

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

" मैं उत्तराखण्ड सरकार को पिछले कुछ वर्षों में हासिल की गई उपलब्धियों के लिए बधाई देता हूं। यह पर्यटन और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर निरंतर नीतिगत प्रोत्साहन और इस पर ध्यान देने से ही संभव हुआ है। साथ ही, राज्य ने बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जो सतत् विकास के लिए नए मानक स्थापित करता है। अपने प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग और पर्यटन को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता ने न केवल यहां की अर्थव्यवस्था को मजबूती दी है, बल्कि वैश्विक मंच पर राज्य ने अपनी क्षमता को प्रदर्शित किया है। मैं समावेशी विकास के लिए राज्य के समर्पण की सराहना करता हूँ और आने वाले वर्षों में इसकी निरंतर सफलता की आशा करता हूँ। "

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

## आयुष नीति 2023 स्वास्थ्य और पर्यटन का समग्र विकास



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मिशन के अनुरुप आयुष नीति 2023 का लक्ष्य उत्तराखण्ड को समग्र स्वास्थ्य केंद्र के रुप में स्थापित करना है।**

उत्तराखण्ड अपने आध्यात्मिक महत्व और हिमालयी खूबसूरती के लिए प्रसिद्ध है। साथ ही, यह योग और प्राकृतिक उपचार के केंद्र के रूप में भी अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कर चुका है। आयुष नीति 2023 इस विरासत को आगे बढ़ाती है, ग्रामीण और शहरी दोनों स्थानों पर आयुष वेलनेस सेंटर, रिट्रीट और थेरेपी हब के निर्माण को बढ़ावा देकर राज्य को एक समग्र वेलनेस डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने की सुविधा प्रदान करती है।

नीति का एक मूलभूत उद्देश्य आयुष आधारित स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप एक मजबूत बुनियादी ढांचा तैयार करना है।

इसमें विशेष रूप से पर्यटन स्थलों पर एकीकृत आयुष अस्पताल और पंचकर्म केंद्र स्थापित करना शामिल है। साथ ही, यह नीति स्वास्थ्य पर्यटन सुविधाओं को विकसित करने और प्रबंधित करने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) की सुविधा भी प्रदान करती है, जिससे गुणवत्ता, मापनीयता और स्थिरता सुनिश्चित होती है।

**राज्य सरकार स्थानीय युवाओं को आयुष चिकित्सक, योग प्रशिक्षक और स्वास्थ्य मार्गदर्शक के रूप में प्रशिक्षित करना चाहती है, जिससे नौकरी की संभावनाएं बढ़ेंगी और यहां आने वाले यात्रियों के अनुभव में भी सुधार होगा।**

यह नीति आयुष प्रथाओं में अनुसंधान और मानकीकरण का समर्थन करती है, जिससे वैश्विक ग्राहकों में भरोसे को बढ़ाने का प्रयास किया जाता है। राज्य सरकार आयुष पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मार्केटिंग कंपेन, यात्रा एजेंसियों, वेलनेस रिसॉर्टस व अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य संगठनों के साथ सहभागिताओं को प्रोत्साहित करने के संकल्प के साथ बढ़ रही है। आयुष सेवाओं को स्वास्थ्य बीमा योजनाओं एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म्स से जोड़ने का प्रस्ताव भी दिया गया है, जिससे इन सेवाओं की सुलभता बढ़े और वेलनेस पैकेजों की बुकिंग प्रक्रिया सरल हो सके।

आयुष नीति 2023 उत्तराखण्ड को समग्र उपचार और सतत् पर्यटन का वैश्विक केंद्र बनाने की परिकल्पना पर आधारित है। यह नीति राज्य को न केवल प्राकृतिक स्वास्थ्य साधनाओं के लिए एक शांतिपूर्ण आश्रय स्थल के रूप में स्थापित करती है, बल्कि पारंपरिक ज्ञान प्रणाली को आधुनिक पर्यटन के साथ जोड़ने की दिशा में एक मानक भी स्थापित करती है। इसके माध्यम से राज्य आर्थिक समृद्धि एवं सतत् विकास की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ा रहा है।

#ExploreUttarakhand
@DIPR_UK

अधिक जानकारी के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें
#udyoguttarakhand

## उद्योग एवं निवेश: पारिस्थितिकी विकास को मिल रही गति

**उत्तराखण्ड सरकार ने निवेशकों और उद्यमियों के लिए राज्य को पंसदीदा गंतव्य बनाने के लिए सक्रिय पहल की है। इसके अंतर्गत अनुकूल कारोबारी माहौल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई नीतियों और पहलों को लागू किया है।**

उत्तराखण्ड सरकार ने निवेश आकर्षित करने और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कई नीतियों को लागू किया है, जिससे राज्य कारोबार और नवाचार का केंद्र बन गया है।

**वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन:** वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन में 3.56 लाख करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर किए, जिसमें 1 लाख करोड़ रुपये के निवेश की ग्राउंडिंग हो चुकी है।

**स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप:** केंद्र सरकार ने उधम सिंह नगर के खुरपिया फार्म में एक स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप के निर्माण को मंजूरी दी।

**एमएसएमई नीति:** सरकार ने नए औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहित करने के साथ उद्यमिता और वित्तीय विकास को बढ़ावा देने के लिए एमएसएमई नीति पेश की।

**हाउस ऑफ हिमालयाज:** राज्य ने जैविक उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड की स्थापना की, जिसमें 27 उत्पादों को जीआई टैग प्राप्त हुए।




देहरादून में आयोजित वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन 2023 में उत्तराखण्ड सरकार के ब्रांड 'हाउस ऑफ हिमालयाज' का शुभारंभ करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी



इंवेस्टर्स समिट

## उत्तराखण्ड मेगा इंडस्ट्रियल और इन्वेस्टमेंट नीति 2025
## बड़े निवेश और औद्योगिक विकास को नई दिशा

**इस नीति का उद्देश्य हिमालयी राज्य को निवेशकों की पहली पसंद बनाने के लिए तैयार करना है**

उत्तराखण्ड मेगा इंडस्ट्रियल और निवेश नीति 2025 का उद्देश्य राज्य को बड़े पैमाने पर निवेश के लिए पंसदीदा गंतव्य बनाना है। यह नीति सूचना की तारीख से पांच वर्ष तक प्रभावी रहेगी। यह नीति सिंगल-विंडो सिस्टम के माध्यम से आवेदन करने वाली इकाइयों को वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करती है।

इसमें उद्यमों को चार निवेश श्रेणियों में विभाजित किया गया है, जिसमें बड़े (50-200 करोड़ रुपये), अल्ट्रा लार्ज (200-500 करोड़ रुपये), मेगा (500-1000 करोड़ रुपये) और अल्ट्रा मेगा (1000 करोड़ रुपये से अधिक) को शामिल किया गया है। इसमें से हर एक के लिए रोजगार और निवेश सीमाएं पहले से ही तय करी गई हैं। इस नीति में 10% से 20% तक की पूंजीगत सब्सिडी शामिल है, जो संचालन के 8वें से 15वें वर्ष तक किस्तों में वितरित की जाती है। पहाड़ी जिलों (श्रेणी ए और बी) में निवेश के लिए 1-2% की अतिरिक्त सब्सिडी प्रदान की जाती है। यह स्टांप शुल्क प्रतिपूर्ति में 50 लाख रुपये तक की पेशकश भी करता है।



### उत्तराखण्ड स्टार्टअप नीति 2023
## नवाचार और समावेशी विकास की ओर सकारात्मक पहल

उत्तराखण्ड स्टार्टअप नीति 2023 एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य राज्यभर में रोज़गार सृजन और स्टार्टअप्स को सशक्त बनाकर एक मजबूत उद्यमशील पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है।

उत्तराखण्ड स्टार्टअप नीति 2023 राज्य सरकार की एक दूरदर्शी पहल है, जिसका उद्देश्य हर साल 1,000 नए स्टार्टअप की शुरुआत कर सशक्त उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करना है। यह नीति नवाचार को प्रोत्साहित करने, रोज़गार के अवसर बढ़ाने और स्थानीय प्रतिभा को आगे लाने का सशक्त माध्यम है।

इस नीति के माध्यम से वित्तीय सहायता और प्रोत्साहन प्रदान की जा रही है। नीति के तहत स्टार्टअप्स को विभिन्न चरणों में यह सहायता दी जाती है। इसमें प्रति माह 15,000 रुपये का भत्ता, विशेष श्रेणियों (SC/ST/दिव्यांग) के लिए 20,000 रुपये प्रतिमाह प्रदान की जाती है। वहीं 10 लाख रुपये तक का सीड फंड भी उपलब्ध कराया जाता है, जिससे शुरुआती दौर में स्टार्टअप के संचालन को स्थिरता मिलती है।

इसके साथ ही इस पॉलिसी के माध्यम से इंटलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स के लिए भी सहायता उपलब्ध कराई जाती है। इसके अंतर्गत राष्ट्रीय पेटेंट में आवेदन करने के लिए 1 लाख रुपये तक की सहायता, अंतरराष्ट्रीय पेटेंट कराने के लिए 5 लाख रुपये तक की सहायता, वहीं ट्रेडमार्क और इंडस्ट्रियल डिज़ाइन के लिए 10,000 रुपये तक की सहायता प्रदान की जाती है।

यह नीति उन्हीं स्टार्टअप्स को कवर करती है, जो 10 वर्ष की अवधि के अंदर स्थापित हुए हों और उत्पाद, सेवा या प्रक्रिया में नवाचार या सुधार ला रहे हों। इसके अलावा रोज़गार और संपत्ति सृजन की मजबूत क्षमता रखते हों। इस नीति के अंतर्गत राज्य सरकार हर ज़िले में इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित कर रही है, जिसमें कई तरह की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इसमें मेंटरशिप और नेटवर्किंग के अवसर, बुनियादी ढांचा और तकनीकी सहायता व शिक्षण और जागरुकता कार्यक्रम शामिल है। यह नीति उत्तराखण्ड को स्टार्टअप इंडिया अभियान में प्रमुख रुप से स्थापित करने की दिशा में एक प्रभावशाली कदम है।

## उत्तराखण्ड पर्यटन नीति 2023: सतत् विकास और निवेश को प्रोत्साहित करता सशक्त रोडमैप



**उत्तराखण्ड पर्यटन नीति 2023 एक परिवर्तनकारी खाका प्रस्तुत करती है, जिसका उद्देश्य राज्य को एक प्रमुख सतत् और निवेश-अनुकूल पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करना है। यह नीति नवाचार, बुनियादी ढांचे के विकास और समावेशी वृद्धि को बढ़ावा देने पर आधारित है।**

उत्तराखण्ड पर्यटन नीति 2023 राज्य को वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त पर्यटन केन्द्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक व्यापक और परिवर्तनकारी दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है। यह नीति 31 मार्च 2030 तक प्रभावी रहेगी और पर्यटन आधारित विकास को गति देने के साथ आर्थिक समावेशन, पर्यावरणीय स्थिरता और निवेशक अनुकूलता सुनिश्चित करने के लिए तैयार की गई है।

इस नीति के अंतर्गत सभी अनुमोदन और प्रोत्साहन दावों को सिंगल विंडो क्लियरेंस सिस्टम के माध्यम से आगे बढ़ाया जाएगा। इसमें केवल उन्हीं परियोजनाओं को लाभ मिलेगा, जिनकी वाणिज्यिक परिचालन तिथि (सीओसी) नीति की अवधि के अंतर्गत होगी।

### संस्थागत ढांचा और नीति की प्राथमिकताएं

यह नीति पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) को सक्षम बनाने और हॉस्पिटैलिटी, वेलनेस, एडवेंचर, हेरिटेज और ग्रामीण पर्यटन जैसे विविध क्षेत्रों में निवेश लाने पर केन्द्रित है।

नीति के क्रियान्वयन के लिए उत्तराखण्ड पर्यटन विकास बोर्ड (यूटीडीबी) को नोडल एजेंसी बनाया गया है। इसमें 50 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं के लिए राज्य स्तरीय सशक्त समिति (एसएलईसी) का गठन किया गया है। साथ ही, 50 करोड़ रुपये तक की एमएसएमई परियोजनाओं के लिए जनपद स्तरीय सशक्त समितियां (डीएलईसी) बनाई गई हैं। वहीं, परियोजनाओं की भौतिक जांच और सत्यापन के लिए जनपद स्तरीय पर्यटन समितियां (डीएलसीटी) गठित की गई है।

- सिंगल विंडो पोर्टल
- ईज़ ऑफ डूईंग बिजनेस
- हॉस्पिटैलिटी और वेलनेस
- योग एवं वेलनेस सेंटर
- साहसिक पर्यटन
- रोपवे और ईको-लॉज
- एडवेंचर और हेरिटेज
- ग्रामीण पर्यटन

### योग्य परियोजनाएं और निवेश प्रोत्साहन

इस नीति के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की पर्यटन इकाइयों को योग्य माना गया है। इसमें होटल, रिसॉर्ट, विरासत भवन, रोपवे, ईको-लॉज, योग एवं वेलनेस सेंटर, मनोरंजन पार्क, साहसिक पर्यटन सुविधाएं आदि शामिल हैं। इनमें से प्रत्येक श्रेणी के लिए न्यूनतम निवेश और बुनियादी ढांचे की शर्तें तय की गई हैं, जिससे गुणवत्ता और निवेश को बढ़ावा मिले। साथ ही, सभी इकाइयों को राष्ट्रीय सुरक्षा मानकों का पालन करना अनिवार्य होगा।

### पूंजीगत और गैर-पूंजीगत प्रोत्साहन

इस नीति के तहत निवेशकों को दो श्रेणियों में प्रोत्साहन दिए जाएंगे।



इसके अंतर्गत प्रोत्साहनों को पूंजी निवेश सब्सिडी और अतिरिक्त प्रतिपूर्ति में विभाजित किया गया है, जैसे कि

- एसजीएसटी की वापसी (नेट आउटपुट लायबिलिटी पर)
- भूमि पट्टे और मॉर्गेज दस्तावेजों पर स्टांप शुल्क से छूट
- नई इकाइयों के लिए विद्युत शुल्क में छूट
- ब्याज अनुदान और विपणन सब्सिडी, व्यय के आधार पर प्रशिक्षण और कौशल विकास प्रोत्साहन
- देशी पर्यटकों, MICE कार्यक्रमों और ऑनलाइन बुकिंग के आधार पर प्रदर्शन-आधारित प्रोत्साहन

पिछड़े और दूरस्थ क्षेत्रों में स्थापित इकाइयों को पूंजीगत परिसंपत्तियों की लागत पर 50% तक की सब्सिडी दी जाएगी, जिससे क्षेत्रीय असंतुलन को दूर किया जा सके।

# चांदपुर में युवक ने जहर खाकर दम तोड़ा



## प्रेमिका पर गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्याऊ।** प्रेमिका के द्वारा बलात्कार के मामले में फंसा देने की धमकी देने से परेशान होकर युवक ने जहर खा कर दम तोड़ दिया। जिससे परिवार में कोहराम मच गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम महमूदपुर में प्रेम प्रसंग में युवक ने जहर खाकर जान दे दी। मृतक बिजेन्द्र सिंह पुत्र लखन सिंह के परिजनों का आरोप है कि उसकी प्रेमिका ने बलात्कार में फंसाने की धमकी दी थी। जिसकी वजह से वह परेशान था। उसी के चलते बिजेन्द्र ने जहर खाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक के पिता ने थाना चांदपुर में शिकायती पत्र देकर कहा कि ग्राम तिरपुड़ी के राजन सिंह, उसकी बेटी वंशिका और दो अज्ञात व्यक्ति उसके पुत्र बिजेन्द्र सिंह पर शादी का दबाव बना रहे थे। साथ ही शादी न करने पर बलात्कार के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहे थे। बिजेंद्र का युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। तीन महीने पहले युवती के परिजनों ने उसकी शादी किसी दूसरे से तय कर दी थी। दबाव में आकर बिजेंद्र ने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन उसे अस्पताल ले गए। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सीओ देश दीपक सिंह के अनुसार मामले की जांच की जा रही है।

गौरतलब है कि आज कल युवकों के उत्पीड़न के मामले में भी काफी ज्यादा बढ़ गए है। युवकों को ब्लैकमेल किया जा रहा है। युवतियां अपने प्रेम जाल में युवकों को फंसा लेती है और बाद में उन्हें ब्लैकमेल करती है। युवक परेशान होकर आत्मघाती कदम उठा लेते है। जब से पॉक्सो एक्ट बना है, तब से इस तरह के मामले ज्यादा बढ़ गए है। पूर्व में एससी/एसटी एक्ट एवं दहेज एक्ट का काफी दुरुपयोग हुआ था। इसी कड़ी में अब पॉक्सो एक्ट व महिला उत्पीड़न की अन्य धाराओं का दुरुपयोग हो रहा है। ब्लैकमेलर इसका पूरा फायदा उठा रहे है। वह युवतियों व बच्चियों के कंधों पर बंदूक रख कर चलाते है। अपना स्वार्थ सिद्ध करने के लिए बच्चियों व युवतियों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

## बैठक में किसानों की समस्याओं पर चर्चा

**कोतवाली देहात।** स्थानीय एक बैंकट हॉल में भारतीय किसान यूनियन जनशक्ति की बैठक में किसानों की समस्याओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर बाढ़ तथा बारिश से हुए नुकसान का आकलन कर शीघ्र क्षतिपूर्ति राशि दिलाने की मांग की गई। युवा प्रदेश अध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रधान ने कहा कि पूरे उत्तर भारत में बाढ़ से किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है।ारी बारिश और बाढ़ के कारण हजारों बीघा फसल खराब हो गई है। सरकार द्वारा फसलों के नुकसान का आंकलन कर क्षतिपूर्ति दिलाई जाए। उन्होंने मांग की की गन्ने का सत्र शुरू होने से पहले गन्ना मूल्य घोषित होना चाहिए। गन्ने में बढ़ती हुई लागत को दृष्टिगत रखते हुए गन्ना मूल्य 500 रुपए प्रति कुंतल घोषित होना चाहिए। इस अवसर पर गुलदारों के आतंक से निजात दिलाने, बकाया गन्ना भुगतान करने आदि मांग की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नरपाल सिंह ने तथा संचालन राजेन्द्र सिंह ने किया। बैठक को प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप चौहान, कविता राणा, बुद्ध सिंह, कुलदीप चौधरी, विशेष राजपूत, शिव कुमार सिंह, मयंक राजपूत आदि ने संबोधित किया।

# टीईटी परीक्षा अनिवार्यता का आदेश खेदजनक: सिंह

## सुप्रीम कोर्ट करे पुन: विचार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अटेवा के प्रदेश उपाध्यक्ष चन्द्रहास सिंह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के द्वारा टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता का दिया गया आदेश खेदजनक है। सुप्रीम कोर्ट को अपने आदेश पर पुन: विचार करना चाहिए।

प्राप्त समाचार के अनुसार ऑल टीचर्स एम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन (अटेवा) की जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष उमेश कुमार राजपूत की अध्यक्षता एवं जिला महामंत्री सुभाष चंद्र यादव के संच. ालन में बैठक हुई। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि एक सितम्बर को सुप्रीम कोर्ट द्वारा 25 अगस्त 2010 से पूर्व नियुक्त हुए शिक्षकों के सेवा में रहने व पदोन्नति पर दिये गये आदेश शिक्षकों की नियुक्ति की अर्हता और सेवा के निबंधन एवं शर्तों के विपरीत है। इस फैसले से 10 लाख से अधिक सरकारी शिक्षक सीधे प्रभावित हो रहे है। इन्होंने यदि अगले दो वर्षों में टेट की परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की, तो यह सेवा से बाहर हो जाएगे। उन्होंने कहा कि यह आदेश अत्यंत खेदजनक हैं। सरकार को इस पर ठोस कदम उठाना चाहिए, क्योंकि शिक्षकों की नियुक्ति के विज्ञापन में इस प्रकार की अनिवार्यता नहीं थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और केन्द्रीय शिक्षा मंत्री को शिक्षकों को न्याय देकर शिक्षा की नींव को बचाया जाए।

बैठक में विनीत कुमार गहलौत, अनुज कुमार यादव, मुज्जफर इस्लाम, सिकंदर पाल सिंह, सचिन कुमार, बिजेंद्र कुमार, पुनीत गहलौत, सचिन अग्रवाल, कुलदीप कुमार, मौहम्मद शादाब, रिहान, रविन्द्र कुमार, प्रदीप कुमार वर्मा, कौशल गौतम, निशी वर्मा, रीता देवी, गीता रानी, अलीमा परवीन, भूपेंद्र चौधरी आदि ने भाग लिया।

## एक नजर

### शादीपुर में रामलीला का शुभारंभ

**कोतवाली देहात।** ग्राम शादीपुर में बीती रात्रि श्राद्ध पक्ष रामलीला का शुभारंभ हुआ। पहले दिन नारद मोह लीला का मंचन किया गया। ग्राम शादीपुर में शुरू हुई रामलीला का राष्ट्रीय लोकदल के नेता प्रवीण सिंह देशवाल ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रवीण देशवाल ने कहा कि हमें राम के चरित्र से प्रेरणा लेनी चाहिए। हमें भगवान श्री राम के आदर्शों को जीवन में उतारना चाहिए। इस अवसर पर वीर सिंह प्रधान,अखिलेश मौर्य, विपिन कुमार, नरेंद्र प्रजापत, मूला सिंह पाल, सुमित भुइयार, विपुल मौर्य, पंकज मौर्य, अवधेश मौर्य आदि मौजूद रहे।

### वॉलीबाल में रायपुर की टीम चैंपियन



**अफजलगढ़।** मुस्लिम फंड के समीप दो दिवसीय वॉलीबाल टूर्नामेंट का शुभारंभ थाना अध्यक्ष सुमित राठी ने फीता काटकर किया। अध्यक्षता शेख मौहम्मद वली ने की। उद्घाटन मैच रायपुर की टीम ने अपने नाम किया। टूर्नामेंट का आयोजन शेख मौहम्मद वली, दानिश कुरैशी, मौहम्मद दानिश, राजू राठी, इस्माईल, आकिब एड., मौहम्मद आजम, रईस कुरैशी, इरशाद घोसी, शहजाद कुरैशी, मौहम्मद शाकिर, सलीम एड., वसीम अंसारी, शुऐब कुरैशी और मेंबर कलवा कुरैशी के सहयोग से किया गया। फाइनल मुकाबला अफजलगढ़ और रायपुर की टीमों के बीच खेला गया। कड़े संघर्ष के बाद रायपुर ने खिताब अपने नाम कर लिया। विजेता टीम को नकद पुरस्कार दिया गया। जबकि उपविजेता अफजलगढ़ की टीम को भी ईनाम दिया गया।

### गुलदार के आतंक से निजात दिलाने की मांग



**कोतवाली देहात।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की बैठक ब्लाक के सभागार में संपन्न हुई। बैठक में गुलदारों के बढ़ते आतंक से निजात दिलाने की मांग की गई। बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश काकरान ने कहा कि पूरे जनपद में गुलदारों का आतंक बढ़ गया है। पिछले दो सालों में गुलदार 33 लोगों की जान ले चुके हैं। शासन प्रशासन द्वारा गुलदार से निजात दिलाने के लिए कोई ठोस कार्य योजना तैयार नहीं की गई है। गुलदार के लिए कार्य योजना तैयार होनी चाहिए। बैठक में जर्जर विद्युत तार बदलवाने, रोशनपुर प्रताप में टूटी नाली बनवाने, ग्राम अलीपुरा जट में खंबे लगवाने आदि की मांग की गई। बैठक की अध्यक्षता वीर सिंह डबास ने तथा संचालन समरपाल सिंह ने किया। बैठक में मुकुल त्यागी, राजीव चौधरी,आलोक चौहान,टोनी प्रधान, नमेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# गुलदार ने घर में घुसकर पालतू कुत्ते को बनाया निवाला



## ग्रामीणों में दहशत का माहौल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** ग्राम मोचीपुरा में बीती रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। गुलदार ने स्व. तेजपाल चौधरी के घर में घुसकर पालतू कुत्ते पर हमला कर दिया। गुलदार कुत्ते को दबोचकर ले गया और उसे अपना निवाला बना लिया। यह पूरी वारदात घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

घटना के बाद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग की लापरवाही के कारण अब गुलदार व अन्य जंगली जानवर आबादी वाले इलाकों में घुसपैठ कर रहे हैं, जिससे इंसानों की जान को भी खतरा बढ़ गया है।

ग्रामीणों ने प्रशासन व वन विभाग से मांग की है कि गुलदार को जल्द से जल्द पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे को टाला जा सके।

# बाल सदन स्कूल की शिक्षिकाएं सम्मानित

## लायंस क्लब का कार्यक्रम




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** लायंस इंटरनेशनल क्लब के द्वारा नगर के प्रथम मांटेसरी शिक्षा पद्धति के स्कूल बाल सदन मोंटेसरी की समर्पित शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार क्लब के अध्यक्ष रूचिन सिंघल, प्रोजेक्ट चेयरमैन सुभाष अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल व अन्य सदस्यों ने बाल सदन मोंटेसरी स्कूल की समर्पित शिक्षिका प्रधान अध्यापिका किरण बाला, अंजना, पूजा शर्मा, कंचन शर्मा, अंशु शर्मा, दुर्गा भारद्वाज, आकांक्षा अग्रवाल और प्रतिभा राजपूत को शिक्षा के प्रति समर्पित सेवाओं के लिए सार्टिफिकेट और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। क्लब के अध्यक्ष रूचिन सिंघल ने कहा कि शिक्षिकाएं बच्चों को शिक्षित करके उन्हें समाज के लिए उपयोगी बनाने का प्रयास कर रही हैं। शिक्षिकाएं विषम परिस्थितियों में भी कार्य करने में सक्षम है और वर्तमान चुनौतियों की परवाह नहीं करते हुए समाज को शिक्षित करने का कार्य कर रही है। प्रधाना अध्यापिका किरण बाला ने कहा कि शिक्षिकाएं अपनी मेहनत, लगन और समर्पण के भाव से समाज को न सिर्फ आदर्श नागरिक देने का प्रयास करती हैं, बल्कि समाज को नई दशा और दिशा भी देने का कार्य करती हैं।

प्रबंधक डॉ. एसके जौहर ने लायंस इंटरनेशनल क्लब से आए सभी पदाधिकारी और सदस्यों का आभार प्रकट किया।

# मांस की गाड़ी पकड़ कर लगाई आग

## गोमांस की तस्करी का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** उत्तराखंड बार्डर की बालावाली पुलिस चौकी की रात के अंधेरे में गाय व भैंस मांस की तस्करी कराने की पोल उस वक्त खुल गई, जब बालावाली के उस पार ग्राम डूंगरपुरी में ग्रामीणों ने मांस से भरी गाड़ी पकड़ ली। आक्रोशित ग्रामीणों ने गाय को टक्कर मार कर भाग रही गाड़ी में तोड़फोड़ और आगजनी की। विधायक उमेश कुमार ग्रामीणों के साथ धरना देकर बैठ गए।

थाना लक्सर क्षेत्र के ग्राम डूंगरपुरी में आज सुबह मांस से भरी गाड़ी एक गाय को टक्कर मार कर आ रही थी। इस दौरान सड़क पर रेस लगा रहे युवकों ने हिम्मत दिखाई और गाय को टक्कर मारकर आने वाली गाड़ी को रोक लिया। देखते ही देखते वहां सैकड़ों ग्रामीण इकट्ठा हो गए। उन्होंने जब गाड़ी को खुलवाकर देखा, तो उसमें मांस भरा हुआ था। जिसके बाद ग्रामीणों में गौ मांस देख कर आक्रोश फैल गया। उन्होंने गाड़ी में तोड़फोड़ और आगजनी की। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय विधायक उमेश कुमार भी मौके पर पहुंच गए और धरना देकर बैठ गए। आरोप था कि बालावाली पुल से देर सायं से सुबह तक गौ मांस की तस्करी की जाती है। जिसमें बालावाली पुलिस भी शामिल हैं। धरनारत ग्रामीणों ने दोषियों के विरुद्ध तत्काल मुकदमा दर्ज करने की मांग की। बताते हैं कि मांस से भरी गाड़ी नजीबाबाद की है, जो सहारनपुर से मांस लेकर आ रही थी। इस घटना से बालावाली पुलिस चौकी की पोल खुल गई है। बालावाली पुलिस चौकी उत्तराखंड बार्डर की चौकी है और मंडावर थाने की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली चौकी में शुमार है। यहां से रोज रात के अंधेरे में बड़े-बड़े वाहन, मांस से भरी गाडियां, खनन के डंपर सब मोटे नोट लेकर पास कराए जाते हैं। इस घटना से पुलिस में हड़कंप मचा है। बिजनौर सीओ सिटी अजय राय भी बालावाली पुलिस की जांच करने गए हैं। लोग इसे मात्र औपचारिकता बता रहे हैं।

# 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** जिले में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मोदीनगर पुलिस और स्वाट टीम ग्रामीण जोन को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चोरी के अभियोग में वांछित व फरार चल रहे 25,000 के इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक चोरी का मोबाइल फोन, एक मोटर साइकिल तथा दो नंबर प्लेट बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त चोरी की वारदातों में लिप्त था और लंबे समय से पुलिस की पकड़ से दूर चल रहा था। अभियुक्त पर चोरी और आपराधिक गतिविधियों के चलते गाजियाबाद पुलिस ने 25,000 का इनाम घोषित कर रखा था। पुलिस व स्वाट टीम लगातार उसकी तलाश में थी। मोदीनगर थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि इनामी अभियुक्त क्षेत्र में आने वाला है। इस सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए थाना पुलिस व स्वाट टीम ग्रामीण जोन ने संयुक्त रूप से घेराबंदी की और अभियुक्त को दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की तलाशी के दौरान उसके पास से चोरी का मोबा. इल फोन, एक मोटर साइकिल और दो फर्जी नंबर प्लेट बरामद की गईं। थाना प्रभारी मोदीनगर ने बताया कि पुलिस लगातार अपराधियों के खिलाफ सक्रिय है और जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फरार अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। इनामी अभियुक्त की गिरफ्तारी से यह साबित होता है कि अपराध कर फरार रहने वाले लोग अब ज्यादा दिनों तक बच नहीं सकते। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त अन्य मामलों में भी संदिग्ध पाया गया है।

# माता मैरी का प्रकटीकरण दिवस श्रद्धा से मनाया





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** हल्दौर के सेंट मैरी कॉवेंट स्कूल में संत माता मैरी का प्रकटीकरण दिवस बड़े ही श्रद्धा, भक्ति और उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। ईसाई धर्मग्रंथों के अनुसार माता मैरी एक पवित्र एवं दिव्य स्त्री थीं, जिन्हें प्रभु यीशु मसीह को जन्म देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यही कारण है कि यह दिन ईसाई समुदाय के लिए अत्यंत महत्व रखता है।

कार्यक्रम का शुभारंभ पवित्र प्रार्थनाओं से हुआ। विद्यालय के विद्यार्थियों ने भावपूर्ण प्रार्थना गीत प्रस्तुत किए। वहीं नन्हे-मुन्ने बच्चों ने माता मैरी की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर मोमबत्तियां प्रज्वलित कीं। पूरे परिसर में 'सर्वे भवन्तु सुखिन:, सर्वे सन्तु निरामया:' की गूंज के साथ वातावरण भक्तिभाव से सराबोर हो उठा। विद्यालय की प्रबंधक सिस्टर फिल्वी एवं प्रधानाचार्या सिस्टर शैनेट ने माता मैरी की प्रतिमा को अपनी गोद में उठाकर विद्यालय परिसर की परिक्रमा की। इस अवसर पर उन्होंने माता मरियम के जीवन एवं उनके दिव्य योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। परिक्रमा में सिस्टर लाइटी, सिस्टर क्लैरेट सहित संपूर्ण विद्यालय परिवार सम्मिलित हुआ। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि इस पवित्र यात्रा से विद्यालय का प्रत्येक कोना दिव्य आभा से आलोकित हो गया।

कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का संचालन अध्यापिका रेनू भटनागर ने सफलतापूर्वक किया। अंत में प्रधानाचार्या ने संपूर्ण विद्यालय परिवार, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के सुख-समृद्धि तथा मंगलमय जीवन की कामना करते हुए प्रभु से प्रार्थना की।

# फाइनेंस कंपनियों के रिकवरी एजेंटों की गुंडागर्दी

## अवैध पार्किंग व जबरन वाहन जब्ती का चल रहा खेल, पुलिस की चुप्पी चिंताजनक

**विशाल खटीक**

**मंडावर।** फाइनेंस कंपनियों के रिकवरी एजेंटों की मनमानी और गुंडागर्दी ने आम लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। यह एजेंट कानून को ताक पर रखकर बाइक और बड़ी गाड़ियों को जबरन उठा लेते हैं।

सोशल मीडिया पर वायरल एक पत्र के अनुसार बिजनौर रेलवे फाटक क्रॉसिंग के पास एक अवैध पार्किंग यार्ड संचालित हो रहा है। जहां फाइनेंस कंपनियां जबरन पकड़े गए वाहनों को खड़ा करती हैं।

इस यार्ड में बाइक से लेकर चार पहिया वाहनों तक को रखा जाता है। यह पूरी तरह अवैध रूप से चल रहा है। चौराहों पर खुलेआम गुंडागर्दी की जा रही है। बिजनौर, नूरपुर, नजीबाबाद और मंडावर जैसे इलाकों में रिकवरी एजेंट चौराहों पर आसानी से देखे जा सकते हैं। यह एजेंट कथित तौर पर विभिन्न किसान संगठनों के झंडे लगे चार पहिया वाहनों में सवार होकर वाहन मालिकों को डराते व धमकाते हैं। वाहन जब्त करने के दौरान गाली-गलौज और गलत व्यवहार आम बात है। कई मामलों में ये एजेंट बिना किसी वैधानिक प्रक्रिया के वाहनों को जबरन उठा लेते हैं, जो सुप्रीम कोर्ट और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की गाइडलाइंस का स्पष्ट उल्लंघन है।

### अवैध पार्किंग यार्ड का खुलासा

**मंडावर।** सोशल मीडिया पर सामने आए पत्र के मुताबिक, बिजनौर रेलवे फाटक के पास संचालित अवैध पार्किंग यार्ड फाइनेंस कंपनियों का गढ़ बन चुका है। यहां जबरन जब्त किए गए वाहनों को रखा जाता है। सूत्रों का कहना है कि इस तरह के यार्ड न केवल बिजनौर, बल्कि जनपद के अन्य हिस्सों में भी संचालित हो रहे हैं। इन यार्डों में बाइक, कार, ट्रक और अन्य वाहनों को बिना मालिक की सहमति के रखा जाता है, जो कानूनन गलत है। कानून का उल्लंघन और इस पर पुलिस की चुप्पी चिंताजनक है। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि रिकवरी एजेंटों द्वारा जबरन वाहन जब्त करना न केवल अवैध है, बल्कि यह संविधान में दिए गए जीवन और आजीविका के मौलिक अधिकार का उल्लंघन भी है। कोर्ट ने ऐसी गतिविधियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और कानूनी प्रक्रिया का पालन करने का निर्देश दिया है। इसके बावजूद जनपद में रिकवरी एजेंट बेखौफ होकर गुंडागर्दी कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस और प्रशासन इस मामले में चुप्पी साधे हुए हैं। यह उसकी मिलीभगत का संकेत है।

### वाहन मालिक बेहद परेशान

**मंडावर।** पीड़ितों का कहना है कि रिकवरी एजेंट न केवल धमकी देते हैं, बल्कि कई बार शारीरिक हिंसा तक का सहारा लेते हैं। एक वाहन मालिक ने बताया कि मैंने अपनी बाइक की कुछ किश्तें नहीं चुकाई थीं। लेकिन बिना कोई नोटिस दिए एजेंटों ने मेरी बाइक चौराहे से उठा ली और गाली-गलौज की। जब मैंने विरोध किया, तो मुझे धमकाया गया। ऐसे कई मामले सामने आ रहे हैं, जहां वाहन मालिकों को बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के परेशान किया जा रहा है। कानूनी प्रक्रिया का उल्लंघन हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट और आरबीआई ने लोन की किश्त न चुकाने की स्थिति में वाहन जब्ती के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत बैंकों को पहले नोटिस जारी करना, मालिक को पर्याप्त समय देना और कानूनी प्रक्रिया का पालन करना अनिवार्य है। यदि किश्तें नहीं चुकाई जातीं है, तो वाहन नीलाम किया जा सकता है, लेकिन नीलामी के बाद बकाया राशि काटकर बची रकम मालिक को लौटानी होती है। रिकवरी एजेंटों द्वारा इन नियमों की अनदेखी न केवल गैरकानूनी है, बल्कि यह वाहन मालिकों के अधिकारों का हनन भी है।

### सामाजिक संगठन कर रहे प्रशासन से कार्रवाई की मांग

**मंडावर।** स्थानीय लोग और सामाजिक संगठन इस मुद्दे पर प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि अवैध पार्किंग यार्ड और रिकवरी एजेंटों की गुंडागर्दी पर तत्काल रोक लगनी चाहिए। कुछ लोगों ने पुलिस में शिकायत दर्ज करने की बात कही है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ऐसे में वाहन मालिकों को सलाह दी जाती है कि यदि कोई रिकवरी एजेंट उन्हें धमकाता है या जबरन वाहन जब्त करने की कोशिश करता है, तो वे तुरंत पुलिस को कॉल करें। इसके अलावा बैंक और रिकवरी एजेंट के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है। वाहन मालिकों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने और बिना वैधानिक प्रक्रिया के वाहन जब्ती का विरोध करने की जरूरत है।

**शाह टाइम्स खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, नजीबाबाद (बिजनौर)**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा -147 (2) यू.पी.म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **श्री श्वेत कुमार टॉक पुत्र श्री अनिल कुमार टॉक मौहल्ला मजीदगंज** तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर में नगर पालिक परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/ अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्री धीरज सलूजा व राजेश सूलजा पुत्रगण श्री हरिचन्द सलूजा** नजीबाबाद जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किए जाने हेतु बजरिये वारिसान व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति **सं.: मजीदगंज** नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर

**अधिशासी अधिकारी**

## वाहन नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि थाना नगीना देहात पर खड़ी तीन लावारिस मोटरसाइकिलों की नीलामी थाने पर आज दिनांक 9 सितंबर 2025 को समय सुबह 10:00 बजे की जाएगी। खरीदार व्यक्ति नीलामी में भाग ले सकते हैं।

**प्रभारी निरीक्षक, थाना नगीना देहात, जनपद बिजनौर**

# सद्दोबेर बेरखा से पंजाब भेजी राहत सामग्री

## बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए रवाना हुए दो ट्रक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** थाना क्षेत्र के ग्राम सद्दोबेर बेरखा स्थित मदरसा शमसुल उलूम और गांव की धर्मशाला की ओर से पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए बड़ी मात्रा में राहत सामग्री भेजी गई।

खास बात यह रही कि दोनों संस्थाओं ने अलग-अलग ट्रकों में राहत सामग्री रवाना की, जिसमें पूरे गांव का भरपूर सहयोग रहा। वहीं मदरसा शमसुल उलूम के शिक्षकों, बच्चों और स्थानीय लोगों की मदद से एक बड़ा ट्रक राहत सामग्री से भरा गया। इसमें अनाज, दाल, चावल, आटा, तेल, शक्कर, कपड़े और जरूरत की तमाम वस्तुएं रखी गईं।

मदरसे के बच्चों ने अपनी छोटी-छोटी बचत से योगदान दिया और घर-घर जाकर सहयोग एकत्र किया। बच्चों की यह नन्ही पहल पूरे गांव के लिए प्रेरणा बन गई। मौलाना साहब, शिक्षकों व समाजसेवियों ने बच्चों को यह संदेश दिया कि सच्ची तालीम वही है, जो हमें सेवा और इंसानियत का महत्व सिखाए।

गांव की धर्मशाला से भी एक अलग ट्रक राहत सामग्री के साथ पंजाब रवाना हुआ। इसमें सूखा राशन, बिस्तर, कंबल और रोजमर्रा की जरूरी वस्तुएं शामिल थीं। धर्मशाला कमेटी के पदाधिकारियों और गांव के युवाओं ने कंधे से कंधा मिलाकर राहत सामग्री जुटाई। बुजुर्गों ने मार्गदर्शन और दुआओं से सहयोग दिया। जब दोनों ट्रक सामग्री लादकर रवाना हुए तो पूरे ग्राम में मौजूद महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की आंखों में राहत की खुशी और पीड़ितों के लिए संवेदना छलक रही थी। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और जरूरतमंदों की मदद करना ही असली पूजा है। ग्राम सद्दोबेर बेरखा की इस पहल ने पूरे क्षेत्र में मिसाल कायम की है। यहां के लोग यह साबित कर रहे हैं कि इंसानियत ही वह धागा है जो समाज को जोड़े रखता है।

### सोशल मीडिया पर चल रही चर्चा

**स्योहारा।** सोशल मीडिया पर इस समय कुछ वीडियो वायरल हो रही हैं। जिनमें कहा जा रहा है कि पंजाब में खाने-पीने की सामग्री फिलहाल पर्याप्त मात्रा में पहुंच चुकी है। ऐसे में मददगार लोगों से अपील की जा रही है कि अभी राहत सामग्री भेजने को थोड़े समय के लिए रोक दिया जाए। विशेषज्ञों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का मानना है कि पानी उतरने के बाद वहां के किसान भाइयों और बाढ़ से प्रभावित परिवारों को खेती-बाड़ी और रोजगार फिर से शुरू करने के लिए आर्थिक सहायता की जरूरत पड़ेगी। तब दोबारा मदद भेजी जाए तो वह और भी कारगर और उपयोगी साबित होगी।

# धामपुर शुगर मिल में स्वास्थ्य शिविर

## शिविर में 175 ने उठाया लाभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** धामपुर शुगर मिल में सिद्ध मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, मुरादाबाद के सहयोग से एक नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया।

शिविर का उद्घाटन धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता ने फीता काटकर किया। उन्होंने उपस्थित श्रमिकों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी लोग अधिक से अधिक संख्या में स्वास्थ्य परीक्षण कराएं ताकि समय रहते बीमारियों का पता चल सके और उनका उपचार हो सके। उन्होंने बताया कि धामपुर शुगर मिल द्वारा प्रत्येक माह स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिससे कर्मचारियों व उनके परिवार का स्वास्थ्य नियमित रूप से जांचा जा सके।

शिविर में लगभग 175 श्रमिकों, कर्मचारियों, अधिकारियों, महिलाओं और बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर सिद्ध हॉस्पिटल के डॉ. राजीव वर्मा (जनरल फिजिशियन), डॉ. नईम (कार्डियोलॉजिस्ट), अमित चौहान, राहुल कुमार, अनुज, फजल, शोबीना, सौरभ, लव कुमार, ममता, हरिकेश और अर्पित सहित विशेषज्ञ चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण किया।

जांच में ब्लड प्रेशर, शुगर, एक्स-रे, ईसीजी, फेफड़ों की जांच और अन्य चिकित्सीय परामर्श सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं।

कार्यक्रम में धामपुर शुगर मिल के श्रमिक, कर्मचारी और अधिकारी विकास अग्रवाल, सत्यवीर सिंह, विनोद सिंह राणा, सुनील राणा, लायक राम, श्याम अग्रवाल, दुर्गेश राठौर, ओमवीर सिंह, अभय शर्मा, उपेंद्र तोमर, विवेक सिंह यादव, लवकुश चौहान, पवन शर्मा, अजय पांडेय, उज्जवल सिंह, गोविंद अग्रवाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

शिविर के संचालन में कमल सिंह पवार, कविता देवी, विजय कुमार, राजेंद्र सिंह का विशेष सहयोग रहा। श्रमिकों की ओर से उत्तम सिंह, शिखर चंद, वीरेंद्र यादव व धर्मेंद्र सिंह का योगदान सराहनीय रहा। शिविर का सफल संचालन और समन्वय कारखाना महाप्रबंधक विजय कुमार गुप्ता द्वारा किया गया।

## दसलक्षण महापर्व के समापन पर बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** जैन समाज द्वारा पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर मौहल्ला गुजरातियान में चल रहा दसलक्षण महापर्व संपन्न हो गया। समापन पर दिनभर धार्मिक अनुष्ठान और शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

सुबह नित्य नियम पूजा और आरती हुई, जबकि शाम को भक्तांबर पाठ के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। इसके बाद बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

बच्चों ने 'मंगलाचरण', 'प्रभुवर हमें राह दिखाओ संयम की', 'छोटा सा मंदिर बनाएंगे', 'हम जैन हैं', 'णमोकार मंत्र की महिमा' जैसी प्रस्तुतियां दीं। 'सास-बहू की नोकझोंक' पर आधारित नाटिका ने सभी का खूब मनोरंजन किया। सभी बच्चों को सम्मानित किया गया। वहीं दस दिन तक पूजा-अर्चना में शामिल हुए जैन अनुयायियों को जैन बुक डिपो द्वारा सम्मानित किया गया।

भव्य कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जैन धर्मावलंबी मौजूद रहे। जिनमें संजीव जैन, विपुल जैन, संजय जैन, सुभाष जैन, अवधेश जैन, विजय जैन, दिवाकर जैन, सुधाकर जैन, अभिषेक जैन, संयम जैन, हर्षित जैन, आलोक जैन, दीपक जैन, ममता जैन, सीमा जैन, आशा जैन, अनीता जैन, मधु जैन, प्रगति जैन, साक्षी जैन, पूनम जैन, अंजलि जैन, मानसी जैन सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

# पालिका ने चलाया सफाई अभियान

## डोर टू डोर जाकर किया जागरूक




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर पालिका क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से पालिका प्रशासन ने विशेष पहल की है।

अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल एवं पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी के दिशा-निर्देश पर नगर पालिका के कार्मिकों द्वारा वार्ड नंबर 08, 10, 18 एवं 25 में व्यापक डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन और सोर्स सेग्रीगेशन गीले व सूखे कचरे को अलग अलग करना को लेकर जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान नगर के लोगों को समझाया गया कि घरों से निकलने वाले गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में डालें ताकि नगर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखने में सहयोग मिल सके। अभियान के अंतर्गत सफाई कर्मचारियों ने घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया तथा उन्हें कूड़ा प्रबंधन के महत्व के बारे में जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि नगर पालिका का लक्ष्य है कि स्योहारा नगर को स्वच्छ भारत मिशन के तहत जीरो वेस्ट टाउन की दिशा में आगे बढ़ाया जाए। इसके लिए सभी वार्डों में चरणबद्ध तरीके से जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी ने कहा कि सफाई केवल पालिका की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें नगर के प्रत्येक नागरिक का योगदान आवश्यक है। यदि सभी लोग कचरे को अलग-अलग करके देंगे तो न सिर्फ सफाई व्यवस्था सुदृढ़ होगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी

वहीं अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल ने स्पष्ट किया कि आने वाले दिनों में नगर के सभी वार्डों में डोर-टू-डोर कलेक्शन व्यवस्था को और व्यवस्थित किया जाएगा। उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि वे गंदगी फैलाने से बचें और नगर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें।

इस मौके पर ओम प्रकाश, पंकज कुमार, नौशाद अहमद, पालिका कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिक भी मौजूद रहे।

# गुरुद्वारों से मदद भेजने में जुटा सिख समाज

## पंजाब बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** पंजाब में बाढ़ के कारण प्रभावित हुए क्षेत्रों में मदद के लिए नगीना का सिख समाज भी गुरूद्वारों से मदद भेजने में जुटा है। गुरुद्वारों की ओर से सभी से सहयोग की अपील की गई है।

नगीना के प्रमुख समाजसेवी सरदार हरमीत सिंह मल्होत्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि पंजाब इस समय एक बड़े संकट से गुजर रहा है। बाढ़ के कारण हालात दिन-ब-दिन खराब होते जा रहे हैं। लोगों की फसलें, घर, सामान और पशुओं का करोड़ों-अरबों का नुकसान हो गया है। इस समय कई समाजसेवी संस्थाएं और लोग बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सेवा के लिए जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि नगीना भी इस मुश्किल घड़ी में अपने देश के लोगों के दुख में साथ है। उन्होंने मानवता के प्रति अपने कर्तव्य निभाने के लिए बाढ़ पीड़ितों के लिए फंड इकट्ठा करने में सहयोग की अपील करते हुए बताया कि वे इस फंड के माध्यम से राहत सामग्री, पानी और अन्य आवश्यक सामग्री बाढ़ का पानी उतरने के बाद पहुंचाएंगे। क्योंकि अभी वहां कई संस्थाएं और समाजसेवी लोग जुटे हुए है। कई आम लोग भी पानी उतरने के बाद आने से कतराएंगे। जबकि उन दिनों में लोगों को सेवा की सबसे ज्यादा जरूरत होगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि हमारा छोटा सा योगदान भी किसी की जिंदगी में बड़ा बदलाव ला सकता है।

उन्होंने जानकारी दी कि इस कार्य हेतु कुल पांच दिन (09 सितम्बर से 13 सितम्बर ) तक का समय रखा गया है। इसके बाद सबके द्वारा दिया गया फंड बाढ़ पीड़ितों तक पहुंचाया जाएगा।

फंड देने के लिए गुरुद्वारा संत सभा निकट एसडीएम कोर्ट नगीना व गुरुद्वारा सिंह सभा सैयदबाड़ा नगीना पर व्यवस्था की गई है।

# शरीर तुंगभद्रा नदी समान: रविन्द्र भारद्वाज

## टपरौला में भागवत कथा का तीसरा दिन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम टपरौला में श्री राधा कृष्ण प्रचार समिति के तत्वावधान मे आयोजित श्रीमद्‌भागवत कथा के तृतीय दिवस पर प्रवचन करते हुए कथावाचक महंत-पं. रविन्द्र भारद्वाज संघर्षी महाराज ने कहा कि शरीर तुंगभद्रा नदी समान है, आत्मदेव, आत्मा स्वरूप है, सांसारिक विषय वासना धुंधली है, ज्ञान ही गौकर्ण है, और वासना से जन्मा निरंकुश मन ही धुंधकारी है। आत्मा को ज्ञान सदैव सुख देता है, जबकि अज्ञान सदैव दु:खों का कारण होता है।

श्री महाराज जी ने कहा कि कलिकाल के रहने वाले ये चार स्थान है, जैसे -हिंसा, वैश्यालय, मदिरालय, द्रुत कीड़ा (जुआ घर) जो व्यक्ति इनमें से किसी भी स्थान पर चला जाता है, आज भी उसका पतन निश्चित है। राजा परीक्षित द्वारा कलि को पांचवां स्थान स्वर्ण में दिया गया। जिसको प्राप्त करके साधारण मानव भी स्वर्ण लंकापति रावण की भांति अभिमानी हो जाता है।

हम कौन हैं, कहां से आये है और बाद में हमे जाना कहां है। ये कभी हम सोचते ही नहीं, ये ही भगवान जी की विश्व मोहनी माया है तथा धुंधकारी के मोक्ष की कथा को बड़े ही मार्मिक ढंग से रसपान कराया। कथा में श्री शुकदेव जन्म, राजा परीक्षित जन्म, समीक ऋषि के पुत्र श्रंगी ऋषि द्वारा राजा परिक्षित को सातवें दिवस सर्पराज तक्षक द्वारा राजा परीक्षित को डसने वाले श्राप को श्री कथा व्यास जी ने बड़े ही मार्मिक ढंग से श्रवण कराया, जिसे श्रवण कर सभी भक्त आत्मविभोर हो गये।

कथा में मुख्य आचार्य पंडित अंकित भारद्वाज निवासी ग्राम कुतुबपुर गढ़ी रहे। उनके सहयोगी रोहित भारद्वाज सम्भल निवासी रहे। द्वितीय दिवस के मुख्य यजमान अंकित चौहान व केशव चौहान रहे, जिन्होंने परीक्षित के रूप में भूमिका निभा रहे विनोद चौहान के साथ-साथ सपरिवार पूजा आरती की।

कार्यक्रम में मदन सिंह, लोकेंद्र, कोमल, शंकर,सौरभ, हिमांशु, हिमेंद्र प्रजापति, नरेंद्र सिंह, अभय प्रताप, आशू, निशांत, गौरव, राजेश शर्मा, सचिन, कृपाल, सुरेंद्र सिंह, संचित, आशू , मनोरमा, आवेश, नेहा,आशी, उर्मि,भावना, शिल्पी, गौरी, सुनिता, हिमानी खेडवाल, ललिता, आकांक्षा, उदिता, प्रीति, सोनी, नूतन, गीता आदि भारी संख्या मे भक्तगण उपस्थित रहे।

# पंजाब में बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री भेजी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम दबथला में पंजाब में बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री एकत्रित की गई और ट्रक में भरकर राहत सामग्री पंजाब भेजी गई है। इसके अलावा ग्रामीणों से अधिक से अधिक सहयोग करने की अपील की गई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्र के ग्राम दबथला में पंजाब में बाढ़ पीड़ितों के लिए आटा, चावल, गेहूं, बिस्किट जैसी जरूरतमंद चीजों को एकत्रित करते हुए ट्रक में भरकर पंजाब भेजी गई। इस मौके पर सामाजिक लोगों ने कहा कि पंजाब में बाढ़ आने से लोग बेघर हो गए। ऐसे में हमारा फर्ज है कि उनकी अधिक से अधिक मदद करें। इस मौके पर ग्रामीणों से अधिक से अधिक सहयोग करने का आह्वान किया गया। इस मौके पर नरदेव सिंह, ऋषिपाल सिंह, लाखन सिंह, विरेन्द्र कुमार, अजय कुमार, बलराम सिंह, डालचंद सिंह, चंद्रपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### चंद्रग्रहण देख रोमांचित हुए लोग

**बिजनौर।** बीती रात चंद्रग्रहण देखने के लिए लोगों में उत्साह रहा। लोगों ने रात तक इस खगोलीय घटना को देखा। बच्चों और युवाओं में ब्लड मून देखने के लिए खासा उत्साह रहा। चंद्र ग्रहण के कारण शाम से ही मंदिरों के कपाट बंद हो गए थे। श्रद्धालुओं ने दान-पुण्य भी किया। रात्रि 9:70 पर ग्रहण का स्पर्श हुआ, जबकि मोक्ष अर्द्धरात्रि के पश्चात 1:27 पर हुआ। कुल तीन घंटा 30 मिनट तक चंद्रगहण रहा। यह चंद्रग्रहण भारत के अतिरिक्त दुनिया के अधिकतर देशों में दिखाई दिया। चंद्रग्रहण के दौरान आकाश में दिव्य लालिमा देखकर लोग रोमांचित हो उठे।

### पांच युवकों को मिला अप्रेंटिस ऑफर लेटर



**बिजनौर।** राजकीय आईटीआई में आज प्रधानमंत्री अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। जिसमें पांच आईटीआई कर चुके युवाओं को जनपद स्थित अधिष्ठानों में एक वर्षीय अप्रेंटिस प्रशिक्षण के लिए भेजा गया। इस अवसर पर राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्य मंजुल मयंक, फोरमैन दीपक गुप्ता, प्रधान सहायक राकेश शर्मा, वीके वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### श्रुति चौधरी रहीं प्रथम स्थान पर



**बिजनौर।** एम.जे.पी. रुहेलखण्ड, विश्वविद्यालय बरेली द्वारा एमएससी रसायन विज्ञान चतुर्थ सेमेस्टर के घोषित परिणाम में कृष्णा कालेज ऑफ साइंस एण्ड इंफारमेशन टैक्नोलॉजी के छात्र-छात्राओं का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। रसायन विभाग विभागाध्यक्षा डा. पायल राठी ने बताया कि श्रुति चौधरी ने 7.60 सीजीपीए के साथ प्रथम, उदिता पाल ने 7.46 सीजीपीए के साथ द्वितीय तथा नौरीन परवीन ने 7.38 सीजीपीए के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कृष्णा कालेज के चेयरमैन मनोज कुमार ने सभी उत्तीर्ण छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कालेज का परिणाम सदैव ही अत्युत्तम रहा है। हमारा निरन्तर यही प्रयास रहता है कि छात्र-छात्राओं को कालेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिले, जिससे कि वह एजुकेशन को बेहतर रूप से समझ सकें व अपने जीवन में उपयोग कर लाभांवित हो सकें। कालेज के प्रबंधक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कृष्णा कालेज ऑफ साइन्स की प्राचार्या डा. सीमा शर्मा व विभाग के अन्य प्रवक्ता श्वेता टोंक, सौम्या वर्मा, आकाश कुमार ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### प्रेरणा को मिली पीएचडी की उपाधि

**बिजनौर।** नगर निवासी संजय कुमार वर्मा एवं राखी वर्मा की सुपुत्री प्रेरणा वर्मा पत्नी श्री निखिल चौहान को जयपुर विश्वविद्यालय ने गृह विज्ञान में पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। शाह टाइम्स परिवार प्रेरणा वर्मा के उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

# ओसीबी खराब होने से विद्युत संकट गहराया

## क्षेत्र के 11 गांवों में बनी ट्रिपिंग की समस्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** सौफतपुर बिजलीघर की ओसीबी खराब होने से दो फीडर को एक साथ जोड़कर चलाया जा रहा है। एक फीडर में फाल्ट होने से दोनों फीडर की विद्युत आपूर्ति ठप्प हो जाती है, जिससे क्षेत्र के ग्यारह गांव में विद्युत संकट गहरा गया है।

सौफतपुर बिजली घर से नांगल व लालपुर मान टाउन फीडर से अलग-अलग गांव को विद्युत आपूर्ति की जाती है। रविवार की रात लालपुर मान फीडर की ओसबी में तकनीकी खराबी आ गई। दोनों फीडरों को एक साथ जोड़कर विद्युत आपूर्ति की जा रही है। एक फीडर में फाल्ट होने से दोनों फीडर से जुड़े गांव नांगल, शहजादपुर, जीतपुर, खानपुर, हरचंदपुर, मायापुरी, चमरौला, ढोलापुरी, सौफतपुर, महमसापुर, लालपुर मान, की विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाती है। जिससे क्षेत्र में बिजली संकट गहरा गया है। भाकियू नेता प्रमोद कुमार, दिनेश कुमार, सुनील, संजीव, नीरज सहरावत आदि ने ओसीबी सही कराने की मांग की है। उधर बिजलीघर के अवर अभियंता नूतन प्रकाश ने जल्द ही ओसीबी सही कराने की बात कही है।

### उच्च क्षमता की लाइन में फाल्ट के चलते दस घंटे रही आपूर्ति ठप

**नांगल सोती।** सौफतपुर बिजली घर को बरकातपुर 132 केवीए विद्युत उप संस्थान से विद्युत आपूर्ति की जाती है। रविवार की देर शाम सात बजे उच्च क्षमता की लाइन में फाल्ट हो गया। बिजली के अभाव से भीषण गर्मी में ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। रात्रि लगभग दो बजे फाल्ट सही कर बिजली आपूर्ति सुचारू की गई, जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। वही रात में बिजली कर्मियों द्वारा की गई मेहनत की ग्रामीणों ने प्रशंसा की।

# आरटीआई कार्यकर्ता को फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी

**नजीबाबाद।** नगर के आरटीआई कार्यकर्ता कदीर मंसूरी ने सीओ को दिये प्रार्थना पत्र में जान से मारने व फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी मिलने का आरोप लगाते हुए मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। आरटीआई कार्यकर्ता कदीर मंसूरी का कहना है कि उसने ग्राम गढ़मलपुर में अवैध रूप से चल रही एक क्लीनिक की शिकायत कर इस मामले को उजागर करने का काम किया था। जिसके बाद से क्लीनिक स्वामी व उसकी पत्नी की ओर से उसे लगातार जान से मारने व झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकियां मिल रही है। आरटीआई कार्यकर्ता ने कहा कि उसके साथ किसी तरह की घटना घटती है, तो इसके लिए उक्त क्लीनिक स्वामी व उसकी पत्नी जिम्मेदार होगी।

# पंचायत में जमकर गरजे किसान नेता

## मांगों के पूरा न होने पर आंदोलन की चेतावनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ब्लॉक धामपुर की मासिक पंचायत गन्ना समिति प्रांगण में आयोजित की गई। पंचायत में किसानों से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई।

किसानों ने कहा कि पिछले वर्ष की तरह इस बार भी उनका बेसिक कोटा काट दिया गया है, जिससे उनकी गन्ना सप्लाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने मांग की कि कोटा बढ़ाकर पर्चियां जारी की जाएं।

इसके साथ ही किसानों ने शिकायत की कि शुगर मिल सामान्य गन्ना समय से नहीं ले रही है। उन्होंने कहा कि रिजेक्ट व सामान्य गन्ने की पर्ची अर्ली गन्ने के साथ जारी होनी चाहिए।

बैठक में यह मांग भी जोरदार तरीके से उठाई गई कि गन्ना समिति किसानों को छूट पर कृषि यंत्र उपलब्ध कराए। साथ ही ग्रामीण न्यायालय भवन को किसान भवन घोषित किया जाए और मिल शुरू होने से पहले गन्ने का रेट घोषित किया जाए। किसानों ने मुफ्त खाद की व्यवस्था बहाल करने की भी मांग की।

नेताओं ने स्पष्ट किया कि यदि समय रहते मांगों पर अमल नहीं हुआ तो भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक आंदोलन का रास्ता अख्तियार करेगी और इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष दुष्यंत राणा, ब्लॉक अध्यक्ष अजय राजपूत, तहसील महासचिव सुनील प्रधान, संगठन मंत्री सुरेश कुमार, न्याय पंचायत अध्यक्ष सुशील कुमार सहित अनेक पदाधिकारी और किसान मौजूद रहे।

# डरा रही गंगा, प्रकृति से पंगा

## रावली का तटबंध टूटने के कगार पर, दिलों की धड़कन तेज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** गंगा डरा रही है। बैराज से लेकर रावली तक मौजूद गंगा का तटबंध कई जगह टूटने के कगार पर है। तटबंध में से पानी का रिसाव शुरू हो गया है। हालात कभी भी खराब हो सकते है और इसके चलते बंगाली कॉलोनी सहित खादर क्षेत्र के ग्रामों व काजीपाड़ा के बाहरी हिस्से में रहने वालों के दिलों की धड़कन तेज हो गई है।









गौरतलब है कि गंगा नदी में पिछले दो दिनों से पानी उफान पर है। पहाड़ों पर बारिश एवं संभवत: हथनी कुंड से पानी छोड़े जाने के कारण गंगा नदी अपना रौद्र रूप दिखा रही है। पिछले दो दिनों से गंगा का पानी रावली तटबंध से टकरा रहा था। जिसकी वजह से तटबंध कई जगह से बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने लगा। हालांकि प्रशासन एवं जागरूक नागरिकों के द्वारा तटबंध को कटने से बचाने के लिए हर संभव प्रयास किए गए। सैकड़ों लोग इस काम में लगे रहे। गंगा की धार को तटबंध से दूर करने एवं मिट्टी के तेजी के साथ हो रहे कटान को रो. कने के लिए पेड़ काट कर डाले गए। साथ ही कट्टों में रेत भर कर तटबंध को बचाने का प्रयास किया गया। ट्रकों से पत्थर मंगाए गए। लेकिन समाचार लिखे जाने तक गंगा से हो रहा कटान नहीं रूक पाया था। जगह-जगह तटबंध से पानी का रिसाव शुरू हो गया था। अगर यह तटबंध टूटता है, तो गंगा का पानी बंगाली कॉलोनियों, खादर क्षेत्र के ग्रामों एवं काजीपाड़ा के बाहर की आबादी के बाहर पहुंच सकता है। इससे फसलों को भारी नुकसान होने की संभावना जताई जा रही हैं। फिलहाल प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और बैराज मार्ग पर भारी वाहनों का आवागमन बंद करा दिया गया है। फिलहाल छोटे वाहन ही निकल रहे है। अगर तटबंध टूटता है, तो बैराज मार्ग यातायात के लिए पूरी तरह से बंद हो जाएगा। संभावित खतरे वाले क्षेत्र में दहशत का माहौल है। सभी पल-पल की खबर ले रहे है। इस रात में क्या होता है, यह तो आने वाले कुछ घंटों में ही पता चल जाएगा।

दूसरी तरफ जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि गंगा बैराज में पहाड़ से पानी आने के फलस्वरूप रावली बंधा क्षतिग्रस्त हो गया है, जिसकी मरम्मत का कार्य कल रात्रि से युद्ध स्तर पर जारी है।

उन्होंने बताया कि बंधे को सुरक्षित रखने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक उपाय एवं कार्यवाही की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम रावली सहित आसपास के ग्रामों एवं क्षेत्र में प्रधानों, जनप्रतिनिधियों एवं सरकारी कर्मचारियों के द्वारा अलर्ट जारी कर दिया गया है, ताकि जन सामान्य जागरुक एवं सजग रहें। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा संभावित बाढ़ के दृष्टिगत राहत शिविरों, राहत सामग्री, पशुओं के चारे सहित सभी आवश्यक तैयारी सुनिश्चित कर ली गई है। ताकि किसी भी अपरिहार्य स्थिति में जान माल को सुरक्षित रखा जा सके। जिलाधिकारी ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा तट बंधन कटान को रो. कने के लिए सिंचाई विभाग सहित अन्य तकनीकी अधिकारियों के साथ पूरे प्रयास किये जा रहे हैं तथा आपात स्थिति से निपटने के लिए मौके पर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ व पीएसी के जवानों को भी तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि आमजन की सुरक्षा के दृष्टिगत गंगा बैराज रोड पर भारी वाहनों का आवागमन बंद करा दिया गया है। इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, उप जिलाधिकारी सदर रितु चौधरी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

### एक नजर

### बाढ़ पीड़ितों की मदद कर रहे मुस्लिम



**अफजलगढ़।** ग्राम रसूलपुर आबाद के ग्रामीणों ने पंजाब के बाढ़ प्रभावित इलाकों की मदद के लिए अभियान चलाकर ग्राम पैबंद खेड़ी में सामग्री देकर एक बहुत बड़ा सामाजिक कार्य किया। जिसकी गुरुद्वारा कमेटी सराहना कर रही है। आसपास के गुरुद्वारों की कमेटियों के सहयोग से पैबंद खेड़ी में खाने व पीने की सामग्री इकट्ठा की जा रही है। डॉ. इकरार ने बताया कि पंजाब के बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए मदद करना एक सामाजिक कार्य है। इसमें सभी को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए, ताकि पीड़ितों की मदद हो सके। उन्होंने कहा जो भी सामग्री पेबन्द खेड़ी में पंजाब के लिए इकट्ठा की जा रही है, उसको गुरुद्वारा का एक प्रति. निधिमंडल भेजेगा। पैबंद खेड़ी के गुरुद्वारा में रसूलपुर से सामग्री भेजने वालों में परवेज खान, तसलीम अहमद, फिरासत हुसैन, मौहम्मद रियासत आदि शामिल थे।

### गुलदार ने बनाया गौवंश को निवाला, दहशत का माहौल



**अफजलगढ़।** ग्राम पंचायत अलीयारपुर में बीती रात खौफनाक घटना हुई। ग्राम के बाहर घूम रहे आवारा गौवंश पर गुलदार ने अचानक हमला कर दिया। हमले में गोवंश की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पूरे ग्राम में दहशत फैल गई। ग्रामीणों ने बताया कि यह पहली बार नहीं है जब गुलदार ने गांव के आसपास दस्तक दी हो। आए दिन गुलदार की आहट से लोग सहमे रहते हैं। ग्रामीणों का कहा कि हम रात भर जाग कर अपने मवेशियों की रखवाली कर रहे हैं। बच्चों और महिलाओं को बाहर निकालने से डर लगने लगा है। ग्रामीणों ने वन विभाग से तुरंत कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द ही गुलदार को पकड़ा नहीं गया, तो किसी भी दिन इंसानी जान पर भी बन सकती है। पूर्व में भी गुलदार कई को अपना शिकार बना चुके हैं।

# ओमवेश नहीं लड़ेंगे चुनाव

## करीबी संसार सिंह के लिए मांगा टिकट





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** इसे टिकट कटने की संभावना को देखते हुए उठाया गया कदम माना जाए, या फिर भारी विरोध के चलते संभावित हार का अहसास समझा जाए कि चांदपुर के मौजूदा सपा विधायक स्वामी ओमवेश ने घोषणा कर दी है कि वह अब विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। उन्होंने इस एलान के साथ यह भी बताया है कि पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव से उन्होंने संसार सिंह के लिए टिकट मांगा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार सपा की जिला कार्यालय में आयोजित मासिक बैठक को संबोधित करते हुए चांदपुर के मौजूदा विधायक स्वामी ओमवेश ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को अपनी इच्छा बता दी है कि वह अब विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। उन्होंने इसकी वजह बताते हुए कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने बास्टा रोड के निर्माण की मांग की थी। साथ ही चांदपुर के खादर क्षेत्र को गंगा में आने वाली बाढ़ से बचाने के लिए तटबंध का निर्माण कराने की भी घोषणा की थी। उन्होंने अपनी दोनों घोषणाओं को पूरा कराने के लिए भाजपा सरकार से कई बार अनुरोध किया। तमाम प्रयासों के बावजूद उन्हें सफलता नहीं मिली। उन्होंने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को बता दिया कि इसी लिए वह अब विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। उन्होंने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से यह भी कहा कि नेता अपने बच्चों के लिए टिकट मांगते है, लेकिन मैं ऐसा नहीं कर रहा हूं। उनके मुताबिक सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से उन्होंने चांदपुर के विधानसभा अध्यक्ष चौधरी संसार सिंह के लिए टिकट मांगा है। उन्होंने मासिक बैठक में कहा कि पिछले चुनाव में जब उन्हें टिकट मिला था, तो इसमें पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पति व वरिष्ठ सपा नेता रफी सैफी का भी योगदान था। इस पर रफी सैफी ने कहा कि अगर आप मेरा अहसान मान रहे है, तो चांदपुर से टिकट के लिए संसार सिंह का नाम आगे न बढ़ा कर राष्ट्रीय अध्यक्ष से मेरी पैरोकारी करनी चाहिए थी। जिस पर स्वामी ओमवेश कोई जवाब नहीं दे पाए।

गौरतलब है कि चौधरी संसार सिंह विधायक स्वामी ओमवेश के दाए हाथ समझे जाते है। वह हर मौके पर स्वामी ओमवेश के साथ ही रहते है। तमाम विरोध के बावजूद विधानसभा क्षेत्र के बाहर का होने के बावजूद स्वामी ओमवेश ने उन्हें विधानसभा अध्यक्ष बनवाया है। इसे लेकर पूरे विधानसभा क्षेत्र में स्वामी ओमवेश की आलोचना होती रही है। नगर पालिका चुनाव में भी स्वामी ओमवेश का प्रत्याशी बुरी तरह हार गया था।

मासिक बैठक में स्वामी ओमवेश के द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष से हुई वार्ता के बारे में जानकारी दिए जाने के बाद से तमाम तरह की चर्चाएं चल रही है। आम जनता का कहना है कि स्वामी ओमवेश को अपने करीबी चौधरी संसार सिंह का नाम इस तरह से आगे नहीं बढ़ाना चाहिए था। स्वामी ओमवेश और चौधरी संसार सिंह एक ही सिक्के के दो पहलू है। वह आम जनता की आंखों में धूल नहीं झौंक सकते है। चर्चा है कि स्वामी ओमवेश की मतदाताओं के बीच पकड़ कमजोर हुई है और यह रिपोर्ट राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव तक पहुंच चुकी है। स्वामी ओमवेश ने बास्टा मार्ग के निर्माण व तटबंध को लेकर न तो कभी कोई प्रदर्शन किया और न ही अपनी विधायक निधि से कराए जाने वाले कार्यों को लेकर उनका चयन कार्यकर्ताओं व मतदाताओं की खुली बैठक में किया। स्वामी ओमवेश से आम जनता कितनी खुश है और कितनी नाराज है, इसका पता तो उनके चुनाव लड़ने पर ही चलता। उनके समर्थकों का मानना है कि स्वामी ओमवेश एक अच्छे नेता है। अब वक्त बतायेगा कि ऊंट किस करवट बैठता है।

# उन्नत प्रजातियों का चयन आवश्यक

**अमान शम्सी**

**नगीना।** गन्ना फसल की पुरानी प्रजातियों में रोगों का प्रकोप अधिक होने के कारण उत्पादकता कम होती जा रही है। ऐसे में गन्ना की उच्च उत्पादकता बनाए रखने के लिए गन्ना की नवीनतम, उच्च उत्पादकता वाली एवं रोग रोधी प्रजातियों का चयन अति आवश्यक है।



गन्ना किसानों को दी गई जानकारी

कृषि विज्ञान केन्द्र नगीना पर कार्यरत वैज्ञानिक डॉ. केके सिंह ने बताया कि किसान गन्ने की कई नवीनतम प्रजातियों का चयन कर सकते हैं। उन्होंने कोशा 19231 के बारे में कहा कि यह एक अगेती और उच्च उपज वाली किस्म है, जो लाल सड़न रोग के प्रति मध्यम प्रतिरोधी है। इसका औसत उत्पादन 92.05 टन प्रति हेक्टेयर है और इसके रस में शर्करा 17.85 प्रतिशत व गन्ने में शर्करा 13.20 प्रतिशत पाई जाती है। यह किस्म मध्यम मोटी, ठोस, और लंबी पोरी वाली होती है, जिसमें गूदे के मध्य बारीक छिद्र और अगोले पर हल्के रोएं होते हैं। एक अन्य प्रजाति को लख 16202 के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि अगेती प्रजाति के इस किस्म के गन्ने के पौधे की ऊंचाई मध्यम होती है एवं पत्रदल का घुमाव धनुषाकार होता है। इस किस्म में गांठ की आकृति अंडाकार एवं मझौली आकार की होती है। इस किस्म में अंतरगांव गूदा नहीं होता है। गन्ने की सूखी पत्तियां आसानी से उतर जाती हैं। इसकी औसत उपज 932.00 कुंटल प्रति हैक्टेयर तथा शर्करा 17.74 प्रतिशत होती है। लाल सड़न रोग के नवीन प्रभेद सी.एफ. 8 एवं सी. एफ. 13 के प्रति रोगरोधी एवं प्रमुख कीटों के प्रति कम संवेदनशील हैं। एक अन्य किस्म कोशा 18231अगेती प्रजाति के बारे में बताया कि इस किस्म के गन्ने का तना मध्य मोटा बारीक क्षेत्र गोमुत्राकार काली धब्बों के साथ सफेदी लिए हुए। पत्र फलक मध्य चौड़ा, हरा, मध्यम लंबा, सेमीआर्च, लीफ शीथ पर लाल रंग के धब्बे होते हैं। गन्ने की सूखी पत्तियां आसानी से उतर जाती है। औसत उपज 830.00 कुंटल प्रति हैक्टेयर तथा शर्करा नवम्बर व जनवरी में क्रमश: 16:31 व 18.06 प्रतिशत होती है। लाल सड़न रोग के नवीन प्रभेद सी. एफ.13 के प्रति मध्यम रोगरोधी है। कोशा 17231अगेती प्रजाति के इस किस्म का गन्ना सीधा मध्यम मोटा, गध्यम कडा, पीलेपन के साथ सफेदी लिये हुए एवं ठोस तथा पत्र कंचुक पर कांटे अनुपस्थित होते हैं। गन्ने की सूखी पत्तियां आसानी से उत्तर जाती है। औसत उपज 915.00 कुंटल प्रति हैक्टेयर तथा शर्करा नवम्बर व जनवरी में क्रमश: 16:59 व 17.75 प्रतिशत है। लाल सडन रोग के नवीन प्रभेद सी.एफ. 13 के प्रति मध्यम रोगरोधी है। कोशा 15023 अगेती प्रजाति की इस किस्म का गन्ना सीधा मध्यम मोटा मध्यम कड़ा, पीलापन लिये हुए एवं ठोस तथा पत्र कंचुक पर कोटे अनुपस्थित होते हैं। गन्ने की सूखी पत्तियां आसानी से उतर जाती हैं। औसत उपज 925.00 कुंटल प्रति हैक्टेयर तथा शर्करा नवम्बर व जनवरी में क्रमश: 11.71 व 12.96 प्रतिशत है। लाल सड़न रोग के नवीन प्रमेद सी.एफ. 13 के प्रति मध्यम रोगरोधी है। को. लख14201 अगेती प्रजाति की इस किस्म का गन्ना सीधा माध्यम मोटा, मध्यम कडा, सफेदी लिये हुए एवं ठोस तथा पत्र कंचुक पर हल्के कॉटे उपस्थित होते हैं। गन्ने की सूखी पत्तियां आसानी से उतर जाती हैं। औसत उपज 835.00 कुंटल प्रति हैक्टेयर तथा शर्करा नवम्बर व जनवरी में क्रमश: 11.71 व 12.96 प्रतिशत होती है। लाल सडन रोग के नवीन प्रभेद सी. एफ 13 के प्रति मध्यम रोगरोधी है। उन्होंने बताया कि कोशा 13235 अगेती प्रजाति का गन्ना सीधा माध्यम नोटा, मध्यम कड़ा पीला हरा, सफेदी लिये हुए एवं ठोस तथा पत्र कंचुक पर कांटे अनुपस्थित, लाल रंग के जगह-जगह धब्बे होते हैं। गन्ने की सूखी पत्तियां आसानी से उतर जाती है।

औसत उपज 850.00 कुंटल प्रति हैक्टेयर तथा शर्करा नवम्बर व जनवरी में क्रमश: 12.43 व 13.40 प्रतिशत है। लाल सडन रोग के नवीन प्रभेद सीएफ 13 के प्रति मध्यम रोगरोधी हुआ।

### नगीना में नेत्र जांच शिविर आज

**नगीना।** नगर व आसपास के नेत्र रोगियों के लिए एक राहत भरी खबर है। हमेशा के तरह इस बार भी कल (आज) नगर में नि:शुल्क नेत्र जांच शि. विर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के आयोजक नेत्र विशेषज्ञ डॉ. मुजम्मिल अजीम ने बताया कि हिमालयन हॉस्पिटल, जॉलीग्रांट द्वारा नूर ऑप्टिकल्स एंड आई केयर सेंटर दारुल शिफा पर सुबह दस बजे से दोपहर एक बजे तक आयोजित इस शिविर में आंखों की जांच मुफ्त होगी। साथ ही मोतियाबिंद के मरीजों के ऑपरेशन मुफ्त होंगे। इसके अलावा मरीजों के अस्पताल जाने व आने की सुविधा भी मुफ्त होंगी। अस्पताल में मरीजों के रहने व खाने की सुविधा भी अस्पताल की तरफ से होंगीं। ऑपरेशन के बाद की दवाई व काला चश्मा अस्पताल की तरफ से ही दिया जाएगा।

### मानियावाला का सोईन व सलीम उर्फ सल्लू धमकी देने में अरेस्ट



**बिजनौर।** थाना अफजलगढ़ में ग्राम मानियावाला निवासी बाबू पुत्र अब्दुल रहीम ने तहरीर दी थी कि ग्राम के ही निवासी सोईन पुत्र अब्दुल कलाम व सलीम उर्फ सल्लू पुत्र यासीन ने दो अज्ञात व्यक्तियों के साथ मिल कर उसे व अन्य गवाहों को जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने मुकदमे में गवाही न देने के लिए धमकाया। पुलिस ने धारा 351 (3) में अभियोग पंजीकृत कर सोईन व सलीम को गिरफ्तार कर लिया है।

# रालोद के स्टार जैद का सराहनीय कार्य

## पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए सौंपा 1.51 लाख का चैक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नहटौर नगर पालिका की चेयरपर्सन के पति एवं रालोद की उत्तर प्रदेश पंचायत चुनाव कमेटी के सदस्य मौहम्मद जैद ने सराहनीय कार्य करते हुए पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए हाथ बढ़ाते हुए केन्द्रीय मंत्री व पार्टी अध्यक्ष जयंत चौधरी को एक लाख इक्यावन हजार रुपए का चैक सौंपा है।



प्राप्त समाचार के अनुसार रालोद के उभरते हुए मजबूत नेता एवं पार्टी की उत्तर प्रदेश पंचायत चुनाव कमेटी के सदस्य मौहम्मद जैद रशीद ने पंजाब के बाढ़ पीड़ितों का दर्द नहीं देखा गया। उन्होंने बिना देरी किए बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए अपने पास से एक लाख इक्यावन हजार रुपए का चैक केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी को किसान ट्रस्ट के नाम से दे दिया। मौहम्मद जैद रशीद का कहना है कि पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए सभी को आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि पंजाब में हालात बेहद खराब है। उन्होंने कहा कि हमारा फर्ज बनता है कि बाढ़ पीड़ितों की अपनी हैसियत के मुताबिक मदद करें। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी बाढ़ पीड़ितों के प्रति पूरी सहानुभूति रखते है।

गौरतलब है कि नहटौर चेयरपर्सन पति मौहम्मद जैद रशीद समाजसेवा के क्षेत्र में लगातार सक्रिय है। वह गरीबों व परेशान हाल नागरिकों की हर संभव मदद करते है।

### मंडावली में पांच वाहनों की नीलामी

**बिजनौर।** न्यालय के आदेशों पर आज थाना मंडावली में उपजिला. धिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी की मौजूदगी में पांच वाहनों की नीलामी की गई। जिनका अनुमानित मूल्य छत्तीस हजार पांच सौ रुपए था। नीलामी में नौ बोली दाताओं ने हिस्सा लिया। नजीबाबाद के मौहल्ला जाब्तागंज निवासी सुल्तान अहमद पुत्र अब्दुल हफीज ने सर्वाधिक 46 हजार रुपए की बोली लगाई। जिसकी वजह से उसकी नीलामी बोली स्वीकृत कर दी गई।

**10-10 सीटो पर नि:शुल्क प्रवेश**

विवेक विश्वविद्यालय बिजनौर द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी धर्म व जातियों के आर्थिक रूप से कमजोर एवं मेधावी छात्र / छात्राओं के लिए निम्नलिखित पाठयक्रमो में 10-10 सीटो पर नि:शुल्क प्रवेश किया जाना निश्चित किया है। अपने सभी दस्तावेज सहित विश्वविद्यालय परिसर में सम्पर्क करें।

आवेदन हेतू अंतिम तिथि 23 अगस्त 2025 है।

B.Tech (CS)
BCA
BBA
B.Com
BA LLB
B.Sc Microbiology
B.Sc. Computer Sc.
B.Sc Home Sc.
B.Sc
Physics I Chemistry I Maths
Botany I Zoology

MBA
MCA
LLB
LLM
M.TECH.
MSW
M.Sc. Home Sc.
MA Education

www.vivekuniversity.ac.in
VIVEK UNIVERSITY, BIJNOR
Moradabad Road, Bijnor (U.P.) 246725
CALL NOW: 9837324210, 9927026893

# हत्या के दूसरे दिन इलाके में बनी रही तनाव की स्थिति, पुलिस बल तैनात




शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** जनपद के कटघर थाना क्षेत्र डबल फाटक इलाके में रविवार शाम हुई हिंदू समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष कमल चौहान की हत्या के दूसरे दिन इलाके में तनाव की स्थिति बनी रही, हालांकि किसी भी तरह की स्थिति से निपटने के लिए क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात रहा। इलाके में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस अधिकारियों के द्वारा डबल फाटक इलाके में पुलिस फोर्स तैनात किया गया है, मृतक के परिजनों ने कमल चौहान के हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग उठाई है। वही हत्यारोपियों की तलाश में पुलिस टीमें जुटी हुई है। सोमवार को गमगीन माहौल और पुलिस की कड़ी निगरानी के बीच कमल चौहान का अंतिम संस्कार किया गया, उनकी अंतिम शव यात्रा में भारी संख्या में क्षेत्र के लोग शामिल रहे, वहीं भारी पुलिस बल भी सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहा।कई थानों की पुलिस डबल फाटक इलाके में सुरक्षा व्यवस्था में तैनात की गई है। बता दें कि नशे के कारोबार की रंजिश में रविवार शाम हिंदू समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष कमल चौहान की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जिसके बाद डबल फाटक क्षेत्र में तनाव फैल गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए इलाके में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। कटघर थाना क्षेत्र के डबल फाटक संजय नगर निवासी कमल चौहान पर मादक पदार्थों की तस्करी सहित कई मुकदमे दर्ज थे। मार्च माह में पुलिस ने उसे सवा किलो चरस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था। वह 13 जून को जमानत पर रिहा हुआ और जेल से बाहर आते ही उसने नशीले पदार्थों की सप्लाई का दायरा बढ़ा दिया।आरोप है कि इसी दौरान हिस्ट्रीशीटर सनी दिवाकर ने भी इलाके में नशे का कारोबार शुरू किया, जिसके चलते दोनों के बीच गहरी रंजिश पनप गई।रविवार शाम करीब छह बजे कमल अपने साथी विशाल चौहान के साथ स्कूटी से घर लौट रहा था। जैसे ही वह करबला के पास पहुंचा, तभी घात लगाए बैठे सनी दिवाकर और उसके साथियों ने उसे घेरकर गोली मार दी।

कमल को सीने और सिर में गोली लगी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।सोमवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद जब पुलिस शव लेकर कमल चौहान के घर पहुंची तो बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए और आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने हंगामे और बवाल की आशंका को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है, ताकि क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रहे।

## एक नजर

### आवीहफीजपुर में पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए एकत्र की राहत सामग्री



**कांठ।**आवीहफीजपुर गांव के लोगो ने पंजाब में आयी बाढ़ से पीड़ित व्यक्तियो की सहायता के लिए श्रद्धा अनुसार सहयोग कर 31 कुन्तल गेहूँ ओर 24,000 रु धनराशि इकट्ठा की। बताया गया कि पंजाब में बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए संचालित कैंप में पहुँच कर वहां पर आवश्यकता अनुसार सामग्री प्रभावित क्षेत्रों में वितरण के लिए गाँव के युवाओं की टीम पंजाब जायेगी। कहा कि देश में आई आपदाओ का सभी को एकजुट होकर सामाजिक दृष्टि से सहयोग करना चाहिए ।इस मौके पर भाजपा नेता डाख अंगद सिहं चौहान, नीलम चौहान, लोकेन्द्र सिंह ग्राम प्रधान, कनिष्क चाहल, जतिन चौहान, मुकुल शर्मा, पंकज चाहल, माख सुखवीर सिहं, वर्णिक चाहल, नरेंद्र कुमार, निकुंज शर्मा, पीतम सिहं कश्यप, देवेन्द्र सिहं, अनुज कुमार चौहान, ललित चौहान फुरकान अली, शहनवाज, आदि उपस्थित रहे।

### गुरु वंदन छात्र अभिनंदन के तहत मेधावी बच्चों और सर्वश्रेष्ठ अध्यापकों को किया सम्मानित



**कांठ।** भारत विकास परिषद स्थानीय शाखा के तत्वाधान में सोमवार को षुरु वंदन- छात्रअभिनंदनष कार्यक्रम नगर के महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज में विभिन्न कक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय के सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर शाखा के पदाधिकारीयो ने सम्मानित कियास समारोह को संबोधित करते हुए एडवोकेट दीपक बिश्नोई एवं अशोक चौहान ने कहा कि अनुशासन और कठिन परिश्रम से सफलता मिलती है उन्होंने देश की खुशहाली के लिए बच्चों को शिक्षित और संस्कारवान बनाने का आहवान किया स विद्यालय की प्रार्थना सभा में हुए कार्यक्रम मेंअवि यादव,दिव्यांशी चौहान, तरण,कनक सिंह,श्रद्धा यादव, मोहम्मद सैफ,आर्यन चौहान, विद्यालय में उत्तम कार्य के लिए हरीश तिवारी एवं गजेंद्र प्रताप को सम्मानित किया गयास इस अवसर पर शाखा के अध्यक्ष महेश चंद्र गुप्ता, विद्यालय के प्रबंधक मुकेश माहेश्वरी,महेश सचिन चौहान, सचिव गौरव बिश्नोई, सुरेश चौहान, अखिलेश बिश्नोई, भानु प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य मदन सिंह, पंकज कुमार, दीपक चौहान आदि मौजूद थे। आगंतकों का आभार मुकेश माहेश्वरी ने व्यक्त किया।

### जिला पंचायत चुनाव को लेकर मतदाताओं से गांव-गांव चर्चा



**कांठ।** जिला पंचायत चुनाव को लेकर अंजार अहमद के नेतृत्व में मिश्रीपुर के पूर्व प्रधान चरण सिंह के आवास पर समाजवादी पार्टी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मतदाताओं से जिला पंचायत चुनाव को लेकर चर्चा हुई एवं पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। बताया गया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में हुए कार्य और उपलब्धि को जनता तक पहुंचाना पार्टी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। उन्होंने मतदाताओं से त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को सफल बनाने का आह्वान किया। इस मौके पर अंजार अहमद सलमान वकील अवनीश पूर्व प्रधान जकी उजमा खान रफीक अहमद कलुआ आदि काफी लोग मौजूद रहे।

# बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए शिव सैनिकों ने आगे बढ़ाए हाथ, राहत कोष एकत्रित करने में जुटे शिव सैनिक



शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** पूरे देश में एक और जहां आसमान से आफत बरसी है और कई राज्य बाढ़ की चपेट में है, ऐसे में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए राजनीतिक संगठनों के साथ ही समाजसेवी भी आगे आ रहे हैं। इसी कड़ी में पंजाब में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए मुरादाबाद के शिव सैनिक आगे आए हैं।सोमवार को शिव सैनिकों ने बुध बाजार इलाके में पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए कोष एकत्रित किया। मुरादाबाद के शिव सैनिक राहत कोष एकत्रित कर किस तरह से पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की मदद करेंगे यह आगे तय किया जाएगा। फिलहाल राहत कोष एकत्रित करने में शिव सैनिक जुट गए हैं और पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए शिव सैनिकों ने अपने हाथ आगे बढ़ा दिए हैं। शिवसेना के जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि देश पर या समाज पर कभी भी विपत्तियां आई हैं तो शिवसेना हमेशा आगे रही है। आज जिस तरह से बाढ़ पीड़ितों की सहायता की जरूरत है, उसके लिए शिवसेना आगे आई है। हम लोग पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए राहत कोष एकत्रित कर रहे हैं। पूरे मुरादाबाद महानगर के युवा शिवसेना, विद्यार्थी सेना और शिवसेना के लोग क्षेत्र से कोष इकट्ठा कर यह तय करेंगे की किस तरह से वहां राहत सामग्री भेजें या प्रधानमंत्री कोष में चेक बनाकर के भेजें।

इसके लिए शिव सैनिक लगे हुए हैं और हम सभी महानगर वासियों से और अपने व्यापारी भाइयों से,अपने सभी लोगों से यह अपील करते हैं कि हम लोग सब मिलकर सड़कों पर आकर लोगों की मदद के लिए आगे आये और बाढ़ पीड़ितों की हर तरह से मदद करें।

# तहसील दिवस में आई 26 शिकायतों में तीन का मौके पर हुआ निस्तारण



शाह टाइम्स संवाददाता

**कांठ।** संपूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को न होने के कारण आज सोमवार को किया गया जिसमें 26 लोगों ने अपनी-अपनी विभिन्न प्रकार की शिकायत दर्ज कराई इनमें तीन का मौके पर निस्तारण किया गया बाकी शिकायतो के निस्तारण का एसडीएम संत दास पावर ने एक सप्ताह के भीतर करने का आदेश दिया।

उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाले लोगों की शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता और गुणवत्ता के आधार पर किया जाना चाहिए और निस्तारण के उपरांत फरियादियों से फीडबैक भी लिया जाना बहुत जरूरी है। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों सहित एसडीएम संत दास पवार तहसीलदार राजकुमार सिंह नायब तहसीलदार योगेश शर्मा सहित लेखपाल कानून गो आदि अधिकारी एवं उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# टीएमयू में इण्टर स्कूल वॉलीबाल चैंपियनशिप का शंखनाद



शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के टिमिट कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन की ओर से तीन दिनी इण्टर स्कूल वॉलीबाल चौंपियनशिप का शंखनाद हो गया है। चौंपियनशिप के पहले दिन कुल 10 मुकाबले हुए। चौंपियनशिप में मुरादाबाद, रामपुर, संभल, गजरौला, बिजनौर, बिलासपुर, उधमसिंह नगर, अमरोहा आदि से बालकवर्ग की 28 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। फर्स्ट डे का मुख्य आकर्षण जेनेसिस इंटरनेशनल स्कूल, जसपुर और आर्यभट्ट इंटरनेशनल स्कूल, मुरादाबाद के बीच कड़ा मुकाबला रहा। दोनों ही टीमों ने परस्पर कड़ी टक्कर देते हुए शुरुआती एक-एक सेट अपने नाम किया। पहले सेट में बढ़त बनाते हुए जेनेसिस पब्लिक स्कूल ने 25-15 के स्कोर से पहला सेट अपने नाम किया। आर्यभट्ट इंटरनेशनल स्कूल ने कड़ी टक्कर देते हुए जबर्दस्त वापसी की ओर 25-15 से दूसरा सेट अपने नाम किया। तीसरे सेट में जेनेसिस पब्लिक स्कूल ने एड़ी चोटी का जोर लगा दिया और दमदार वापसी करते हुए तीसरा सेट 15-09 के स्कोर से जीतते हुए मैच को अपने नाम किया। जेनेसिस इंटरनेशनल के कप्तान आदित्य को प्लेयर ऑफ द मैच रहे। इससे पूर्व डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि इनडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में चौंपियनशिप का श्रीगणेश किया। इस मौके पर फिजिकल एजुकेशन कॉलेज के प्राचार्य प्रो. मनु मिश्रा की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल, गजरौला और विल्सोनिया स्कॉलर्स एकेडमी, मुरादाबाद के मुकाबले में सेंट मैरी ने पहला सेट 25-11 और दूसरा सेट 25-13 से जीतकर मैच अपने नाम किया। सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल, भगवानपुर और ग्रीन मिडोज स्कूल के बीच हुए मैंच में 2-1 से ग्रीन मिडोज विजेता रहा। एंजल पब्लिक स्कूल, संभल और लिटिल स्कॉलर्स अकादमी, अमरोहा के बीच में एंजल पब्लिक स्कूल ने 2-1 से मैच अपने नाम किया। शाइनिंग स्टार स्कूल, रामनगर और सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल, गजरौला के मुकाबले में शाइनिंग स्टार्स ने 2-1 से मैच अपने नाम किया। राजेंद्र एकेडमी, गजरौला और ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल, अमरोहा में राजेंद्र एकेडमी ने 2-0 से ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल को मात दी। पायनियर्स एकेडमी, जसपुर ने श्री साईं पब्लिक स्कूल, डिलारी को 2-1 हराकर मैच अपने नाम किया। दशमेष पब्लिक स्कूल, रामपुर और ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल के मुकाबले में ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल, रामनगर ने 2-0 से दशमेष पब्लिक स्कूल का धो डाला। आरएसडी एकेडमी, मुरादाबाद और जेके कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल, रामपुर के बीच हुए मुकाबले में जेके एकेडमी ने 2-0 से मैच अपने नाम किया।

जेपी पब्लिक स्कूल, बिजनौर ने सेंट एंथनी सीनियर सेकेंडरी, दुगावर स्कूल को 2-0 से एकतरफा मात दी।

### गणेश मेले में डांस स्टार कॉम्पिटिशन, 65 प्रतिभागियों ने दिखाया हुनर

**चन्दौसी।** गणेश मेले में डीएफआई डांस स्टूडियो द्वारा मेला ग्राउंड स्थित भूपाल रंगमंच पर चन्दौसी स्टार कॉम्पीटिशन सीजन-2 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेत्री मंजू दिलेर, समाजसेवी संगीता भार्गव तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में चन्दौसी पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय एवं बहजोई पालिकाध्यक्ष राजेश शंकर राजू ने फीता काटकर किया। इस प्रतियोगिता में डांस के लिए तीन वर्ग जूनियर, सब सीनियर व सीनियर वर्ग से कुल 65 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। निर्णायक मंडल में मुम्बई से अभिषेक शर्मा, मुरादाबाद से नीलू सिन्हा तथा चन्दौसी से विचित्रा गुप्ता रहीं। कार्यक्रम का संचालन कुणाल ठाकुर एवं सर्वेश चीनी ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक गौरव सरन, शिवम श्रीवास्तव, गुलशन वार्ष्णेय, लकी वार्ष्णेय, वैभव गोयल सहित श्रीभूपाल विनायक गणेश मन्दिर ट्रस्ट एवं श्रीगणेश मेला परिषद के पदाधिकारी एवं सहयोगी मौजूद रहे।

# 40वें राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े का समापन

● नेत्रदान, अंगदान और देहदान का संकल्प लेने वालों में उत्साहजनक बृद्धि



शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** सी एल गुप्ता आई इंस्टीट्यूट और मुरादाबाद नागरिक समाज की ओर से प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी १४अगस्त से प्रारंभ राष्ट्रीय नेत्रदान, अंगदान और देहदान पखवाड़े का समापन रैली निकाल कर पंचायत भवन में किया गया। इस बार आयोजकों ने नेत्रदान के साथ साथ मानवतावादी दृष्टिकोण अपनाते हुए रक्तदान अंगदान और देहदान के प्रति भी जागरूकता अभियान चलाया। जिसका परिणाम हुआ कि व्यक्तियों ने अंगदान करने का संकल्प लिया ,जो भविष्य के लिए एक सुखद संकेत है। आज के समापन के उपलक्ष्य में महानगर के सिविल लाइंस क्षेत्र शहनाई मण्डप से रक्तदान, नेत्रदान, अंगदान और देहदान प्रोत्साहन के लिए रैली निकाल कर पी एम एस स्कूल, जिलाधिकारी आवास रोड,अटल पथ रोड, डिफेंस तिराहा, अम्बेडकर पार्क, जैन मंदिर स्वतंत्रता सेनानी भवन होते हुए पंचायत भवन में सम्पन्न हुई। समापन समारोह में मुख्य अतिथि कुमार रणविजय सिंह , पुलिस अधीक्षक नगर रहे और विशिष्ट अतिथि विधिवेत्ता हरवंश दीक्षित , सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक, मुरादाबाद स्वतंत्र शर्मा, की एम यू से अनिल अग्रवाल, समाजसेवी ज्ञानेंद्र गांधी रहे। अध्यक्षता सी एल गुप्ता आई इंस्टीट्यूट की निदेशक शिखा गुप्ता ने की और संचालन सरदार गुरुविंदर सिंह व रवि टंडन ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि सी एल गुप्ता आई इंस्टीट्यूट और मुनास मानवता की रक्षा में व्यवहारिक रूप से लगे हैं। इनकी अहर्निश सेवा से समाज में अवश्य परिवर्तन होंगे। उन्होंने नेत्रदान के साथ साथ देहदान के लिए जिन व्यक्तियों ने उत्साहजनक संकल्प पत्र भरे हैं वह सच्चे मानवता के पुजारी हैं। समापन समारोह में पूर्व में आयोजित नेत्रदान के प्रोत्साहन पोस्टर और स्लोगन प्रतियोगिता में विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत करके उनका उत्साहवर्धन किया गया। प्रतियोगिता में निम्नलिखित विद्यालयों के प्रतिभागी विजेता रहे। इस अवसर पर डा आशी खुराना, गरिमा सिंह, संजीव वर्मा, डा अजीत कुमार, निर्णायक डा शोभा,आभा रस्तोगी,रमेश सिंह आर्य, कपिल कुमार, संदीप खन्ना, बबीता मल्होत्रा, पर्यावरण सचेतक नैपाल सिंह पाल,रविता पाल,आदित्य कुमार गीतांजलि पाण्डेय राजीव ढल, अतुल कुमार,दीपक कुमार,नदीम अहमद आदि मौजूद रहे।

### छात्र को फंसाने व ब्लैकमेल करने की धमकी परिजनों ने लगाई गुहार

**चन्दौसी।** नगर के वार्ड नं. 21 सभासद सुलेखा पत्नी मनोज गुप्ता ने उनके बेटे को झूठे मुकदमों में फंसाने और ब्लैकमेल करने की धमकी दिए जाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है।

सभासद का कहना है कि उसका पुत्र मानव उम्र लगभग 16 वर्ष बहजोई रोड स्थित एक निजी स्कूल में कक्षा 11 का छात्र है। पिछले दो दिनों से विद्यालय भी नहीं जा रहा है। पूंछने पर बेटे ने बताया कि उसके पास गणेश कॉलोनी गली नं0 06 की रहने वाली एक लड़की मोबाइल नंबर 9193569631 से कॉल कर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हुए दो लाख रु. मांग रही है। सभासद का कहना है कि ब्लैकमेल करने वाली लड़की के पिता प्रतीक गुप्ता से बात की गई तो वह भी गाली-गलौंच करने लगा और जान से मारने की धमकी दे डाली। सभासद ने बताया कि प्रतीक कुछ माह पूर्व नकली मोबीऑइल बनाने में संगठित गिरोह के साथ जेल गया था तथा उसका आपराधिक इतिहास भी है। पूरा परिवार लड़कों से हनी ट्रेप में रुपये वसूलते हैं। फिलहाल सभासद ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# अधिकारियों से शिकायत कर उठाई एफआईआर दर्ज कराए जाने की मांग

**कांठ।** नगर के विनीत बिश्नोई ने उनके कार बाजार से हुई चोरी की एफआईआर दर्ज न किए जाने पर पुलिस की शिकायत उच्च अधिकारियों से करते हुए एफआईआर दर्ज कराए जाने की मांग की है। मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में उन्होंने बताया कि 23 अगस्त की रात को कुछ लोगों ने उनके कार बाजार का ऑफिस खोलकर उसमें रखी नगदी पर हाथ साफ किया था। घटना का पता सुबह को चलने के बाद पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी पुलिस मौके पर भी पहुंची पीड़ित का कहना है की मौके पर मिले साक्ष्य के आधार पर इस घटना को अंजाम देने वाले लोगों का नाम सामने आया जिनके बारे में पुलिस को जानकारी देते हुए उन्होंने 24 अगस्त को प्रार्थना पत्र दिया था।

लेकिन पुलिस ने आज तक भी इस मामले में एफआईआर दर्ज नहीं की पीड़ित ने पुलिस पर भी इस घटना की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए खुद को भी कुछ लोगों से जान का खतरा बताया और अधिकारियों सहित मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए जांच कराए जाने की मांग की है।

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्रो रिजवान व गुलफाम पुत्रगण मोहम्मद एहसान एवं इनके परिवार को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति व सामाजिक रिश्तों से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके व इनके परिवार के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेंबाजी इत्यादि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी अन्य सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **मोहम्मद एहसान पुत्र मोहम्मद छोटे निवासी वार्ड नंबर 15 काजीपुरा थाना सिविल लाइंस, जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र चंचल व पुत्रवधू श्रीमती प्रियंका को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति व सामाजिक रिश्तों से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेंबाजी इत्यादि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी अन्य सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। प्रेम पुत्र गुल्लू लाल निवासी कांठ रोड जाटव धर्मशाला के पास हरथला सोनपुर थाना सिविल लाइंस, तहसील व जिला मुरादाबाद। **मोबाइल नंबर-901232165**

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र अभिषेक कुमार को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति व सामाजिक रिश्तों से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में अभिषेक कुमार के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेंबाजी इत्यादि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी अन्य सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **अमित कुमार पुत्र सुनह पाल सिंह निवासी ग्राम भदासना, थाना मूंढापांडे, तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू०डि० ) महोदय मुरादाबाद।**
**तारीख पेशी:** 10.09.2025
**उत्तरा० वाद सं०:**172 सन् 2024
**श्रीमति ऋतु सोनी बनाम रितेश खन्ना**

श्रीमती ऋतु सोनी उम्र 51 वर्ष पत्नी दीपक सोनी पुत्री स्व. सुरेश खन्ना निवासी श्रीराम विहार कालोनी निकट आईएमए हाल तहसील व जिला मुरादाबाद-**वादनी।**

**बनाम**

1. रितेश खन्ना आयु लगभग 55 वर्ष पुत्र स्व. सुरेश खन्ना निवासी जीजीसी 9, कामर्शियल प्लाट, गौड़ ग्रेसियश सोसायटी, हरथला कांठ रोड, तहसील व जिला मुरादाबाद।
2. **जनता आम- विपक्षीगण।**

इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (जू.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा श्रीमती ऋतु सोनी हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा श्रीमती ऋतु सोनी मुसबफा श्रीमती शशि खन्ना एवं मृतक सुरेश खन्ना अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1887 ई. बकत रू.2,35,008/- हरगाह मुसम्मा श्रीमती ऋतु सोनी ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 10 मास 09 सन् 2025 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (जू.डि.) मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज ( जू०डि० ), मुरादाबाद।**

# सभापति ने विभागीय अधिकारी और मत्स्य पालकों के साथ की बैठक

● मछुआ समुदाय को केसीसी का लाभ न मिलने की शिकायत पर सभापति नाराज, एलडीएम को लंबित प्रकरणों के निस्तारण के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सभापति उत्तर प्रदेश मत्स्य जीवी सहकारी संघ लिमिटेड श्री वीरू साहनी ने विकास भवन स्थित बापू सभागार में मत्स्य विभाग के अधिकारियों तथा मत्स्य पालकों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने मत्स्य पालन को प्रोत्साहित करने तथा मत्स्य पालकों को स्वावलंबी बनाने के लिए केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की प्रगति को लेकर विस्तृत समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने प्रत्येक योजना के अंतर्गत प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप प्रगति को लेकर अधिकारियों से जानकारी ली तथा बैठक में मौजूद मत्स्य पालकों से जमीनी स्तर पर योजनाओं के



क्रियान्वयन के बारे में भी बातचीत की। मत्स्य पालकों को किसान क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत आच्छादित करने की योजना के क्रियान्वयन में बैंक स्तर से लापरवाही किए जाने के मामले पर सभापति ने नाराजगी जताई तथा बैठक में मौजूद लीड बैंक मैनेजर को निर्देश दिए कि वे बैंक स्तर पर लंबित प्रकरणों का नियम संगत तरीके से समाधान कराएं। उन्होंने मत्स्य पालन विभाग से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण स्तर पर कैंप आयोजित करें तथा मछुआ समुदाय के लोगों को सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दें साथ ही लाभार्थियों को भी चिन्हित कर उन्हें लाभ दिलाएं।

तहसील बिलारी में मत्स्य पालन के लिए तालाबों के आवंटन को लेकर दिक्कतों के बारे में मत्स्य पालकों ने सभापति के समक्ष मुद्दा उठाया। सभापति ने उप निदेशक मत्स्य को निर्देश दिए कि वह पट्टा आवंटन को लेकर उत्पन्न हो रही दिक्कतों का प्राथमिकता से समाधान कराएं। उन्होंने कहा कि दो हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल वाले तालाबों में मत्स्य पालकों की समिति के माध्यम से मत्स्य पालन कराए जाने का प्रावधान है इसलिए विभागीय अधिकारी समितियों के गठन को लेकर भी संवेदनशीलता दिखाएं। उन्होंने निषाद राज बोट योजना, मछुआ दुर्घटना बीमा योजना, उत्तर प्रदेश मत्स्य पालक कल्याण कोष, प्रधानमंत्री मत्स्य किसान सह-समृद्धि योजना आदि के बारे में भी समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने मत्स्य पालकों को मछुआ दुर्घटना बीमा और एनएफडीपी के तहत पंजीकरण पत्र प्रदान किया।

## जिले के नवचयनित 44 कनिष्ठ सहायकों को मिला नियुक्ति पत्र, प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण

**मुरादाबाद।** प्रदेश स्तर पर लोकभवन में आयोजित मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा कनिष्ठ सहायक और एक्सरे टेक्नीशियन को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट सभागार में मा. महापौर नगर निगम मुरादाबाद श्री विनोद अग्रवाल, एमएलसी श्री जयपाल सिंह व्यस्त और एमएलसी श्री गोपाल अंजान और जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह की उपस्थिति में सजीव प्रसारण कराया गया। इसके बाद महापौर और एमएलसी द्वारा सरकार की निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से नवयुवक और नवयुवतियों को सरकारी सेवाओं से जोड़ने की प्रतिबद्धता के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान जिले के चयनित 44 कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

## एक नजर

### तहसीलदार ने सुपरवाइजरों की बैठक कर दिए जरूरी दिशा निर्देश



**कांठ।** पंचायत चुनावों की तैयारियों को लेकर तहसीलदार ने सुप. रवाइजरों के साथ बैठक की और जरूरी दिशा निर्देश दिए। बैठक का उद्देश्य चुनाव संबंधी कार्यों की प्रगति की समीक्षा करना और आने वाली समस्याओं का समाधान करना था।

तहसीलदार ने सभी सुपरवाइजरों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्र के बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) से तुरंत रिपोर्ट प्राप्त कर उच्च अधिकारियों को भेजें। उन्होंने यह भी कहा कि अगर किसी भी स्तर पर कोई समस्या आती है, तो उसका तुरंत निवारण करने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में पल्लवी चौहान को न्याय पंचायत मोड़ी का सुपरवाइजर बनाया गया, जिसके अंतर्गत 14 बीएलओ कार्य करेंगे। उन्हें अपने क्षेत्र के कार्यों की निगरानी और रिपोर्टिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई। उधर ग्रामीणों का कहना था कि जब बीएलओ उनसे मतदाता संबंधित जानकारी या दस्तावेज लेते हैं, तो उन्हें कोई प्राप्ति रसीद नहीं दी जाती है। ग्रामीणों ने इस संबंध में बीएलओ से बात भी की, बताया कि ऐसी कोई रसीद देने का प्रावधान नहीं है। उधर ग्रामीणों ने पावति रसीद दिए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया है।

# लायंस क्लब ने शिक्षक दिवस पर किया सम्मान समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** लायंस क्लब चन्दौसी द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर नगर के वृंदा रेस्टोरेंट में गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष लायन एल.एन. वार्ष्णेय ने की। समारोह का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं क्लब के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों के समाज निर्माण में योगदान पर चर्चा की गई।



वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक केवल शिक्षा ही नहीं देते बल्कि विद्यार्थियों को जीवन के संस्कार भी सिखाते हैं। कार्यक्रम में नगर के प्रख्यात शिक्षाविद प्रोफेसर डॉ. एस.के. अग्रवाल (सेवानिवृत्त प्रवक्ता, एस.एम. डिग्री कॉलेज) और सुषमा उपाध्याय (प्रिंसिपल, नानकचंद्र इंटर कॉलेज) को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उन्हें शॉल, प्रतीक चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने शिक्षकों के मार्गदर्शन को समाज के लिए अमूल्य बताया। समारोह में क्लब पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने शिक्षकों के आदर्शों पर चलने और शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय सहयोग का संकल्प भी लिया।

कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन करते हुए क्लब अध्यक्ष लायन एल.एन. वार्ष्णेय ने कहा कि शिक्षक दिवस केवल एक दिन नहीं बल्कि हर दिन हमें गुरुजनों के प्रति सम्मान की भावना रखने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के उपरांत स्वरुचि भोजन कराया गया और गोष्ठी की समाप्ति की घोषणा की गई।

# एसएम कॉलेज प्राचार्य ने नौ लोगों के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** एस.एम. कॉलेज में आयोग से चयनित प्राचार्य डॉ. दानव. ीर सिंह यादव व प्रबंध समिति के बीच चल रहा विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। प्राचार्य की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने कॉलेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष समेत आठ नामजद और अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में बीएनएस की संगीन धाराओं में एफआईआर दर्ज की है जिसमें संजय कुमार, आदित्य कुमार, डॉ. जाकिर हुसैन, डॉ. हेमंत कुमार, डॉ. अजय अस्थाना, अनुराधा, मीनाक्षी सागर, डॉ. अजय कुमार और सोसाइटी के अन्य सदस्यों के नाम शामिल हैं। प्राचार्य डा. दानवीर सिंह यादव का कहना है कि एस.एम. कॉलेज के प्रबंध तंत्र द्वारा झूठे तथ्यों पर एक अलग श्यामसुंदर मेमोरियल कॉलेज सोसाइटी के नाम से बनाकर एस. एम. कॉलेज की समस्त भूमियां निजी लाभ के लिए हस्तांतरित कर दीं जबकि कॉलेज के द्वारा भूमि सोसाइटी के नाम अंतरण किए जाने का कोई विधिक अधिकार प्राप्त नहीं है। प्राचार्य डॉ. दानवीर का कहना है कि कॉलेज संपत्ति की सुरक्षा उनकी जिम्मेदारी है, और यदि कोई सदस्य जालसाजी या तथ्यों को छिपाकर संस्था को नुकसान पहुंचाता है तो कार्रवाई आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नियोजक का कर्तव्य है कि सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करे, लैंगिक उत्पीड़न के खिलाफ आदेश प्रदर्शित करे और ऐसे कदाचार पर सख्त कार्रवाई करे। डॉ. दानवीर ने यह भी कहा कि जो लोग स्वयं आपराधिक गतिविधियों में लिप्त हैं, वही जांच कमेटी में बैठे हैं। यह नियमों के विपरीत है। साथ ही उन्होंने एस.एम. कॉलेज के गेट-1 और 2 पर लगाए गए बोर्डों का विरोध किया। उनके अनुसार इस प्रकार का प्रदर्शन सार्वजनिक रूप से अपमानित करने जैसा है। साथ ही इस संबंध में श्याम सुंदर मेमोरियल सोसाइटी के ज्वाइंट सेक्रेटरी संजय कुमार का कहना है कि महिला उत्पीड़न आदि को लेकर प्राचार्य के निलंबन के मामले में उन पर और प्रबंध समिति पर दबाव बनाने के लिए गलत आरोप लगाए जा रहे हैं। महाविद्यालय की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है जो मामले उठाए गए हैं, वह कोर्ट के मामले हैं, उन्हें क्रिमिनल रुप दिया जा रहा है।

कुल मिलाकर दबाव बनाने की राजनीति की जा रही है। फिलहाल एस.एम. कॉलेज के प्राचार्य डा. दानवीर सिंह और प्रोफेसर डा. प्रवीण कुमार कॉलेज प्रबंध समिति से चल रहा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है।

## जटपुरा में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को पुष्प अर्पित कर शिक्षक दिवस मनाया




**कुंदरकी।** ब्लॉक के जटपुरा में शिक्षकों के समाज में अमूल्य योगदान, उनके ज्ञान, संस्कार और मार्गदर्शन के लिए उनके प्रति सम्मान और आभार व्यक्त किया गया ।सभी छात्रों ने अपने गुरुओं को धन्यवाद दिया और शिक्षक दिवस मनाकर गुरु-शिष्य परंपरा को मजबूत किया ।यह दिन सभी छात्र व शिक्षक के लिए बेहद ही खास होता है। शिक्षक ही हमारे जीवन के सबसे अहम गुरु होते हैं, जो हमें भविष्य में सही रास्ता दिखाने, मार्गदर्शन करने व जीवन में कुछ बड़ा करने के लिए हमेशा प्रेरित करते हैं। शिक्षक हमारे लिए किसी भगवान से कम नहीं होते हैं। शिक्षक की हमारे जीवन में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है।इस अवसर पर विशेष भोज की व्यवस्था में रसोइयों का योगदान रहा। अंत में सभी को उपहार देकर आभार व्यक्त किया गया ।

## बहेलिया व घुमंतू जातियों के लिए जल्द बनेगा विशेष बोर्ड मकान और कॉलोनियां भी उपलब्ध कराएगी योगी सरकार



**मुरादाबाद।** राष्ट्रीय बहेलिया जनजाति विकास मंच की एक मीटिंग खुशहालपुर स्थित एक बैंकट हॉल में संपन्न हुई, जिसमे राष्ट्रीय अध्यक्ष नेम सिंह बहेलिया ने बताया की जल्द प्रदेश सरकार घुमंतू और विमुक्त जातियों के कल्याण के लिए एक विशेष बोर्ड का गठन करेगी।साथ ही इन जातियों के लोगों को कॉलोनी और मकान उपलब्ध कराने व बच्चो को शिक्षित करने की योजना पर भी काम किया जाएगा।राष्ट्रीय अध्यक्ष नेम सिंह ने कहा कि नट, बंजारा, बावरिया, सासी, कंजड़, कालबेलिया, सपेरा और जोगी जैसी जातियां देश की वह वीर जातियां हैं, उन्होंने कहा कि इन जातियों ने कभी मुगलों के खिलाफ तो कभी अंग्रेजों के खिलाफ अदम्य साहस के साथ लड़ाई लड़ी।वनटांगिया समाज का उदाहरण देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि बीजेपी की इस सरकार ने उन्हें राजस्व गांव का दर्जा, मताधिकार, घर, स्कूल और अस्पताल की सुविधाएं उपलब्ध कराईं। इसी प्रकार मुसहर, कोल, थारू, गौड़, चेरो और सहरिया जैसी जातियों को भी सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया है। कुम्हार, निषाद और राजभर समाज को भी सरकार ने विकास की मुख्यधारा से जोड़ा है,अब विमुक्त और घुमंतू जातियों को भी सरकार की ओर से जमीन के पट्टे और मतदान का अधिकार सुनिश्चित किया जाएगा।।

# हथियारों के बल पर दम्पति से हुई लूट के मामले में चार दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में गुरुवार की शाम 07:30 बजे करीब बाइक सवार दम्पति हरेंद्र सिंह व प्रेमलता से दारनी और भूड़ी चौराहे के बीच बाइक सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने हथियारों के बल पर गहने व नकदी लूट ली। लूटपाट करने के बाद बदमाश शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए दारनी की ओर भाग गये। रात्रि में ही पुलिस द्वारा पीडिघ्त की ओर से अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया। लूट की घटना को चार दिन बीत जाने के बाद भी बदमाश पुलिस की पकड़ से बाहर है। वहीं राजस्थल गांव से 28 अगस्त को दिन में ही बाइक सवार तीन युवकों द्वारा एक बकरा उठाकर ले जाने की घटना में भी 10 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस खाली हाथ है। राजथल में हुकम सिंह पुत्र भूरे का बकरा उठाकर ले गए थे बाइक सवार।

## बेदखली सूचना

मैंने अपने पुत्र मौ0 नावेद व पुत्रवूध श्रीमती ईरम को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी इत्यादि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**मुसर्रत जहां पत्नी स्व. श्री मौ. शफीक निवासी अल अमीन पब्लिक स्कूल मौ० मानपुर बुद्ध बाजार तह.व जिला मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी०डि०)/एफटीसी कोर्ट महोदय, जिला मुरादाबाद।**

**विविध वाद संख्या:** 44/2023

**तारीख पेशी:** 22.09.2025

**कोमल बनाम श्रीमती निशा**

कोमल आयु लगभग 30 वर्ष पुत्री स्व. ओमप्रकाश निवासनी मौहल्ला दौलत बाग, वाल्मीकि नगर, मुरादाबाद-**वादी।**

**बनाम**

1. श्रीमती निशा आयु लगभग 32 वर्ष पत्नी पवन कुमार पुत्री स्व. ओम प्रकाश निवासनी मकान नं. 308, वासुदेव मंदिर के पास, मौहल्ला कुरैशी, शिव नगर अमरोहा, 2. श्रीमती संध्या आयु लगभग 38 वर्ष पत्नी राकेश कुमार पुत्री स्व. ओम प्रकाश निवासनी मकान नम्बर 121, न्यू कालौनी 24 पीएसी मुरादाबाद **3. जनता आम-विपक्षीगण।**

इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (सी.डि./एफटीसी कोर्ट मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा कोमल हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा कोमल मुसबफा ओमप्रकाश अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1887 ई. बकत रू.300000/- हरगाह मुसम्मा कोमल ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 22 मास 09 सन् 2025 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (सी.डि.)/ एफटीसी कोर्ट मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें।

दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन मिसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

**प्रबंधक**

**न्यायालय सिविल जज (सी०डि०)/एफ०टी०सी०, जनपद-मुरादाबाद।**

हेतु संर्दिशत करने की सूचना

(साधारण प्रारूप)

**न्यायालय श्रीमान अपर जिला जज फास्ट ट्रैक कोर्ट नं. 2 महोदय, जनपद-मुरादाबाद।**

**विविध वाद सं० :** 267/2024

**तारीख पेशी:** 17.09.2025

शहरोज खां पुत्र श्री मोइनउद्दीन खां निवासी घेर नासिर खां रामपुर-**वादी**

**बनाम**

1/2-श्री अमीर खां पुत्र श्री रफीक उर रहमान खां मरहूम निवासी मौहल्ला घेर सैद खां, मुरादाबाद।

चूंकि उपर्रिनामांकित प्रार्थी/ अपीलांट के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि प्रार्थना पत्र रेस्टोरेशन अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2025 के माह 09 के दिवस 17 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 09 के दिवस 08 को निकाली गयी है।

**अहलमद**

**द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मुरादाबाद।**

## महर्षि वाल्मीकि शोभायात्रा को लेकर हुई बैठक

**चन्दौसी।** महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव समारोह समिति द्वारा आगामी 07 अक्टूबर 2025 को शरद पूर्णिमा के अवसर पर महर्षि वाल्मीकि शोभायात्रा के संबंध में बैठक की गई जिसमें शोभायात्रा के अध्यक्ष कैलाशचंद्र चटवाल व महामंत्री अजय कुमार राजवर को समारोह समिति का गठन करने हेतु अधिकृत किया गया।

बैठक में प्रमोद वाल्मीकि, मदनपाल, अजय चौहान, संजय राजौरिया, राजकुमार, रॉकी वाल्मीकि, अरविंद एड., नवल चौहान, जय कुमार, विजय कुमार, विक्रम, सुरेश, रितिक वाल्मीकि, विशाल वाल्मीकि, राहुल आदि मौजूद रहे।

## कार्यालय ग्राम पंचायत करनावाला जब्ती
### विकास खंड-ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद)।

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/निविदा/2025-26 दिनांक: 08.09.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत करना वाला जब्ती में पंचम राज्य वित्त/ केन्द्रीय वित्त आयोग योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 17.09.2025 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.30 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्तें एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत | जमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अमर सिंह के घर से पंकज के घर तक सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | रेत, ईंट, रोड़ी, सीसी टाईल्स आदि। | 250104/- | 5003 | 250/- | 3 माह |
| 2 | धर्मवीर के घर से मदन सिंह के घर तक सीसी टाईल्स व नाली निर्माण कार्य। | सीमेंट, बजरफुट, ईंट, रोड़ी, रेत, सीसी टाईल्स बजरी आदि। | 234891/- | 4698 | 250/- | 3 माह |
| 3 | राजेश के घर से विनीत के घर तक सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | रेत, रोड़ी, सीसी टाईल्स आदि। | 242454/- | 4850 | 250/- | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-करनावाला जब्ती**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

## टिमिट केएमबीए 2025-26 बैच के छह मेधावी छात्रों का प्रतिष्ठित कंपनी में चयन



अनुभा गौतम | बबलू कुमार यादव | मणि कुमार

पुलकित | सीमा सिंह | मानवी जैन

**मुरादाबाद।** टिमिट-कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट का नया शैक्षणिक सत्र विद्यार्थियों के लिए अनेक सुनहरे अवसर लेकर आया है। शुरुआत से ही देश की नामी कंपनियाँ कैंपस में आ रही हैं और लगातार हमारे छात्र-छात्राओं को उच्च पैकेज पर अवसर प्रदान कर रही हैं। यह उपलब्धि कॉलेज के उत्तम सिलेबस, अनुभवी फैकल्टी, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और प्लेसमेंट टीम के मजबूत कॉरपोरेट संबंधों का परिणाम है। हाल ही में बहुप्रतिष्ठित कंपनी "इंटर्नस इलाइट एडटेक प्रा. लि." ने टिमिट के होनहार विद्यार्थियों-अनुभा गौतम, बबलू, कुमार यादव, मणि कुमार, पुलकित, सीमा सिंह और मानवी जैन को बिजनेस डेवलपमेंट एसोसिएट पद पर चयनित किया है। फैकल्टी द्वारा लगातार मेंटॉरशिप, करियर काउंसलिंग और इंडस्ट्री-रेडी स्किल ट्रेनिंग ने इन विद्यार्थियों की इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस चयन के साथ टिमिट कॉलेज ने एक बार फिर साबित किया है कि यहाँ से निकलने वाले विद्यार्थी कॉरपोरेट जगत में प्रतिस्पर्धा करने और नेतृत्व करने में पूरी तरह सक्षम हैं। कॉलेज प्रबंधन, फैकल्टी और प्लेसमेंट सेल ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दीं और विश्वास जताया कि वे अपने उज्ज्वल करियर से संस्थान का नाम और रोशन करेंगे।इस अवसर पर संस्थान के डीन-फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट प्रो. (डॉ.) विपिन जैन ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि टिमिट छात्रों, कार्पोरेट जगत व अभिभावकों के प्रति अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाता रहेगा व गुण्वत्ता परक रोजगार परक शिक्षा के लिये हर संभव प्रयास करता रहेगा।

टिमिट के छात्र-छात्राओं को बेहतरीन प्लेसमेंट प्राप्त होने पर सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की व आशीर्वाद दिया और कहा कि हमारे छात्र-छात्रायें वैश्विक स्तर पर टिमिट, टीएमयू का नाम रोशन करें और नई तकनीक व खोज दुनिया को प्रदान करें। इस अवसर पर कॉरपोरेट रिसोर्स सेंटर के असि0 डायरेक्टर श्री आकाश भटनागर ने कम्पनी के अधिकारियों का धन्यवाद व्यक्त किया व विद्यार्थियों को कडी मेहनत व लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का मूलमंत्र प्रदान किया। विद्यार्थियों में बेहतरीन प्लेसमेंट पाकर उत्सव का माहौल है व अभिभावकों की प्रशंसा लगातार मिल रही है।

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी मूढ़ापांडे (मुरादाबाद)

पत्रांक: 2731/-आंकिक/क्षे0पं0/पत्रा0/2025-26 **दिनांक:** 06.09.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां केन्द्रीय वित्त आयोग/पंचम राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत निम्नलिखित विवरणानुसार निर्माण कार्य करायें जाने हेतु पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों से दिनांक-07.09.2025 से दिनांक-22.09.2025 की अपरान्ह 12.00 बजे तक नीचे दर्शाये गये कार्यों की पृथक-पृथक सीलबंद निविदायें (तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड पृथक-पृथक लिफाफों में) प्रतिशत दर के आधार पर आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक-22.09.2025 को अपरान्ह 2.00 बजे उपस्थिति निविदादाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा गठित समिति द्वारा कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, मूढापाण्डे में खोली जायेंगी। कार्य से सम्बन्धित विवरण, निविदा एवं नियम-शर्ते कार्यदिवस में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से निर्धारित निविदा प्रपत्र मूल्य जमा कर दिनांक-22.09.2025 की अपरान्ह 11.00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है। कार्यादेश धनराशि की उपलब्धता के आधार पर निर्गत किये जायेंगे। किसी भी निविदा अथवा सम्पूर्ण निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। कार्य पूर्ण करने की अवधि 03 माह है। सशर्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | स्वीकृत लम्बाई मीटर में | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | धरोहर राशि (रू० में)। | निविदा प्रपत्र मूल्य (रू. में) 500+500 stationery etc |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम सलेमपुर में मैन रोड पुलिया से रामपाल के घर के पास तक नाली व सी०सी० टाईल्स मार्ग (इंटरलॉकिंग) कार्य। | 120 | 999000.00 | 20,000.00 | 1,000.00 |
| 2 | ग्राम भूखापुर में मुख्य मार्ग से सत्या के घर की ओर नाली व सी०सी० टाईल्स मार्ग (इंटरलॉकिंग) कार्य। | 140 | 999000.00 | 20,000.00 | 1,000.00 |
| 3 | ग्राम गतौरा में सोमपाल (रामपाल) के घर से मैन रोड तक नाली व सी०सी० टाईल्स मार्ग (इंटरलॉकिंग) कार्य। | 100 | 751000.00 | 15,000.00 | 1,000.00 |
| 4 | ग्राम डिलरा रायपुर में डललू सिंह के घर के पास से कुन्न/पप्पू के घर की ओर नाली व सी०सी० रोड निमार्ण कार्य। | 95 | 999000.00 | 20,000.00 | 1,000.00 |
| 5 | ग्राम गोविन्दपुरकला में पी०डब्लू०डी० रोड से गवां देवता की ओर नाली व सी०सी० टाईल्स मार्ग (इंटरलॉकिंग) कार्य। | 135.50 | 999000.00 | 20,000.00 | 1,000.00 |
| 6 | खरगपुर जगतपुर में जफर क घर से शमशान घाट तक नाला निर्माण कार्य। | 114 | 999000.00 | 20,000.00 | 1,000.00 |
| 7 | बिनावाला में घनश्याम के घर से बहल्ला नाले की ओर नाला निर्माण कार्य। | 150 | 920000.00 | 19,000.00 | 1,000.00 |
| 8 | ग्राम मदनापुर में पी०डबलू०डी मार्ग से शाहिद के घर की ओर नाली व सी०सी० टाईल्स मार्ग (इंटरलॉकिंग) कार्य। | 99 | 999000.00 | 20,000.00 | 1,000.00 |
| 9 | ग्राम मौहम्मदपुर में विशेष प्रधान जी के घर से प्रभात के घर की ओर नाली व सी०सी० टाईल्स मार्ग (इंटरलॉकिंग) कार्य। | 135 | 415000.00 | 20,000.00 | 1,000.00 |
| 10 | वि. खण्ड मूंढापाण्डे परिसर में अनावासीय भवनो की छत मरम्मत विद्युत तारो की मरम्मत बिजली के मैन बोर्ड की मरम्मत आदि कार्य। | जॉब वर्क | 999000.00 | 11,000.00 | 1,000.00 |
| 11 | ब्लॉक परिसर में छोटे मीटिंग हॉल / ए०डी०ओ० रूम की मरम्मत / सौन्दर्यकरण कार्य, बिजली एवं अन्य मरम्मत कार्य। | जॉब वर्क | | 20,000.00 | 1,000.00 |

**खण्ड विकास अधिकारी**
**मूढ़ापाण्डे (मुरादाबाद)**

**प्रमुख**
**क्षेत्र पंचायत-मूढ़ापाण्डे (मुरादाबाद)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत ख्वाजपुर धन्तला
### विकास खंड-ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद)।

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/निविदा/2025-26 दिनांक: 08.09.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत ख्वाजपुर धन्तला में पंचम राज्य वित्त/ केन्द्रीय वित्त आयोग योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 17.09.2025 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.30 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्तें एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत | जमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ख्वाजपुर धन्तला के पंचायत घर का मरम्मत व सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेत, बजरफुट रोड़ी, बजरी, ईंट, स्टील के दरवा. जे, पेंट, बिट्रीफाईट टाईल्स, सेनेटी आईटम्स आदि। | 1,62,384/- | 3248 | 250/- | 3 माह |
| 2 | महेश के घर से करन सैनी के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेत, ईंट, रोड़ी, ईंट, बजरफुट, बजरी आदि। | 2,20,020/- | 4401 | 250/- | 3 माह |
| 3 | करन सिंह के खेत से खलिया तक नाला निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेत, ईंट, रोड़ी, ईंट, बजरफुट, बजरी आदि। | 3,24,806/- | 6497 | 250/- | 3 माह |
| 4 | ग्राम पंचायत में विभिन्न स्थानों पर पुलिया निर्माण कार्य। | सीमेंट रेत, ईंट, रोड़ी, ईंट, बजरफुट, बजरी, स्टील सरिया आदि। | 344619/- | 6893 | 250/- | 3 माह |
| 5 | ग्राम पंचायत में जाटवों वाली पुलिया का निर्माण कार्य। | सीमेंट, ईंट, बजरफुट, बजरी, स्टील सरिया आदि। | 1,21,520/- | 2431 | 250/- | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-ख्वाजपुर धन्तला**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

# सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर ठगे आठ लाख फर्जी जॉइनिंग लेटर थमाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** सीआरपीएफ में नौकरी दिलाने के झांसे में एक शातिर ठग ने किसान के बेटे से 8 लाख रुपये की ठगी कर ली और फर्जी जॉइनिंग लेटर थमाया। जब पीड़ित ने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने उन्हें और उनके बेटे को जान से मारने की धमकी दी।

कोतवाली क्षेत्र के गांव भायपुर निवासी बलवीर सिंह ने पुलिस को तहरीर दी कि 15 नवंबर 2021 को थाना क्षेत्र के गांव असलमपुर निवासी एक व्यक्ति ब्लॉक परिसर ठाकुरद्वारा में मिला और खुद को सीआरपीएफ का कमांडेंट बताया। उसने कहा कि किसी बच्चे को भर्ती कराना हो तो वह मदद कर सकता है। पीड़ित परिवार ने वक्त लेते हुए आरोपी पर विश्वास किया और बताए गए बैंक खाते में अलग-अलग तिथियों में नकद राशि सहित कुल 8 लाख रुपये जमा कर दिए। 15 अगस्त 2023 को आरोपी, जो उसके भाई बताए गए, भायपुर आया और विकास कुमार के नाम पर जॉइनिंग लेटर सौंपा। लेटर में लिखा था कि ट्रेनिंग 22 नवंबर 2023 से उड़ीसा में होगी। लेकिन जब पीड़ित परिवार ने लेटर की जांच की तो पता चला कि वह पूरी तरह फर्जी था। इसके बाद कई बार पंचायत और बातचीत हुई, जिसमें आरोपी ने वादा किया कि 10 फरवरी 2024 तक पैसे वापस कर दिए जाएंगे। बावजूद इसके रकम आज तक वापस नहीं की गई। जब पिता-पुत्र ने पैसे मांगने की कोशिश की तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी।

जीसपर पीड़ित बलवीर सिंह ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई कर रकम वापस दिलाने की मांग की है।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार महिला की मौत, परिजनों में कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** बाइक सवार दंपति की बाइक के सामने कुत्ता आ जाने से अनियंत्रित होकर गिर गई। जिसमें महिला गम्भीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों की मदद से 108 एम्बुलेंस की मदद से नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहाँ पर चिकित्सकों में महिला को मृत घोषित कर दिया। उत्तरखंड के जसपुर निवासी मनोज यादव अपनी पत्नी मंजू देवी के साथ बाइक पर सवार होकर थाना डिलारी जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार दंपति रतुपुरा के निकट पहुँचे तभी बाइक के सामने आए कुत्ते को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित हो गई। जिसमें बाइक पर सवार महिला सड़क पर गिर गई। जिसमे मंजू देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। मौके पर मौजूद राहगीरों ने तुरंत 108 एम्बुलेंस को सूचना दी और घायल महिला को नगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और घर में मातम का माहौल पसर गया।

# परिवार पर लाठी-डंडों से हमला

## युवक गंभीर रूप से घायल, आईसीयू में भर्ती, तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लालापुर पीपलसाना में पुरानी रंजिश के चलते एक परिवार पर पड़ोसियों ने लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे हालत नाजुक होने पर आईसीयू में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लालापुर पीपलसाना निवासी मुन्ना सिंह पुत्र फूलचंद ने पुलिस को दी तहरीर देकर कहा कि 4 सितंबर की शाम करीब 7 बजे गांव के ऋषिपाल पुत्र कुड़वा, राजवीर पुत्र ऋषिपाल और मुन्नी देवी पत्नी ऋषिपाल लाठी-डंडे व लोहे की रॉड लेकर जबरन उसके घर में घुस आए। आरोप है कि राजवीर और ऋषिपाल ने गाली-गलौज करते हुए उसके बेटे रिंकू पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जिससे उसका सिर फट गया और वह खून से लथपथ होकर बेहोश हो गया। इसके बाद ऋषिपाल और मुन्नी देवी ने लाठी-डंडों से पीड़ित परिवार को पीटा। शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बमुश्किल हमलावरों से पीड़ित परिवार को बचाया। हमलावर जाते-जाते जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। वही गंभीर रूप से घायल रिंकू को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया हालत गंभीर बताते हुए चिकित्सकों ने घायल को हायर सेंटर रेफर किया गया। गया। सीटी स्कैन रिपोर्ट में खोपड़ी की हड्डी टूटने की पुष्टि हुई है और युवक आईसीयू में जीवन-मौत से जूझ रहा है।

पीड़ित पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी। वही कोतवाली पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने राजीव ऋषिपाल, मुन्नी देवी तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## नाबालिग छात्रा लापता, अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र से नाबालिग छात्रा लापता हो गई। परिजनों की काफी तलाश के बाद भी छात्रा का कोई सुराग नहीं लग सका। मामले में छात्रा के पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जयनगर निवासी छात्रा के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उनकी 15 वर्षीय पुत्री 6 सितंबर की सुबह करीब 9.30 बजे घर से निकली थी, लेकिन इसके बाद से वापस नहीं लौटी। परिजनों ने रिश्तेदारी और आस-पड़ोस में काफी तलाश की, मगर कोई जानकारी नहीं मिल सकी। आशंका जताते हुए पिता ने बेटी की सुरक्षित बरामदगी की गुहार लगाई है। वही कोतवाली पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छात्रा की तलाश शुरू कर दी है।

## एक नजर

### सात अक्टूबर को निकलेगी वाल्मीकि जयंती पर शोभायात्रा, बनाई रणनीति

**बिलारी।** 7 अक्टूबर को नगर में बाल्मीकि जयंती पर शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा को लेकर तैयारियां की गई।

सोमवार को हुई बैठक में शोभा यात्रा की तैयारी पर चर्चा हुई। जिसमें कार्यक्रम को लेकर जिम्मेदारियां दी गई। शोभायात्रा की तैयारी को लेकर कमेटी का अध्यक्ष शंभू नाथ वाल्मीकि, मेला मीडिया प्रभारी कपिल राज सिंह को बनाया गया। इसके अलावा संरक्षक मंडल में गजराम सिंह बाल्मीकि, आजाद राव रत्नाकर, राजेंद्र सहदेव, बृजनंदन वाल्मीकि, प्रदीप कुमार वाल्मीकि को बनाया गया। इसके साथ ही उपाध्यक्ष जीतू वाल्मीकि, नीरज प्रेमी, युवा कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार वाल्मीकि, सह सचिव रिंकू वाल्मीकि को बनाया गया। कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए सभी से निवेदन किया कि वह अभी से तैयारी करें। इसके अलावा शोभा यात्रा में अनेकों भव्य झांकी शामिल करने को लेकर रणनीति बनाई गई।

### पुलिस ने बंद कराए लाउडस्पीकर, आदेश की अवहेलना पुलिस के जाने के बाद दोबारा बजाए गए स्पीकर

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव दियौरा खास में रविवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मस्जिद के निकट जलसे का आयोजन किया। कार्यक्रम स्थल पर लगे पंडाल के बाहर छतों पर तेज आवाज में एक दर्जन लाउडस्पीकर लगाकर बजाने का ग्रामीणों ने आपत्ति जताते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छतों पर लग रहे लाउडस्पीकर बंद करा दिये। पुलिस के जाने के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने फिर से छतों पर लाउडस्पीकर लगा कर तेज आवाज में बजाने शुरू कर दिये। पंडाल के बाहर छतों पर दोबारा से लाउडस्पीकर बजाने की जानकारी मिलने पर पुलिस ने दोबारा से पहुंच कर लाउडस्पीकर बंद कराये और कार्यक्रम स्थल पर बने पंडाल में ही साउंड बजाकर कार्यक्रम किया गया। रात्रि में कार्यक्रम के दौरान कुढ़फतेहगढ़ पुलिस तैनात रही।

### शिक्षकों को प्रदान किया जा रहा है पांच दिवसीय प्रशिक्षण



**बिलारी।** ब्लॉक संसाधन केंद्र में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत एफएलएन एवं एनसीईआरटी की पाठय पुस्तकों पर आधारित प्राथमिक शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण खंड शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के अंतर्गत कक्षा तीन में एनसीईआरटी द्वारा तैयार की गई हिंदी गणित एवं अंग्रेजी की पुस्तकें क्रमश: वीणा, गणितीय मेला और संतूर पर शिक्षकों ने अपनी समझ विकसित की, साथ ही कक्षा एक से पांच तक विभाग द्वारा प्राप्त कराई गई संदर्शिकाओं पर भी समझ विकसित की गई।प्रशिक्षण संदर्भदाता एआरपी अक्षय कुमार, अशोक कुमार,प्रवीण कुमार,भानु प्रताप सिंह एवं मंजरी कपूर द्वारा दिया गया।

### पूर्व अध्यक्ष मेहंदी हसन खान ने किए दो कमरे जेएलएम इंटर कॉलेज को दान



**कुन्दरकी।** जेएलएम इंटर कॉलेज में सोमबार को एक खास अवसर पर दो कमरों का निर्माण कार्य शुरू किया गया। इन कमरों का निर्माण पूर्व चेयरमैन व मौजूदा चेयरमैन के पति मेहंदी हसन खान ने अपनी माता और पिता की याद में करवाया है। उन्होंने घोषणा की कि यह दोनों कमरे वे कॉलेज को दान स्वरूप देंगे। कमरों का नामकरण मरहूम पूर्व प्रधानाचार्य इशरत हाल के नाम से किया जाएगा। इस अवसर पर कॉलेज के अध्यक्ष जीत मेहंदी, प्रबंधक खलील अहमद, प्रधानाचार्य रफत अली समेत कई सभासद और गणमान्य लोग मौजूद रहे। मेहंदी हसन खान ने कहा कि शिक्षा ही समाज को रोशनी देती है और बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए सुविधाओं का विस्तार करना हर किसी का कर्तव्य है। वहीं, कॉलेज प्रबंधन और उपस्थित लोगों ने इस नेक पहल की सराहना की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। कॉलेज प्रबंधन खलील अहमद ने कहा जेएलएम इंटर कॉलेज एक संस्था हम सब को चाहिए कि हम मिलजुल कर इसका निर्माण कराएं जो व्यक्ति या छात्र दान देना चाहता है वह दे सकता है।

### कार में अचानक आग लगने से बाल-बाल बचे यात्री

**ठाकुरद्वारा।** थाना डिलारी के गांव करनपुर निवासी मनोज कुमार पुत्र सोरन सिंह अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी से पेट का पेपर दिलवाने के लिए बच्चों को मेरठ ले गए थे। वापसी में लौटते समय ठाकुरद्वारा-कांठ रोड पर नीला कुंडा के समीप कार में अचानक धुआं उठने लगा। ड्राइवर ने सूझबूझ से गाड़ी बंद कर चाबी निकाल ली, जिससे गाड़ी के लॉक खुल गए और सभी सवार यात्री बाहर निकल गए। गाड़ी से बाहर निकलते ही कार में आग लग गई, जो विकराल रूप धारण कर लिया। गनीमत रही कि कार में सवार सभी लोग सुरक्षित पहले ही निकल गए थे, लेकिन कार जलकर राख हो गईं। मनोज कुमार ने बताया कि वह अपने बच्चों को पेट का पेपर दिलवाने के लिए मेरठ ले गए थे। वापसी में कार में अचानक धुआं उठने लगा, जिसे देखकर ड्राइवर ने सूझबूझ से काम लिया और सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

### शांतिभंग के आरोप में एक गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** मारपीट पर उतारू एक व्यक्ति को पुलिस ने शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव पीलकपुर गुमानी निवासी महिला ने अपने पति के साथ मारपीट पर उतारू गांव के ही जितेंद्र पुत्र शिवस्वरूप सिंह के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। इसपर पुलिस ने जितेंद्र को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। जितेंद्र का शांति भंग में चालान कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया। जहां उसे जमानत पर रिहा कर दिया है।

### चार उपद्रवियों को पाकबड़ा पुलिस ने भेजा जेल

**मुरादाबाद।** पुलिस अधीक्षक एबं क्षेत्राधिकार हाईवे के नेतृत्व में अभियान चलाया थाना क्षेत्र के उमरी सब्जीपुर में बारह वफात के दिन पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही दो पक्षों ने एक दूसरे पर पथराव किया था। जिसमें कई लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए थे सूचना पर पहुंची पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया हालात काबू में किए जिसमें सोमवार को चार उपद्रवी आसिफ, उस्मान, नाजिम, नासिर ,को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जहां से चारों को जेल भेजा गया अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी है।

# तहसील बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** तहसील बार एसोसिएशन की नव निर्वाचित निर्विरोध कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में बड़ी-बड़ी हस्तियां जुटीं इसमें अध्यक्ष विनय कुमार सिंह महासचिव सुनील कुमार कोषाध्यक्ष जबर सिंह समेत पूरी कार्यकारिणी को यूपी बार काउंसिल के सदस्य शिरीष मेहरोत्रा ने शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता अपनी यूनिफॉर्म को नहीं भूलें यह हमारा सुरक्षा कवच है और पहचान है इसी के माध्यम से हम अदालत में खड़े होकर पीड़ितों को इंसाफ दिलाने का काम करते हैं उन्होंने मांग उठाई कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में विधिक सलाहकार नियुक्त कर उनका न्यूनतम मंडे 5000 निर्धारित किया जाना चाहिए इसका सभी ने समर्थन किया। समारोह समारोह की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ शेफाली सिंह ने कहा कि अधिवक्ताओं की एकता अनुकरणीय है इसको अधिवक्ता बंधु समाज के निचले स्तर तक लेकर जाएं क्योंकि हमारे मंडल में सामाजिक एकता की अधिक जरूरत है।

ग्राम न्यायालय का अपना स्थाई भवन बनाए जाने, बिलारी सर्किल के सभी थानों से संबंधित पत्रावलियों की ग्राम न्यायालय में सुनवाई होने की मांग भी उठाई गई। विधायक मोहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि उनके पिता हाजी मोहम्मद




इरफान भी अधिवक्ता थे मैं भी एक अधिवक्ता हूं और अधिवक्ता हित के लिए हर समय तैयार हूं जहां भी जैसी जरूरत होगी मेरी पूरी पैरवी रहेगी। पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन सिविल जज जूनियर डिवीजन अशोक कुमार, एसडीएम विनय कुमार सिंह, एल्डर कमेटी के अध्यक्ष कमाल अकबर, सचिव आरके यादव, दी मुरादाबाद बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के अध्यक्ष आनंद मोहन गुप्ता, महासचिव कपिल गुप्ता, निवर्तमान अध्यक्ष प्रदीप सिन्हा बबली के अलावा बड़ी संख्या में अधिवक्ता शामिल रहे अधिवक्ताओं के अलावा सहकारी संस्थाओं के सभापति एवं गणमान्य लोग भी शामिल रहे। संयुक्त संचालक आफाक हुसैन और विक्रांत कुमार ने किया सभी का आभार नवनिर्वाचित अध्यक्ष विनय कुमार ने जताते हुए सभी को भोजन के लिए आमंत्रित किया।

# पर्यूषण पर्व के उपरांत आज क्षमाबाणी पर्व धूमधाम से मनाया

## क्षमा हमें अहंकार से दूर करके झुकने की कला सिखाता है: कौशल जैन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में पर्यूषण पर्व के उपरांत क्षमाबाणी पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया सर्वप्रथम सुबह जैन अनुयायियों द्वारा बेदी में विराजमान प्रतिमा जी का अभिषेक किया गया एवं शांतिनाथ भगवान की शांति धारा की गई आज विशेष पूजा रही अहिछत्र वाले पार्श्वनाथ भगवान श्री आदिनाथ भगवान नित्य नियम पूजा जिनवाणी एवं क्षमावाणी पर्व की रही क्षमा बाणी पर्व पर प्रकाश डालते हुए कौशल जैन ने बताया कि जैन धर्म हमें क्षमा भाव ही सीखता है क्षमा बाणी मन की कलुषता धोने का पर्व है अहंकार से दूर करके झुकने की कला सिखाता है हमारे तीर्थंकरौ ने संपूर्ण विश्व में शांति की स्थापना के लिए यह सूत्र दिया कि सभी जीवों से जाने अनजाने में किए गए समस्त अपराधों के लिए क्षमा याचना करते हैं क्षमा करने और क्षमा मांगने के लिए विशाल हृदय की आवश्यकता होती है अत: हमेशा एक दूसरे के प्रति क्षमा भाव रखना चाहिए यह सभी धर्मो का उपदेश है आज क्षमा वाणी के शुभ अवसर पर श्री श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर बिलारी में



पूजा एवं अभिषेक में सम्मिलित होने पर निम्न महिलाओं को एक कार्यक्रम में व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन एम व्यापार मंडल के संरक्षक कौशल जैन द्वारा उत्साह वर्धन हेतु सम्मानित किया गया सम्मानित होने में नेहा जैन शिल्पी जैन गरिमा जैन निधि जैन पूजा जैन चारू जैन शगुन जैन सुरभि जैन लवी जैन एवं मानसी जैन रही। इस अवसर पर उपस्थित रहे राकेश जैन कौशल जैन विनोद जैन संजय जैन प्रतीक शशांक जैन, आदीश कुमार जैन, पारूल अग्रवाल (जैन), अरिहंत जैन जैन राजीव जैन आर्याश जैन रीता जैन सीमा जैन रेखा जैन गरिमा जैन शिल्पी जैन शगुन जैन मिशिता नेहा जैन मानसी जैन कल्पना जैन आशा जैन आदि मौजूद रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 17 शिकायत दर्ज, मौके पर कोई निस्तारण नहीं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार में एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें 17 फरियादियों ने पहुच कर अपनी शिकायतें दर्ज कराते हुए निस्तारण की मांग की है। नगर में सोमवार सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार में एसडीएम प्रीति सिंह की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। इसमें 17 फरियादियों ने अपनी अपनी शिकायतें दर्ज कराते हुए निस्तारण कराए जाने की मांग की । मौके पर किसी भी शिकायत का निस्तारण नही किया गया। फरियादियों की शिकायतो का एसडीएम ने तत्काल प्रभाव से जांच कर निस्तारण करने के आदेश दिए गए है। सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसीलदार प्रवीण कुमार , कोतवाल प्रभारी जसपाल सिंह, सहित अन्य विभाग्य अधिकारी मौजूद रहे।

# आईएफटीएम में 'राष्ट्रीय पोषण सप्ताह' का सफलतापूर्वक समापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ साइंसेज के गृह विज्ञान विभाग की ओर से आयोजित पांच दिवसीय ''राष्ट्रीय पोषण सप्ताह- 2025'' सफलतापूर्वक समापन हो गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने इस कार्यक्रम के आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि भारत को विकसित बनाने में युवाओं की विशेष भूमिका होती है। युवाओं का रचनात्मक योगदान प्राप्त करने के लिए उन्हें सबसे पहले स्वस्थ बनाना होगा, जिसके लिए उनके स्वास्थ्यवर्धक खान-पान पर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। 'बच्चों से लेकर बुजगों तक सभी के लिए पौष्टिक भोजन' विषय पर आधारित इस पांच दिवसीय कार्यक्रम में विविध आयोजन हुए। कार्यक्रम के पहले दिन क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों से आहार एवं पोषण विज्ञान संबंधी प्रश्न पूछे गए। इस प्रतियोगिता में डिप्लोगा, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, तृतीय वर्ष के छात्र तरुण ने प्रथम, बीएससी, गृह विज्ञान, तृतीय वर्ष की छात्रा बाजिया फातिमा ने द्वितीय और डिप्लोमा,



मैकेनिकल इंजीनियरिंग, द्वितीय वर्ष की छात्रा आनंदराज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दूसरे दिन 'पोस्टर मेंकिंग प्रतियोगिता' में छात्र-छात्राओं ने पोस्टर्स के माध्यम से अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में बीएससी, गृह विज्ञान, तृतीय वर्ष की छात्रा बाजिया फातिमा प्रथम, बीएससी, गृह विज्ञान, द्वितीय वर्ष की छात्रा ईशा चहल व बीएससी, गृह विज्ञान, तृतीय वर्ष की छात्रा हर्षिता द्वितीय, जबकि बीएससी, गृह विज्ञान, द्वितीय वर्ष की छात्रा अन्चला और गोसिया तृतीय स्थान पर रहीं। तीसरे दिन 'भोजन बनाने की विधियों' की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रकार के पौष्टिक व्यंजन बनाकर संदेश दिया कि हमारे जीवन में पौष्टिक भोजन केवल बच्चों के लिए ही नहीं, बल्कि युवाओं, वयस्कों और बुजुर्गों सभी के लिए भी आवश्यक है। यह भी संदेश दिया गया कि हर उम्र में शरीर के सही विकास और अच्छे स्वास्थ्य के लिए उच्च गुणवत्तापूर्ण पोषण जरूरी है। संतुलित आहार से कुपोषण, मोटापा, मधुमेह, हृदय रोग जैसी स्वास्थ्य समस्याओं से बचा जा सकता है। इस प्रतियोगिता में बीएससी, गृह विज्ञान, तृतीय वर्ष की छात्रा दृष्टि चौहान प्रथम, बीएससी, गृह विज्ञान, द्वितीय वर्ष की छात्रा गोसिया द्वितीय और बीएससी, गृह विज्ञान, द्वितीय वर्ष की छात्रा ईशा चहल और फरहीना तृतीय स्थान पर रहीं। चौथे दिन 'निबंध लेखन प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने निबंध लेखन के माध्यम से स्वास्थ्य, शिक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस प्रतियोगिता में बीएससी, गृह विज्ञान, तृतीय वर्ष की छात्रा बाजिया फातिमा प्रथम, बीएससी, गृह विज्ञान, द्वितीय वर्ष की ईशा चहल द्वितीय और बीएससी, जेडबीसी, तृतीय वर्ष की छात्रा वंशिका चौहान तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम के अंतिम दिन 'ऑनलाइन स्लोगन लेखन प्रतियोगिता' आयोजित की गई, जिसमें स्वास्थ्य जागरूकता और सामाजिक संदेश फैलाने का सशक्त संदेश देने की कोशिश की गई।इस मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक डॉ. बी.के. सिंह ने बताया कि पौष्टिक भोजन हर आयु वर्ग के लिए सबसे बड़ी आवश्यकता है। बच्चों के लिए यह शारीरिक और मानसिक विकास का आधार है, युवाओं के लिए ऊर्जा और कार्यक्षमता का स्रोत है, वहीं बुजुर्गों के लिए रोग प्रतिरोधक क्षमता और लंबी उम्र का सहारा है। डॉ. सिंह द्वारा कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संयोजिका व गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. तृप्ति पाण्डेय के अलावा सह-संयोजिका मिस पायल सिंह, कार्यक्रम सचिव श्रीमती रूचि चौधरी की विशेष भूमिका रही। पांच दिन तक चले इस आयोजन में विश्वविद्यालय की 35 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। अंत में कार्यक्रम संयोजिका डॉ. पाण्डेय ने समापन समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों, स्कूलों के निदेशकों, शिक्षकों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

No - MC-15-LHB-WB-MB-2025 Date: 04.09.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मंडल यांत्रिक अभियंता मुरादाबाद के द्वारा ई टेंडर संख्या MC-15-LHB-WB-MB-2025 के अंतर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसके बंद होने की तिथि व समय 29.09.2025 को 17:30 बजे है जो बंद होने के बाद किसी भी समय वैबसाइट पर खोले जाएंगे। इस निविदा के अंतर्गत मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नही होगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| विभाग | सी & डब्लू | टेंडर सं. | MC-15-LHB-WB-MB-2025 |
| कार्य का नाम | Modification to pipe laying for waste water as per CAI No B-2022/04 (option-1) in LHB coaches of Moradabad Division for the period of Eight months. | | |
| निविदा टाइप | खुली निविदा | बिडिंग स्टाइल | सिंगल पैकेट सिस्टम |
| निविदा बंद होने की दिनाँक एवं समय | | 29.09.2025 17:30 बजे | |
| एडवेरटाइज्ड वेल्यू | 32,58,570/- रुपये | ऑफर की वैधता | 45 दिन |

2714/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे


ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मंडल यांत्रिक अभियंता मुरादाबाद के द्वारा ई टेंडर संख्या MC-15-ROH-MB-25 के अंतर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसके बंद होने की तिथि व समय 29.09.2025 को 15:00 बजे है जो बंद होने के बाद किसी भी समय वैबसाइट पर खोले जाएंगे। इस निविदा के अंतर्गत मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नहीं होंगें। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| विभाग | सी & डब्लू | टेंडर सं० | MC-15-ROH-MB-25 |
| कार्य का नाम | "Repair of Wagons during Routine Overhauling at ROH Depot Moradabad for the period of two years". | | |
| निविदा टाइप | खुली | बिडिंग स्टाइल | टू पैकेट सिस्टम |
| निविदा बंद होने की दिनाँक एवं समय | | 29.09.2025 15:00 बजे | |
| एडवेरटाइज्ड वेल्यू | 2,75,77,790.92/- रुपये | ऑफर की वैधता | 90 दिन |

No.:- MC-15-ROH-MB-25 Dated : 04.09.2025 2715/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



# अल्काराज ने जीता यूएस ओपन

● **अल्काराज ने सटीक सर्विस की और शानदार शॉट लगाकर फाइनल मुकाबले में जैनिक सिनर को 6-2, 3-6, 6-1 व 6-4 से हराया**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** स्पेन के दिग्गज कार्लोस अल्काराज ने अपने एथलेटिक कौशल और शॉट-मेकिंग का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए इटली के स्टार जैनिक सिनर को हराकर पुरूष एकल का खिताब अपने नाम किया।

दूसरी वरीयता प्राप्त 22 वर्षीय खिलाड़ी ने आर्थर ऐश स्टेडियम में रविवार रात खेले गए फाइनल मुकाबले में सिनर को 6-2, 3-6, 6-1, 6-4 से हराकर यूएस ओपन पुरुष एकल खिताब फिर से हासिल किया और विश्व टेनिस के शिखर पर पहुंच गए है। इस जीत के साथ अल्काराज़ ने 2022 में यूएस ओपन और 2023 में विबलडन में जीत के बाद अपना तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल किया और उन्होंने इस साल की शुरुआत में विबलडन फाइनल में सिनर से मिली हार का बदला भी लिया। अल्काराज ने शुरुआती सेट 6-2 से जीत लिया, दोनों ओर से विजयी शॉट लगाए और सिनर की शुरुआती सर्विस ब्रेक कर लगातार दबाव में रखा।

हालांकि, इतालवी खिलाड़ी ने दूसरे सेट में अपनी लय पकड़ी, अपनी सर्विस में सुधार किया और अल्काराज के बैकहैंड को निशाना बनाकर मुकाबला 6-3 से बराबर कर दिया। तीसरा सेट में अल्काराज ने सटीक सर्विस की और शानदार शॉट लगाकर 6-1 से जीत हासिल की। चौथे सेट में सिनर ने डटकर मुकाबला किया, लेकिन अल्काराज ने 6-4 चौथा सेट जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ, अल्काराज़ नोवाक जोको. विच के बाद तीन ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। उनकी फिटनेस, सामरिक बहुमुखी प्रतिभा और बड़े मंचों पर उभरने की क्षमता ने उन्हें पुरुष टेनिस में एक नए युग की शुरुआत में अग्रणी बना दिया है। विश्लेषकों का मानना है कि सिनर के साथ उनकी प्रतिद्वंद्विता अगले दशक को परिभाषित कर सकती है, ठीक उसी तरह जैसे फेडरर, नडाल और जोकोविच के बीच हुए शानदार मुकाबलों ने किया था।



### संक्षिप्त खेल समाचार

## धीमी ओवर गति के लिए द. अफ्रीका पर लगा जुर्माना

**नई दिल्ली, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका पर इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। दक्षिण अफ्रीका पर यह कार्रवाई एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच रेफरी के जवागल श्रीनाथ की ओर से गई। दक्षिण अफ्रीका को निर्धारित समय से एक ओवर कम फेंकने का दोषी पाया गया। मैदानी अंपायर नितिन मेनन और रसेल वॉरेन, तीसरे अंपायर शरफुद्दौला इब्ने शाहिद और चौथे अंपायर माइक बर्न्स ने यह आरोप लगाये गए थे। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के नियम तहत खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के अनुसार न्यूनतम ओवर गति के अपराध के दोषी पाये जाने पर खिलाड़ियों पर निर्धारित समय में अपनी टीम द्वारा फेंके गए प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।

## एशिया कप में संजू तोड़ सकते हैं महेन्द्र धोनी का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, वार्ता।** सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में खेले जाने वाले आगामी एशिया कप 2025 में संजू सैमसन पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के टी-20 में विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में सर्वाधिक छक्के लगाने का रिकार्ड तोड़ सकते है। हाल ही में संजू सैमसन के 'नो लुक सिक्स' की भी काफी चर्चा हुई। जब वो फॉर्म में होते हैं तो उनके बल्ले को रोकना नामुमकिन होता है, केरल लीग में उन्होंने पांच मैचों में ही 30 छक्के लगाकर साबित कर दिया कि वो अंतर्राष्ट्रीय टी-20 के सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक हैं।

# अनन्या, दिव्यांशी ने उत्तरी मैसेडोनिया में अंडर-15 युगल वर्ग में रोमांचक मुकाबले में जीता सोना

● **भारतीय जोड़ी उतार-चढ़ाव भरे मुकबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए चीन की की झाओं और लियू को 3-2 से हराया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** अनन्या मुरलीधरन और दिव्यांशी भौमिक ने उत्तरी मैसेडोनिया के स्कोप्जे में आयोजित डब्ल्यूटेटे यूथ स्टार कंटेंडर में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-15 गर्ल्स डबल्स का स्वर्ण पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने उतार-चढ़ाव भरे मुकाबले में अद्भुत धैर्य और सहनशक्ति का प्रदर्शन करऐ हुए रोमांचक फाइनल में चीन की झाओ वांगकी और लियू ज़िलिंग को 3-2 से हराया। चीनी जोड़ी के साथ कड़ी टक्कर के बाद, अनन्या और दिव्यांशी ने निर्णायक मुकाबले में अपना संयम बनाए रखा और महत्वपूर्ण मैच पॉइंट बचाकर मुकाबला 11-8, 7-11, 11-8, 6-11, 14-12 से अपने नाम कर लिया। इससे पहले सेमीफाइनल में भारतीय जोड़ी ने हमवतन रियाना भूटा और अंकोलिका चक्रवर्ती को 3-1 (11-2, 10-12, 11-3, 11-6) से हराया था, और रियाना और एंजेलिका को अंततः कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा था। भारत की पदक तालिका में पीबी अभिनंद और ऋत्विक गुप्ता ने और इजाफा किया, जिन्होंने क्रमशः अंडर-19 और अंडर-15 बालक एकल में रजत पदक जीते। अभिनंद जापान के इवैडा शुंटो से सीधे गेमों (6-11, 7-11, 8-11) में हार गए, जबकि )त्विक को अपने खिताबी मुकाबले में कोरिया के ली सेउंगसू से 8-11, 5-11, 8-11 से हार का सामना करना पड़ा। युगल मुकाबलों में भी उत्साह देखने को मिला, जिसमें पी-बी- अभिनंद ने कांस्य पदक जीता। अंडर-19 मिक्स्ड डबल्स में अभिनंद और सिड्रेला दास की जोड़ी ने, और अंडर-15 बॉयज डबल्स में ऋत्विक गुप्ता और साहिल रावत की जोड़ी ने पदक जीते।

## गुरदित बाल्कन ओपन में बने सर्वश्रेष्ठ पावरलिफ्टर

**नई दिल्ली, वार्ता।** द्रोणाचार्य भूपेंद्र धवन के शिष्य गुरदित सिंह ने बाल्कन ओपन क्लासिक एंड इक्विप्ड (बेंच प्रेस/स्क्वाट/डेडलिफ्ट) चैंपियनशिप में सर्वश्रेष्ठ पावरलिफ्टर बनकर एक बार फिर इतिहास रच दिया। इससे पहले, 2024 में, उन्होंने इंग्लैंड में इंग्लिश ओपन में भी सर्वश्रेष्ठ पावरलिफ्टर का खिताब जीता था। गुरदित ने जूनियर 110 किलोग्राम वर्ग में सर्वश्रेष्ठ पावरलिफ्टर का पुरस्कार जीता, जबकि सुमित दास ने सीनियर 110 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता और जगदीश सिंह जस्सा ने सीनियर 100 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। 6-7 सितम्बर को बेलग्रेड, सर्बिया में आयोजित हुई बाल्कन ओपन पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में, भारत के गुरदित सिंह ने कुल 667-5 किलोग्राम (क्लासिक रॉ) भार उठाकर सर्वश्रेष्ठ पावरलिफ्टर (जूनियर वर्ग) का खिताब जीता। सुमित दास और जगदीश सिंह जस्सा दोनों ने फुल पावरलिफ्टिंग रॉ वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। आईपीएल इंडिया के अध्यक्ष, ओम प्रकाश अंगरीश ने भारतीय टीम के कोच द्रोणाचार्य भूपेंद्र धवन के शिष्यों को बधाई दी और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं। पूरी भारतीय टीम ने अपने कोच द्रोणाचार्य भूपेंद्र के साथ-साथ आईपीएल इंडिया और शेरू क्लासिक वर्ल्ड का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग से हमें यह सफलता मिली।

# भारतीय महिला हॉकी टीम सिंगापुर को 12-0 से रौंदकर सुपर चार में

● **मुमताज ने तीसरी बाद टीम के लिए गोल दागा जिससे भारत की मैच में दूसरी हैट्रिक बनी**

**चीन, वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने सिगापुर के खिलाफ 12-0 की शानदार जीत के साथ महिला एशिया कप 2025 के सुपर 4 में अपनी जगह पक्की कर ली।

भारतीय महिला टीम के लिए नवनीत ने (14वें, 20वें, 28वें) और मुमताज ने (दूसरे, 32वें, 39वें) मिनट में गोलकर हैट्रिक बनाई तथा नेहा ने (11वें, 38वें) मिनट में दो गोल किए। जबकि लालरेमसियामी ने (13वें), उदिता ने (29वें), शर्मिला ने (45वें) और रुतुजा पिसल ने (53वें) मिनट में गोल किए। भारत के लिए मुमताज दूसरे मिनट में ही गतिरोध तोड़ते हुए गोलकर दमदार शुरुआत की। नेहा ने 11वें मिनट में रिबाउंड पर शानदार गोलकर बढ़त दोगुना कर दी। दो मिनट बाद ही, लालरेमसियामी ने नजदीकी रेंज से एक और गोल करके बढ़त को 3-0 कर दिया। पहला क्वार्टर खत्म होने से पहले नवनीत ने 14वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके स्कोर 4-0 कर दिया। दूसरे क्वार्टर में सिगापुर ने प्रतिरोध दिखाया, लेकिन नवनीत ने 20वें मिनट में एक और ज़बरदस्त गोल करके स्कोर 5-0 कर दिया। भारत ने लगातार दबाव बनाते हुए लगातार पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए और तीसरे पेनल्टी कॉर्नर पर नवनीत ने गोलकीपर को छकाते हुए अपनी हैट्रिक पूरी की और 28वें मिनट में बढ़त को और मज़बूत किया। इसके तुरंत बाद, उदिता ने एक और पेनल्टी कॉर्नर पर संयमित तरीके से गोल करके हाफ टाइम तक भारत को 7-0 की बढ़त दिला दी। तीसरे क्वार्टर में भारतीय टीम पूरी तरह से नियंत्रण में थी। 32वें मिनट में, लालरेमसियामी ने मुमताज को एक तेज पास देकर स्कोर 8-0 कर दिया।

भारत को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले और नेहा ने 38वें मिनट में फिर से गोल दागा। कुछ मिनट बाद, मुमताज ने तीसरी बार गोल दागा, जिससे भारत की मैच में दूसरी हैट्रिक बनी। क्वार्टर के अंत में, भारत ने मुकाबले का अपना 12वां पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। नेहा का ज़बरदस्त शॉट बचा लिया गया, लेकिन शर्मिला ने रिबाउंड पर गोल करके बढ़त 11-0 कर दी। अंतिम क्वार्टर में, भारत ने दबाव बनाए रखा और रुतुजा पिसल ने 53वें मिनट में एक बेहतरीन डिफ्लेक्शन के साथ स्कोरशीट पर अपना नाम दर्ज करा लिया।

# हांगकांग ओपन में पीवी सिंधु की अगुवाई में भारतीय टीम उतरेगी

● **इस साल सीजन के पहले इंडियन ओपन के साथ-साथ किसी भी बीडब्लयूएफ विश्व टूर में उनका सबसे शानदार प्रदर्शन रहा**



**हांगकांग, वार्ता।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिधु मंगलवार से शुरू हो रहे हांगकांग ओपन 2025 बैडमिटन टूर्नामेंट में भारतीय टीम की अगुवाई करेंगी। आठवीं वरीयता प्राप्त सिधु अपने पहले दौर के मैच में यूरोपीय चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसन से मुकाबला करेंगी। महिला एकल के मुख्य ड्रॉ में सिंधु के साथ हमवतन अनुपमा उपाध्याय और रक्षिता रामराज भी हैं, जबकि महिला युगल वर्ग में रुतपर्णा पांडा और श्वेतपर्णा पांडा एकमात्र भारतीय जोड़ी हैं। सिधु के लिए, पिछले महीने पेरिस में बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2025 के क्वार्टर फाइनल में पहुंचना, इस साल सीजन के पहले इंडियन ओपन के साथ-साथ किसी भी बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर में उनका सबसे शानदार प्रदर्शन था। इंडियन ओपन में अपने प्रदर्शन के बाद सिधु बीडब्ल्यूएफ टूर पर चार बार पहले दौर से बाहर हो चुकी हैं और तीन बार अंतिम 16 में पहुंची हैं। वहीं पुरुष एकल वर्ग में लक्ष्य सेन भी अच्छा प्रदर्शन करना चाहेंगे। लक्ष्य सेन का यह सीजन संघर्षपूर्ण रहा है। पुरुष एकल वर्ग में उनके साथ हमवतन एचएस प्रणय और आयुष शेट्टी भी होंगे, जो इस साल बीडब्ल्यूएफ टूर खिताब जीतने वाले एकमात्र भारतीय हैं। पूर्व विश्व नंबर वन किदांबी श्रीकांत हांगकांग ओपन में अपने अभियान की शुरुआत क्वालीफिकेशन राउंड से करेंगे, जहां उनका सामना थारुण मन्नेपल्ली से होगा। दूसरी ओर, पुरुष युगल में भारत की चुनौती की अगुवाई सात्विकसाईराज रंकीरेढी और चिराग शेट्टी करेंगे। पिछले महीने बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में आखिरी बार एक्शन में नज़र आए सात्विक-चिराग की जोड़ी ने पेरिस में सेमीफाइनल तक का सफर तय करके यह सुनिश्चित किया कि 2011 से हर संस्करण में कम से कम एक पदक जीतने का भारत का सिलसिला बरकरार रहे।

# महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी नामित हुए सिराज

● **सिराज ने इंग्लैंड दौर पर प्रभावित किया था और 5वें टेस्ट में अपनी दमदार गेंदबाजी से भारत को मैच जिताया था**




**दुबई, वार्ता।** भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्महद सिराज को आईसीसी के अगस्त महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। सिराज ने इंग्लैंड दौरे पर प्रभावित किया था और पांचवें टेस्ट में अपनी दमदार गेंदबाजी से भारत को मैच जिताया था।

इस मैच के जीतने से ही भारतीय टीम पांच मैचों की सीरीज 2-2 से ड्रा कराने में सफल रही थी। सिराज के साथ इस पुरस्कार की दौड़ में न्यूजीलैंड के मैट हेनरी और वेस्टइंडीज के जेडन सील्स भी शामिल हैं। सिराज ने इंग्लैंड में पांच मैचों की सीरीज के सभी मैचों को खेला और 23 विकेट चटकाए। जून के अंत में शुरू यह सीरीज अगस्त की शुरुआत में खत्म हुई। सिराज ने पांचों टेस्ट में 185.3 ओवर डाले और अपनी रफ्तार कम किए बिना युवा और कम अनुभव वाले भारतीय टीम को 2-2 से ड्रा करने में मदद की। आईसीसी ने कहा, मोहम्मद सिराज ने अगस्त में सिर्फ एक मैच खेला, लेकिन उस मैच में उनकी शानदार गेंदबाजी उन्हें नामांकन दिलाने के लिए काफी थी। इंग्लैंड के खिलाफ द ओवल में एंडरसन-तेंदुलकर ट्राफी सीरीज के अंतिम टेस्ट में इस भारतीय तेज गेंदबाज ने 21.11 की औसत से नौ विकेट लेकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में सिराज ने बहुत दृढ़ संकल्प के साथ आक्रमण का नेतृत्व किया। सीरीज के शुरुआती चार मैच खेलने के बावजूद उन्होंने दो पारियों में 46 से अधिक ओवर डाले। उन्होंने पहली पारी में चार विकेट लिए और उसके बाद दूसरी पारी में शानदार पांच विकेट लिए। दूसरी पारी में उनके निर्णायक स्पैल ने भारत को जीत दिलाई, जिससे श्रृंखला 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुआ। इस शानदार प्रयास के लिए सिराज को इस मैच का प्लेयर आफ द मैच चुना गया। न्यूजीलैंड के हेनरी को जिम्बाब्वे में टेस्ट सीरीज में जीत के दौरान उनके शानदार प्रदर्शन के लिए नामांकित किया गया है। इस दाएं हाथ के गेंदबाज ने इस सीरीज में 16 विकेट लिए। हेनरी ने पहले टेस्ट में नौ तथा दूसरे टेस्ट में सात विकेट लेकर अपनी टीम को 2-0 से जीत दिलाई। सील्स के शानदार प्रदर्शन से वेस्टइंडीज ने 34 साल में पहली पर वनडे सीरीज में पाकिस्तान को शिकस्त दी। सील्स ने तीन मैचों की इस सीरीज में 10 विकेट लिए। इसमें आखिरी मैच में उन्होंने 18 रन देकर छह विकेट लिए जिससे पाकिस्तान की टीम 295 रन का पीछा करते हुए महज 92 रन पर सिमट गई।

## राज्य स्तरीय सीनियर तीरंदाजी चैंपियनशिप में श्रीगंगानगर ने लहराया परचम

**श्रीगंगानगर, वार्ता।** राजस्थान में अलवर जिले के नीमराना में पांच से सात सितम्बर तक आयोजित प्रतिष्ठित राजस्थान सीनियर तीरंदाजी चैंपियनशिप में श्रीगंगानगर के तीरंदाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 13 स्वर्ण, चार सिल्वर और एक कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। श्रीगंगानगर तीरंदाजी संघ की अध्यक्ष मंजू बाला ने सोमवार को बताया कि जिले के तीरंदाजों ने विभिन्न श्रेणियों में अपनी श्रेष्ठता का परिचय दिया। पुरुष कंपाउंड टीम में पुलकित काजला, प्रबलप्रताप, यश नेण और जसमीतसिंह की चौकड़ी ने शानदार समन्वय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इंडियन राउंड इंडिविजुअल स्पर्धा में गुरजीतसिंह ने अपनी सटीक निशानेबाजी से रजत पदक हासिल किया। रिकर्व महिला इंडिविजुअल में अमनदीपकौर ने रजत जीता। वहीं रिकर्व मिक्स टीम में दिलीप रेगर और सुश्री अमनदीपकौर की जोड़ी ने भी रजत पदक पर कब्जा जमाया।

# अफगानिस्तान को हराकर पाक ने जीती त्रिकोणीय श्रृंखला




**शारजाह, वार्ता।** मोहम्मद नवाज (पांच विकेट) की शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के दम पर पाकिस्तान ने फाइनल मुकाबले में अफगानिस्तान को 75 रनों से हराकर टी-20 त्रिकोणीय श्रृंखला अपने नाम कर ली। 142 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की टीम पाकिस्तान के गेंदबाजी आक्रमण के आगे लडखड़ाई और एक के बाद एक उसके विकेट गिरते चले गए। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान की पूरी टीम 15-5 ओवर में 66 रन पर ढ़ेर कर मुकाबला 75 रनों से जीत लिया। अफगानिस्तान के केवल दो बल्लेबाज कप्तान राशीद खान (17) और सेदिघ्ल्लाह अटल (13) ही दहाई आंकड़े तक पहुंच सके। नवाज को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' और प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा गया। उन्होंने पहले दरविश रसूली और अजमतुल्लाह ओमरजई को लगातार गेंदों पर बिना खाता खोले आउट किया और फिर अपने अगले ओवर की पहली ही गेंद पर इब्राहिम जादरान (नौ) को स्टंप आउट कराकर अपनी हैट्रिक पूरी की। नवाज पाकिस्तान के तीसरे गेंदबाज है जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में हैट्रिक बनाई। उनसे पहले फहीम अशरफ और मोहम्मद हसनैन यह कारनामा कर चुके हैं। मोहम्मद नवाज ने चार ओवर में 19 रन देकर पांच विकेट लिए। अबरार अहमद और सुफियान मकीम को दो-दो विकेट मिले। शाहीन शाह अफरीदी ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

# अब हमारा पूरा ध्यान एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप पर : हरमनप्रीत सिंह




**बिहार, वार्ता।** भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने हीरो एशिया कप 2025 का खिताब जीतने के बाद सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि अब हमारा पूरा ध्यान एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप पर होगा। हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि सभी खिलाड़ी पूरी तरह से एकाग्र थे। हम जानते थे कि हमें यह मैच जीतना है और हमने खुद से कहा कि विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने का यही एकमात्र रास्ता है। आज एशिया की नंबर एक टीम के रूप में टूर्नामेंट में उतरते हुए, हम अपनी उम्मीदों पर खरा उतरना चाहते थे। हालांकि हमने अपनी उम्मीदों के मुताबिक शुरुआत नहीं की, खासकर पिछले तीन मैचों में, हमने अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाया और यही हमारे प्रदर्शन का स्तर है। इसने हमें एक टीम के रूप में अपनी क्षमता का एहसास दिलाया। मैं अपने प्रदर्शन से बहुत खुश हूं। कोरिया के खिलाफ टीम के प्रदर्शन के बारे में दिग्गज ड्रैगफ्लिकर ने कहा, हर मैच से कुछ न कुछ सीख मिलती है। कोरिया के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ एक ऐसा झटका था जिससे हम उबरना चाहते थे और हमने फाइनल में इसे पलट दिया। मैं टीम की रक्षापंक्ति की खास तौर पर सराहना करूंगा। हर खिलाड़ी ने मजबूत डिफेंस में योगदान दिया। हमारे फॉरवर्ड ने कई मौके बनाए और गोल में तब्दील किए। अब, हमारा ध्यान विश्व कप पर है और हमारे पास तैयारी के लिए एक साल है। भारतीय टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा कि गर्म परिस्थितियों में 10 दिनों में सात मैच खेलना आसान नहीं है। यह वाकई मुश्किल है, लेकिन मुझे टीम पर बहुत गर्व है और उन्होंने सचमुच चैंपियन की तरह खेला है।

## मनप्रीत ने एशिया कप की जीत को बाढ़ पीड़ित पंजाब के लोगों को समर्पित किया

**बिहार, वार्ता।** भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ी मनप्रीत सिंह ने हीरो एशिया कप 2025 की जीत को पंजाब के बाढ़ पीड़ित लोगों को समर्पित किया।

मैच जीतने के बाद मनप्रीत ने कहा कि मैं इस जीत को पंजाब के लोगों को समर्पित करना चाहता हूं, जो अकल्पनीय शक्ति और लचीलेपन के साथ विनाशकारी बाढ़ का सामना कर रहे हैं।

यह जीत हर उस पीड़ित के लिए है जो अपना जीवन फिर से बनाने के लिए संघर्ष कर रहा है, और उन निस्वार्थ स्वयंसेवकों के लिए है जो जरूरतमंदों को बचाने, उनका समर्थन करने और उनके पुनर्वास के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं। आपका जज्बा ही हमारी सच्ची प्रेरणा है, और यह जीत पंजाब के साहस को श्रद्धांजलि है।

# ग्रंथों का अधिक से अधिक अध्ययन करना चाहिए: डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

○ निपुण लक्ष्य के लिए परिषदीय विद्यालय में नवाचार

**सम्भल।** परिषदीय विद्यालयों में निपुण लक्ष्य हेतु नवाचार, विद्यालयों में भौतिक परिवेश को बाल मैत्रिक के अवस्थापना सुविधाओं से संतृप्त तथा आपरेशन कायाकल्प, नामांकन में वृद्धि, उपस्थिति में ठहराव के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं शिक्षकों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित समारोह में छात्राओं ने जिलाधिकारी का तिलक लगाकर स्वागत किया। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी का जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा पुष्प देकर स्वागत किया गया। विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति की गई। जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी को अधिकारियों एवं अध्यापकों ने किए जाने वाले कार्य की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कार्य को कैसे अच्छी प्रगति पर ले जाया जाए उसे विस्तार पूर्वक समस्त सदन को बताया। जिलाधिकारी ने विद्यालयों के कार्य एवं समस्या के विषय पर चर्चा की एवं संबंधित को आवश्यक निर्देशित किया। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों एवं शिक्षकों को एक पुस्तक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षकों की जो समस्याएं हैं उनका ध्यान में रखते हुए निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अध्यापक बच्चे अपने संस्कार किसके नामक पुस्तक का अध्ययन करें जिससे बच्चों में अच्छे संस्कार उत्पन्न हो सके उन्होंने कहा कि जनपद में एक पुष्प एवं एक पुस्तक अभियान चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी ने लाइब्रेरी एवं ग्रंथों के विषय में विस्तार पूर्वक चर्चा की उन्होंने कहा कि ग्रंथों का अधिक से अधिक अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक पुष्प एक पुस्तक अभियान को संज्ञान में लेते हुए घर बने पुस्तकालय के विषय में भी चर्चा की।



सम्भल-कलेक्ट्रेट सभागार में नवचयनितों को नियुक्ति पत्र देती राज्यमंत्री गुलाब देवी व डीएम और जिलाध्यक्ष भाजपा।

# कार्ड सत्यापन बैठक में मचाया हंगामा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

○ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान की मौजूदगी में शिकायत मिली झूठी

**सम्भल।** राशन कार्डों के सत्यापन बैठक में पात्र अपात्र न मिलने पर हंगामा खड़ा कर दिया। अधिकारियों की मौजूदगी में मारपीट होने से हड़कम्प मच गया। विवाद होने पर मौजूद अधिकारियों ने पुलिस को सूचना दी।

हजरत नगर गढ़ी थाना क्षेत्र के ग्राम फुलसिंहा में अमीर अहमद पुत्र अली अहमद ने ग्राम पंचायत सचिव से फोन पर गांव में अपात्रों के राशन कार्ड बनाये जाने की शिकायत की थी। अपात्रों के राशन कार्ड बनाये जाने के मामले को गम्भीरता से लिया। ग्राम पंचायत सचिव ने कार्डों की सत्यता की जांच को सोमवार को पंचायत भवन खुली बैठक बुलायी। बैठक में ग्रामीणों को अपात्र बताये जाने वाले कार्ड धारकों के नाम पढ़कर सुनाये गए। जिस पर ग्रामीणों ने शिकायत को गलत बताते हुए अपात्र बताये जाने वाले कार्ड धारकों को पूरी तरह से पात्र होना बताया। शिकायत झूठी मिलने पर ग्रामीणों में रोष पनपने लगा। इसी बीच बैठक में मौजूद ग्रामीण ग्राम पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान से झूठी शिकायत करने वाले के विरूद्व कार्यवाही करने की मांग करने लगे। इससे वहां हंगामा होने लगा। हंगामा होते देख वहां हड़कम्प मच गया और कहासुनी होने लगी। जबकि आपस में मारपीट शुरू हो गयी। हंगामा व मारपीट की होते ही किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। कुछ देर बाद पुलिस गांव में पहुंच गयी। लेकिन इससे पहले ही विवाद शांत हो गया। एक पक्ष ने अपने साथ मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया, लेकिन सी सी टी वी कैमरे में किसी के घायल होना नहीं बताया जा रहा है।

# सीएम के लाइव प्रसारण में नवचयनितों को सौंपे नियुक्ति पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत नव चयनित 1112 कनिष्ठ सहायकों एवं 22 एक्सरे टेक्नीशियनों को नियुद्रि पत्र वितरत का सजीव प्रसारण देखा गया। जबकि नवचयनितों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सजीव प्रसारण में मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी एवं विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डा. अनामिका यादव, पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार राजू यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री हरेन्द्र सिंह रिंकू , जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तरुण पाठक, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. पंकज विश्नोई एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं सुधीर मल्होत्रा, विकास वार्ष्णेय, विजय यादव एवं डीपीएम संजीव राठोर कर्मचारियों तथा नव चयनित कनिष्ठ सहायकों द्वारा देखा एवं सुना गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंत्री गुलाबदेवी एवं विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष तथा पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर,भाजपा जिलाध्यक्ष, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी नव चयनित 5कनिष्ठ सहायकों को नियुकित पत्र का वितरण किया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि एक समर्थ विकसित उत्तर प्रदेश हमें मिलकर बनाना है। जिस पद पर आपका चयन हुआ है उनके दायित्वों का ईमानदारी से निर्वाहन करें। पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर ने कहा कि हमारी सरकार बहुत ही अच्छा कार्य कर रही है। पहले व्यक्ति सरकारी अस्पतालों में इलाज नहीं कराना चाहता था पर हमारी सरकार द्वारा स्वास्थ्य विभाग पर विशेष ध्यान दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू ने अपने संबोधन में कहा कि जनपद में जिलाधिकारी के नेतृत्व में बेसिक शिक्षा में सुधार हुआ है ,इसी प्रकार स्वास्थ्य सेवाओं में भी सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमें लोगों की यह धारणा बदलनी होगी कि सरकारी अस्पतालों में उचित इलाज नहीं होता है। उन्होंने नव चयनित कनिष्ठ सहायकों से कहा कि आप लोग सेवा भाव से कार्य करें तथा लोगों की सरकारी अस्पतालों में इलाज के लिए भी जागरूक करें। जिला पंचायत अध्यक्ष डा. अनामिका यादव ने कहा कि हमारा देश विश्व में सबसे युवाओं वाला देश है। युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा देने का कार्य हमारे मुख्यमंत्री कर रहे हैं। जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया द्वारा कार्यक्रम में आये मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का धन्यवाद दिया। जिलाधिकारी ने नव चयनितों से कहा कि जिस प्रकार आप सभी की पारदर्शिता के साथ भर्ती हुई है, आजीवन उसी पारदर्शिता एवं जनसेवा के साथ कार्य करें।

# कब्रिस्तान का बाउंड्री तोड़कर सरिया चोरी

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**असमोली।** कब्रिस्तान की बाउंड्री तोड़कर उसका सरिया चोरी कर लिया गया। सुबह को बाउंड्री टूटी देख ग्रामीण चौंक गए। तहरीर थाना पुलिस को दी गई है। थाना असमोली कस्बे में पूरब वाले मौहल्ले में कब्रिस्तान स्थित है। उसकी बाउंड्री बनी हुई है। रात्रि किसी समय कब्रिस्तान की बाउंड्री को तोड़ लिया गया और उसका सरिया व एंगिलों को चोरी कर लिया। सुबह ग्रामीण कब्रिस्तान पहुंचे तो सरिया व एंगिल आदि चोरी देख चौंक गए। ग्रामीणों ने आसपास तलाश किया लेकिन पता नहीं चला। तहरीर पुलिस को दी गई है।

# देश दुनिया में अमन की दुआ कर वापस लौटा ज़ायरीनों का जत्था

○सज्जादा नशीन मेराज मियां ने पगड़ी बांधकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** सुप्रसिद्व हजरत मखूदम अलाउद्दीन सरकार अली अहमद साबिर पाक के 757 वां सालाना उर्स मनाकर सम्भल के जायरीन व अकीदतमन्दों का जत्था देश दुनिया में सकुशल वापस लौट आये हैं।

बताते चलें कि रवीउल अव्वल के मौके पर कलियर शरीफ मे हर साल साबिर ए पाक का उर्स मनाया जाता है जिसमे सम्भल के जायरीन व अकीदतमन्द भी आशियाना कैम्प लगाकर मेले मे आने वाले लोगों की लंगर और ठहरने की सेवा करते हैं। पानीपत दरगाह शाह विलायत हजरत ख्वाजा शमसुद्दीन तुर्क शाह विलायत के सज्जादानशींन सय्यद हाफिज मेराज हुसैन साबरी ने सभी सम्भल व अन्य स्थानो के मेहमानों का इस्तकबाल करते हुए पगड़ी बांधी। मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि साबिर पाक का उर्स विश्व प्रसिद्व है और यहां बाबा गुलाम लिनी रह. के हुजरे से लाईटींग, लंगर और मुरीद झण्डा निकालने प्रमुख रस्मों को पूरा करते हैं। दरगाह हजरत जुनैद शाह मियां गुलामाने साबरी कमेटी सम्भल एवं हुसैनी आशियाना चौधरी सराय की ओर से कैम्प लगाया गया। इस मौके पर भारतीय सद्भावना मंच गो प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक तथा नगर पालिका परिषद सम्भल के पूर्व चौयरमेन हाजी नुसरत इलाही, विधायक पुत्र सुहैल इकबाल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हाजी आरिफ तुर्की, मुरादाबाद महानगर अध्यक्ष जुनैद इकराम उर्फ बंटी, समाजसेवी मन्नान पठान, पत्रकार मुजफ्फर हुसैन, फरजन्द अली वारसी, सद्दाम हुसैन, फिरोज मलिक, डा. तनवीर, डा. वसीम, मौ. अजीम, जिम्मी खान, मौ. ताजवर, सुहैल महमूद, सैयद शान अली, अकरम पहलवान वारसी, आदि रहे। साबरी कमेटी के इंतेजार हुसैन, दबीर अहमद, मौ. वसीम, मेंहदी पहलवान, मौ. असलम, सुहबान डीएमआर, हफीज अहमद, शारिक अल्वी आदि रहे। हुसैनी आशिना मे इस मौके पर वाहिद खान, मुस्तफा खान, अरकान कुरैशी, यासीन खान, अरकान कुरैशी, फैजान कुरैशी, अजीम खान आदि शामिल रहे।



सम्भल-पगड़ी बांधकर जत्थे को रवाना करते सजादानशीन हाजी मेराज साबरी।

# सिरसी चेयरमैन के अथक प्रयासों के बाद भी नहीं बची युवक की जान

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** मुरादाबाद मार्ग पर हादसे में बाइक चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया।आसपास मौजूद लोग एम्बुलेंस अथवा अन्य वाहन का इंतेजार करने लगे। इसकी सूचना नगर पंचायत सिरसी के चैयरमेन कौसर अब्बास को मिली। वह बिना देरी गंवाये मौके पर पहुंच गए। मुरादाबाद मार्ग स्थित भारतीय स्टेट बैंक सिरसी शाखा के सामने घायल पड़े असमोली थाना क्षेत्र के ग्राम गरवारा मिलक निवासी निखिल गुप्ता पुत्र विष्णु गुप्ता को एम्बुलेंस में डाला और स्वयं ही उसे चलाकर सम्भल अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सके ने उसे देखा और उपचार किया लेकिन उसकी मौत हो गयी। चैयरमेन बचाने की अथक कोशिशें के बाद भी घायल ने दम तोड़ दिया।

# बरसात में भरभराकर गिरी मकान की दीवार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

○मलबे में दबकर तीन गम्भीर घायल

**सम्भल।** मकान की दीवार भर भराकर गिर जानें से मलबे में दबने से दो मासूम बच्चों सहित तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद चीख पुकार मच गई आस पास के लोगों ने आनन फानन में मलबे में दवे बच्चे व महिला को बहार निकाला।स घायलों को निजी वाहन से सम्भल के निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव लखनपुर निवासी जीराज के दो बेटे हैं एक ही मकान में दोनों के अलग-अलग कमरा बने हुए थे। सोमवार सुबह को रोजाना की तरह दोनों भाई खेत में जा रहे थे। श्याम की पत्नी माया घर के आंगन में झाड़ू लगा रही थी। श्याम के बच्चे भी घर के आंगन में खेल रहे थे। वही दिनेश की पत्नी विमला अपने दो बेटों के साथ कमरे में सो रही थी। तभी अचानक दोनों कमरों की दीवार गिरने से छत में लगे गाटर जमीन पर जा गिरे उसी दौरान महिला विमला देवी व 6 महा का मासूम निशांत तीन वर्षीया प्रशांत तीनों में मिट्टी में दब गए। घटना के बाद चीख पुखार मच गई ग्रामीणों ने मलबा हटाकर महिलाओं बच्चों को बहार निकाला वहीं घायलों को सम्भल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। सूचना मिलते ही अधिकारी घायलों से मिलने अस्पताल पहुंच गए। तीनों के गम्भीर चोट लगी है स 6 महा के बच्चे की हालत गंभीर बताई जा रही हैस परिजनों ने उच्चाधिकारियों से मदद की गुहार लगाई है।

# व्यवसायी के पिता के निधन पर शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** नगर के व्यवसायी सुनीत कुमार उर्क भोला भैया, पुनीत कुमार के पिता कृष्ण अवतार के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया। उनके आवास पर व्यवसायियों व गणमान्य लोगों ने परिजनों को सांत्वना प्रदान की। उनका अंतिम संस्कार गंगाघाट राजघाट पर किया गया। शोक व्यक्त करने वालों में मुकेश गर्ग, रामबाबू वार्ष्णेय, नितिन, विनय वार्ष्णेय, प्रमोद, रामौतार आदि रहे।

## एक नज़र इधर भी

# कार की टक्कर से दम्पत्ति घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** कार ने बाइक सवार दम्पति को टक्कर मार दी।जिसमे दोनो घायल हो गये। शनिवार को आगरा मुरादाबाद नेशनल हाईवे गुन्नौर नेहरू चौक के समीप कार सवार ने बाइक मे टक्कर मार दी।जिसमे बाइक सवार जोगेंद्र पुत्र दयाराम निवासी जरीफनगर थाना जरीफ जिला बदायूं व उनकी पत्नी सरोज घायल हो गये।वह अनूपशहर किसी काम से जा रहे थे।पीछे से कार सवार ने टक्कर मार दी। जिससे दोनो घायलों को 108 एंबुलेंस से गुन्नौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।जहां चिकित्सक ने उपचार देकर घर भेज दिया।

# साक्षरता के लिए किया जागरूक

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** नगर की लेखपाल कॉलोनी में उड़ान ग्रुप द्वारा साक्षरता के लिए सभी को जागरूक किया गया। उड़ान ग्रुप की संचालिका ममता राजपूत ने कहा कि हमारा भारत कला और संस्कृति से जुड़ा हुआ एक महान देश है।प्राचीन काल से ही साक्षरता का योगदान सबसे ज्यादा हमारे युवा पीढ़ियां और गुरुजनों की कृपा से हम शिक्षकों को मिलता है। साक्षरता दिवस हमारे पूरे विश्व में सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण दिया जाता है। हमें आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा का बहुत बड़ा योगदान है।जिससे हमें अपने दिमाग को तेजी से चलने एवं आगे कार्य करने की क्षमता को बढ़ाता है।शिक्षा हमारे जीवन में सबसे महत्वपूर्ण स्थान रखती है।भारत को संपूर्ण वैज्ञानिक कलाकारों इंजीनियरों आदि लोगों की संपूर्ण साक्षरता होने से ही हमारे भारत को सर्वप्रथम स्थान मिलता है। अब हमें अपने भारत को विश्व गुरु भी बनाना है।जिसके लिए हमें आगे बढ़ाना है और आने वाली पीढ़ी को साक्षरता एवं उनसे जुड़ी हुई सभी गतिविधियों के बारे में हमें अवगत कराना है।कला संस्ख्रति से जुड़े हुए सभी कलाकारों को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर अपने परिजनों को साक्षर बनाने की शपथ लेनी चाहिए। इस दौरान बुद्वसेन राजपूत, योगेन्द्र राजपूत, पूजा, गुंजन, मिस्टी राजपूत, माही आदि रहे।

# महफिल मिलाद पाक का आयोजन

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** अल-असर सोसाइटी के तत्वावधान में महफिल-ए-मिलाद मिलाद-ए-सादिकीन का आयोजन किया गया। मियां सराय में आयोजित महफिल में अंतरराष्ट्रीय शायरों ने शिरकत की। कार्यक्रम डा. अली जाफरी इमामबाड़ा में हुआ। इसमें मीर नजीर बाकरी, डा. नसीम-उज-जफर, खुर्शीद मुजफ्फर नगरी, हैदर किरतपुरी, मौलाना अली रजा मुजफ्फरनगर, नौशाद सम्भली, अहमद रजा बिजनौरी ने निजामत के फर्ज अंजाम दिए। इस अवसर पर जैगम नकवी, समर अब्बास, जाफर अली जैदी, प्राफेसर डा. आबिद हैदरी, मौलाना हसन, इरम अब्बास, मौलाना अजहर साहब, कौसर सम्भली आदि उपस्थित रहे।



# साइबर क्राइम की दी जानकारी

**बबराला।** गुन्नौर तहसील के गांव सेंजना में लोगों को साइबर क्राइम की जानकारी दी गयी। गुन्नौर कोतवाल अखिलेश प्रधान ने लोगों को बैंकिंग फाड से बचने की विस्तार से जानकारी दी।मोबाइल पर आए किसी भी अंजान लिंक को डाउनलोड व शेयर न करें।अ पना ओटीपी, पिन को गुप्त रखें।एटीएम कार्ड और डेविट को गोपनीयता के साथ इस्तेमाल करें।इसमें असावधानी होने पर नुकसान उठाना पड़ सकता है। साइबर क्राइम करने वाले लोग मोबाइल पर फोन करके भ्रमित करते हैं। हम बैंक से बोल रहे हैं।आपका एटीएम बंद हो गया है।आप अपनी ओटीपी बताएं। आपका इनाम निकला है। अपने खाते का नम्बर,आधार कार्ड भेजें। इनाम पाने के लिए पहले इतने रुपये हमारे खाते में डालेंफिर हम आपके खाते में इनाम की रकम भेज देंगे। इस सब प्राड से बचें। पुलिस को इसकी सूचना दें। इस दौरान अख्तर अली व ग्रामीण मौजूद रहे।

# कारोबारी के घर चोरी करने वाला नौकर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बाराखंभा रोड स्थित कारोबारी के घर से लाखों के आभूषण, भारतीय और विदेशी करेंसी चोरी कर फरार नौकर को बाराखंभा रोड पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सीतापुर यूपी के रिंकू के रूप में हुई है। मोबाइल जांच से संदिग्ध यूपीआई लेनदेन और डिजिटल साक्ष्य भी मिले हैं। संगम विहार स्थित उसके घर से चोरी के सामान भी बरामद हुए। कुछ सामान आरोपित ने अपने गांव भेजा था। जिसकी बरामदगी का प्रयास किया जा रहा है। उपायुक्त देवेश कुमार महला के मुताबिक, सतेन्द्र सिंह छाबड़ा ने बाराखंभा रोड थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि कस्तुरबा गांधी मार्ग स्थित उनके घर से घरेलू नौकर रिंकू भारतीय व विदेशी करेंसी के अलावा और लाखों रुपये मूल्य के आभूषण चोरी कर फरार हो गया है।

# कॉन्फ्रेंस में पैगम्बरे इस्लाम की सीरत पर डाली रोशनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** पैगम्बरे इस्लाम की सूरते तैयब मकदबे फिक्र के चेहरे सैया कान्फ्रेंस का आयोजन किया गया।

हसनपुर रोड स्थित कायनात इंटरनेशनल स्कूल में हर मकदबे फिक्र के चेहरे सैया आयोजित कांफ्रेंस में पैगॅबरे इस्लाम की सीरत के उन पहलुओं पर रोशनी डाली गई जिसमे इंसानियत मुल्क और खासकर इल्म को फरो और तरक्की देने की बात कही। उन्होने कहा कि आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया कि मैं इल्म का शहर हूँ और अली उसका दरवाजा है आपके इस काल से साबित होता है कि पैगंबर इस्लाम इल्म का खजाना थे। आपने अपनी 63 साला जिंदगी पर मुकम्मल एवं शिक्षा भाईचारे और मुल्क से कादारी के दर्श दिए इसलिए जो दुनिया के सबसे महारत रखते हैं और दुनिया में टॉप क्लास के लोगों के चरित्र के ऊपर जब रिसर्च शोध करते हैं तो उनके रिसर्च पैगंबर इस्लाम हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम पर आकर रुक जाती है कि मोहम्मद एक ऐसा सरदार है कि उनको किसी भी चाहिए से देखो हर क्षेत्र में आला नजर आते हैं इस अवसर पर कलीम अशरफ मौलाना मोहम्मद मियां मौलाना एहतेशाम मुफ्ती मोहम्मद राजा जानी अजहरी और कार्यक्रम के वाणी ख्वाजा मोहम्मद फहीम एडवोकेट ख्वाजा मोहम्मद फहीम मौलाना महफूज हुसैन मौलाना अख्तर राजा बहुत से शामिल मौजूद रहे और असीम आयस भी रहे और आखिर में मुल्क की तरक्की और शांति के लिए दुआ की गई।

# यूनियन के अध्यक्ष को प्रदान की जाए सुरक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** भारतीय किसान यूनियन सुनील संगठन की टीम ने बाढ़ से पीड़ित किसानों की समस्या और चक मार्ग व राष्ट्रीय अध्यक्ष पर जान लेवा हमले पर रोष जताया। यूनियन के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया कि यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील चौधरी को माफिया द्वारा जान लेवा हमला किया। कार्यकर्ताओं ने प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम ज्ञापन देकर समस्याओं का समाधान और संगठन के अध्यक्ष पर जानलेवा हमले के चलते उनकी व उनक परिवार को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की। इस मौके पर सुनील यादव मनोज कुमार उमेश यादव रूपकिशोर यादव सीटू यादव वेद प्रकाश सर्वेश उमेश कल्याण सिंह कमल सिंह रामदास महेश चंद्र ललतेश जीतपाल सिंह सोमवीर यादव आदि मौजूद रहे।

# हिंदी प्रतिभा का सम्मान पाकर खिल उठे चेहरे

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** अंतर्राष्ट्रीय साहित्य कला संगम के तत्वावधान में स्वर्गीय भूपेंद्र नाथ रस्तोगी हिंदी प्रतिभा सम्मान एवं हिंदी शिक्षक शिरोमणि सम्मान समारोह में कवियों ने श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया।

आर्य समाज मंदिर में आयोजित समारोह का शुभारम्भ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष समारोह के अध्यक्ष प्रोफेसर अरुण कुमार गुप्ता मुख्य अतिथि रविंद्र कुमार शर्मा, विशिष्ट अतिथि सुशील कुमार भगत जी, संरक्षक कमलकांत तिवारी, निदेशक संजय गुप्ता, संस्था अध्यक्ष डा. विजय लक्ष्मी शर्मा, डा. नेहा मलय, पूनम रेनू तिवारी श्वेता तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से किया। डा. विजय लक्ष्मी शर्मा ने सरस्वती वंदना एवं भारत वंदना प्रस्तुत कर सभी को भाव विभोर कर दिया। पूजा शर्मा ने गौ सेवा की प्रक्रिया पूरी की। समारोह में 'इस अवसर पर हाई स्कूल इंटर बी ए तथा एम ए कक्षाओं में हिंदी विषय में प्रथम श्रेणी के सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले 25 विद्यालयों से 39 छात्र व छात्राओं को प्रमाण पत्र स्मृति चिन्ह एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। राजकीय इंटर कॉलेज लहरावन के कक्षा 12 के छात्र अनु ने सर्वाधिक 99प्रतिशत अंक वही बाल विद्या मंदिर संभल की पूर्वी वार्ष्णेय ने 98प्रतिशत अंक लेकर सर्वोच्च स्थान हासिल किया। जबकि बी डी इंटर कॉलेज सराय तरीन की हिंदी शिक्षक बृजबाला देवी तथा सरस्वती विद्या मंदिर की हिंदी शिक्षक विमलेश सैनी को 'स्व भूपेंद्र नाथ रस्तोगी हिंदी शिक्षक शिरोमणि सम्मान से विभूषित किया गया। तुलसी जयंती पर आयोजित हनुमान चालीसा मानस गायन एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों को भी स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। अरुण कुमार गुप्ता ने कहा कि हिंदी का सम्मान राष्ट्रीय गौरव को सशक्त बनाता है। रविंद्र कुमार शर्मा ने कहा की हिंदी सभी परीक्षाओं में शत प्रतिशत अंक दिलाने की भाषा बन गई है।



# शिक्षक राष्ट्र निर्माता भाग्य विधाता: योगेन्द्र सिंह

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** भारतीय इतिहास संकलन समिति के तत्वावधान में सम्मान समारोह में जिले के तीस अध्यापकों को सम्मानित किया गया। चंदौसी रोड पर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में मंचासीन अतिथियों ने भारत माता, सर्वपल्ली डा. राधाकृष्णन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया एवं उनके चित्रों पर माल्यार्पण किया। नगर के प्रसिद्व चिकित्सक एवं समाजसेवी डा.. यू.सी. सक्सेना ने शिक्षक सम्मान समारोह की सार्थकता सिद्व करते हुए शिक्षकों को उनकी विशिष्ट जिम्मेदारी से अवगत कराते हुए समाज को उत्तम दिशा देने के कार्य में संलग्न लगे रहने को कहा। विशिष्ट अतिथि अंकुश त्यागी ने भारतीय इतिहास संकलन समिति द्वारा आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में आदर्श शिक्षक एवं देश की दिशा और दिशा तय करने वाले राष्ट्रपति जैसे सर्वोच्च पद को सुशोभित करने वाले सर्वपल्ली डा. राधाकृष्णन का जीवन परिचय सुनाया। मुख्य अतिथि एम जी एम डिग्री कालेज के प्राचार्य तथा भारतीय इतिहास संकलन समिति के जिला संरक्षक प्रो. डा.. योगेंद्र सिंह ने कहा कि शिक्षक समाज का राष्ट्र निर्माता भी है और भाग्य विधाता भी है। शिक्षक के द्वारा की गई राष्ट्र सेवा और समाज सेवा अतुलनीय है, क्योंकि शिक्षक राष्ट्र के भविष्य का निर्माण करता है। किसी भी देश का भाग्य बदलने की सामर्थ रखता है। डा.संजय बाबू दुबे, अनिल रस्तोगी सर्रफ, अतुल कुमार शर्मा, राकेश कुमार शर्मा, सत्यवीर सिंह पाल, अजय कुमार शर्मा, महावीर सिंह सभासद, आशा गुप्ता आदि ने समारोह को संबोधित करते हुए शिक्षक सम्मान समारोह की सार्थकता सिद्व की। समारोह में अरविंद शंकर शुक्ला, विकास कुमार वर्मा, अतुल कुमार शर्मा, शिव शंकर शर्मा, शलभ रस्तोगी, राजेंद्र सिंह गुर्जर, अमित शुक्ला, रचित रस्तोगी, अमित वार्ष्णेय, भारत मिश्रा सहित 30 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता अनिल रस्तोगी सर्राफ ने की तथा संचालन भारतीय इतिहास संकलन समिति के जिला महामंत्री सुबोध कुमार गुप्ता ने किया।




# पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** गुन्नौर क्षेत्र के गांव फत्तेहपुर में उस समय सनसनी फैल गई जब ग्रामीणों ने खेत में शहतूत के पेड़ पर एक युवक का शव फंदे से लटका देखा। सूचना मिलते ही गांव में भीड़ जुट गई। मामला संदिग्ध होने पर लोगों ने पुलिस को खबर दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और फोरेंसिक यूनिट को बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए।

बताया जा रहा है कि मृतक का शव ईख के खेत के पास मिला। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है, हालांकि पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। गांव वालों के मुताबिक मृतक पर तीन दिन पहले ही छेड़छाड़ के आरोप में मुकदमा दर्ज हुआ था। उसके बाद से ही वह तनाव में चल रहा था। शव मिलने से गांव में तरह-तरह की चर्चाएं तेज हो गई हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और परिजनों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

## सम्बंध-विच्छेद

मेरा पुत्र रविन्द्र व उसकी पत्नी रजनी से उनके गलत आचरण गलत चलन और लड़ाई-झगड़ों से तंग आकर मैने व मेरे परिवार के अन्य पुत्र व पुत्रवधुओं ने अपने सम्बंध विच्छेद कर लिये हैं और अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा व मेरे अन्य पुत्र व पुत्रवधुओं से रविन्द्र और उसकी पत्नी रजनी के किसी भी कार्य से कोई लेना देना नहीं है। बल्कि वह दोनो अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे अन्य पुत्र, पुत्रवधू किसी भी तरह से उत्तरदायी नहीं होंगे।

**रिसीपाल पुत्र रामरतन**
नि. ग्राम सिसौना पो. ठाठी थाना
कैलादेवी जनपद सम्भल।

# 'X' ने कुरेदे 1965 की जंग के जख्म, कहा: पाक की हुई थी स्ट्रैटजिक हार

## पाकिस्तानी पीएम बोले थे: 60 साल पहले हमारी सेना ने दुश्मन का हमला नाकाम किया

**पाकिस्तान के कश्मीर में विद्रोह भड़काने की रणनीति को भारत ने विफल किया और पाकिस्तान को अपनी रणनीति बदलने पर मजबूर होना पड़ा था**

**इस्लामाबाद।** सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के कम्युनिटी पोस्ट ने पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ के 1965 भारत-पाक जंग से जुड़े दावों की पोल खोल दी। शहबाज ने एक्स पर लिखा कि 6 सितम्बर हमारे देश के लिए वीरता और एकता का प्रतीक है। साठ साल पहले 1965 में हमारी सेना ने जनता के साथ, दुश्मन के हमले को नाकाम किया और साबित किया कि पाकिस्तान एक मजबूत राष्ट्र है, जो अपनी रक्षा करने में पूरी तरह सक्षम है। 1965 की वह अटूट भावना आज भी जीवित है। इस पर एक्स ने जवाब देते हुए लिखा: भारत और पाकिस्तान के बीच हुई 1965 का जंग पाकिस्तान के लिए एक स्ट्रैटजिक और पालिटिकल हार थी।

पाकिस्तान की कश्मीर में विद्रोह भड़काने की रणनीति को भारत ने विफल किया और पाक को अपनी रणनीति बदलने पर मजबूर होना पड़ा था। पाकिस्तानी पीएम ने ऑपरेशन सिंदूर के खिलाफ हाल संघर्ष का जिक्र करते हुए कहा कि हमारी सेना और जनता एक मजबूत दीवार की तरह एकजुट होकर बाहरी हमलों के खिलाफ खड़े हुए हैं, हमने हर बार दुश्मन के घमंड को कुचला है। शहबाज भारत पर उकसाने का आरोप लगाते हुए लिखा: पाकिस्तान शांति को बढ़ावा देता है। फिर भी, हमें भारत की लगातार उकसावे और बदलते क्षेत्रीय माहौल की हकीकत से अनजान नहीं रहना चाहिए। हम अपनी रक्षा क्षमताओं को मजबूत और आधुनिक बनाना जारी रखेंगे। हमें पता है आतंकवाद और विदेशी गुर्गों से कैसे निपटना है। उन्होंने भारत आपरेटेड जम्मू और कश्मीर (आईओजेके) को लेकर कहा कि वहां के लोग लंबे समय से आतंकवाद को सहन कर रहे हैं। उनकी आजादी की लड़ाई को बलपूर्वक दबाया नहीं जा सकता। भारत और पाकिस्तान के बीच 1965 का युद्ध, जिसे सेकेंड कश्मीर वॉर के रूप में भी जाना जाता है। यह जंग जम्मू और कश्मीर के विवादित क्षेत्र को लेकर लड़ा गया, जो 1947 में दोनों देशों के बीच बंटवारे के बाद से तनाव का प्रमुख कारण रहा है। यह 1 अगस्त से 23 सितम्बर, 1965 तक चला।

### 1 कश्मीर विवाद:

1947-48 के पहले भारत-पाक युद्ध के बाद, कश्मीर का कुछ हिस्सा भारत के नियंत्रण में (जम्मू और कश्मीर) और कुछ हिस्सा पाकिस्तान के नियंत्रण में (आजाद कश्मीर और गिलगित-बाल्टिस्तान) रहा। दोनों देश पूरे क्षेत्र पर दावा करते रहे, जिसके कारण तनाव बना रहा।

### 2 ऑपरेशन जिब्राल्टर:

1965 में, पाकिस्तान ने कश्मीर में घुसपैठियों को भेजकर स्थानीय विद्रोह को भड़काने की कोशिश की, जिसे 'ऑपरेशन जिब्राल्टर' कहा गया। इसका मकसद कश्मीर में भारत के खिलाफ विद्रोह को उकसाना था। हालांकि, यह योजना विफल रही, क्योंकि स्थानीय कश्मीरियों ने इसका समर्थन नहीं किया और भारतीय सेना को इसकी जानकारी मिल गई।

### 3 ऑपरेशन ग्रैंड स्लैम:

इसके बाद, पाकिस्तान ने कश्मीर के चंब-जौरियां क्षेत्र में बड़े पैमाने पर सैन्य हमला शुरू किया, जिसके जवाब में भारत ने भी सैन्य कार्रवाई की। 1965 जंग के दौरान भारतीय सेना ने पाकिस्तानी शेरमन टैंक को नष्ट किया। अगस्त 1965 में, पाकिस्तानी घुसपैठियों की गतिविधियों का पता चलने पर भारत ने जवाबी कार्रवाई शुरू की। 5 अगस्त को, दोनों पक्षों के बीच छिटपुट झड़पें शुरू हुईं।

1 सितम्बर को, पाकिस्तान ने चंब क्षेत्र में बड़े पैमाने पर हमला शुरू किया, जिसमें टैंक और भारी हथियारों का उपयोग किया गया। इसका मकसद जम्मू-कश्मीर को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क को काटना था। भारत ने 6 सितम्बर को पंजाब सीमा पर लाहौर की ओर जवाबी हमला शुरू किया, जिससे युद्ध पूरे पश्चिमी मोर्चे पर फैल गया। भारतीय सेना ने सियालकोट और लाहौर के पास कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्रवेश किया।



नई दिल्ली। आयोवा के गवर्नर किम रेनॉल्ड्स के साथ बैठक के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर।

## नॉर्थ कोरिया में अमेरिका के सीक्रेट मिशन का खुलासा

**जासूसी के लिए इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस लगाना चाहते थे ट्रम्प, शुरू होते ही फेल हुआ**

**वॉशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रम्प के पिछले कार्यकाल में एक अमेरिका की नेवी सील टीम ने 2019 में नॉर्थ कोरिया के तट पर एक खुफिया मिशन चलाया था।

इस मिशन का मकसद नॉर्थ कोरिया के शासक किम जोंग-उन की कम्युनिकेशन व्यवस्था की जासूसी करने के लिए एक इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस लगाना था। यह मिशन असफल रहा और इसमें निहत्थे नॉर्थ कोरियाई लोग मारे गए। जनवरी 2019 की एक सर्द रात को अमेरिकी नेवी सील की एक टीम चुपचाप एक पनडुब्बी से निकली और नॉर्थ कोरिया के एक चट्टानी तट की ओर बढ़ी। इस टीम में वही सैनिक थे जिन्होंने ओसामा बिन लादेन को मारा था। उनका लक्ष्य किम जोंग-उन की जासूसी करना था ताकि अमेरिका को परमाणु बातचीत में मदद मिल सके। यह मिशन इतना खतरनाक था कि इसकी मंजूरी खुद तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दी थी। हालांकि, यह मिशन शुरू होते ही विफल हो गया। एसईएएल टीम ने कई महीनों तक बर्फीले पानी में इस मिशन की तैयारी की। टीम को परमाणु ऊर्जा से चलने वाली अमेरिकी पनडुब्बी से भेजा जाना था। सील टीम को लगा कि तट पर कोई नहीं है। वे गहरे पानी में, नाइट-विजन चश्मे पहनकर और गीले कपड़ों में पहुंचे।

## संक्षिप्त समाचार

### रूसी कैंसर वैक्सीन 'उपयोग के लिए तैयार'

**मास्को।** कैंसर के इलाज के लिए रूस के वैज्ञानिकों की बनाई कैंसर वैक्सीन उपयोग के लिए तैयार हो गई है। इस दवा को अब केवल रूसी स्वास्थ्य मंत्रालय से अनुमोदन की प्रतीक्षा है। रशिया टुडे, ने यह जानकारी दी है। इसमें कहा गया है कि यह वैक्सीन कैंसर के रोगियों के लिए आशा की नई किरण बन कर उभरी है। इस दवा ने अपने शुरुआती परीक्षणों में कैंसर में बनने वाली रसौली के आकार और वृद्धि को 80 फीसदी तक कम कर दिया है। रूस की फेडरल मेडिकल-बायोलॉजिकल एजेंसी की प्रमुख वेरोनिका स्क्वोर्त्सोवा के अनुसार, इस नव-विकसित कैंसर वैक्सीन ने शुरुआती परीक्षणों में शानदार परिणाम दिया है और अब यह बाजार में उतरने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

### हांगकांग में तूफान 'तापा' कमजोर पड़ा

**हांगकांग।** हांगकांग में आया तूफान तापा सोमवार अपराह्न के बाद को कमजोर पड़ गया और इससे संबंधित चेतावनी के स्तर कम हो गई है। हांगकांग वेधशाला (एचकेओ) आज अपराह्न एक बजे के बाद तूफान कमजोर पड़ने के संकेत दिए है। तूफान तापाह के कारण स्कूलों को बंद करना पड़ा है और 100 उड़ानें रद्द करनी पड़ी हैं। जिससे सैकड़ों मुसाफिरों को मुसीबत का सामना करना पड़ा। उन्होंने रविवार रात को तेज़ हवाओं की चेतावनी देते हुए दूरदराज के द्वीपों पर रहने वालों को तुरंत घर लौटने की सलाह दी थी। प्रशासन ने स्कूलों को बंद रखने का आदेश जारी किया गया।

### जापान के सत्ताधारी दल में प्रधानमंत्री पद के लिए घमासान

**टोक्यो।** जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के पद से इस्तीफा देते ही जापान के सत्ताधारी दल लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) में प्रधानमंत्री पद के लिए घमासान शुरू हो गया है। पूर्व विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी ने सोमवार को इस पद के लिए अपना इरादा जाहिर करते हुए कहा कि वह अपना सारा राजनीतिक अनुभव देश और पार्टी के सेवा के लिए समर्पित करने हेतु कृत-संकल्प हैं। क्योदो न्यूज ने पार्टी सूत्रों का हवाला देते हुए बताया कि मंत्रिमंडलीय मुख्य सचिव योशिमासा हयाशी ने भी इस पद की उम्मीदवारी के लिए दावा किया है।

# टैरिफ पर खुद अमेरिका में ही घिरे ट्रम्प

## टैरिफ पर सुप्रीम सुनवाई के बीच बोले ट्रम्प के मंत्री: विपरीत फैसले का पड़ेगा खजाने पर असर

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से लगाए गए भारी टैरिफ पर कानूनी विवाद गहराता जा रहा है। अगर देश की सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा, तो अमेरिकी सरकार को अब तक वसूले गए शुल्क का लगभग आधा हिस्सा वापस करना पड़ सकता है।

यह बयान खुद अमेरिका के वित्त मंत्री स्काट बेसेंट ने दिया है। उन्होंने एक न्यूज चैनल के कार्यक्रम में कहा कि अगर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला हमारे खिलाफ दिया, तो हमें लगभग आधे टैरिफ की वापसी करनी होगी। यह अमेरिकी खजाने के लिए बहुत बुरा होगा...लेकिन अगर कोर्ट कहता है, तो हमें करना ही पड़ेगा। बता दें कि



**ट्रम्प का तर्क था कि व्यापार घाटा अमेरिकी विनिर्माण उद्योग को नुकसान पहुंचा रहा है**

डोनाल्ड ट्रम्प ने राष्ट्रपति रहते हुए लगभग सभी प्रमुख व्यापारिक साझेदार देशों पर भारी टैरिफ लगाए। उन्होंने इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनामिक पावर्स एक्ट के तहत अप्रैल में राष्ट्रीय आपातकाल घोषित कर यह कदम उठाया। ट्रम्प का तर्क था कि व्यापार घाटा अमेरिकी विनिर्माण उद्योग को नुकसान पहुंचा रहा है और यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। लेकिन अदालतों ने इस पर सवाल उठाए। मई 2025 में न्यूयार्क में मौजूद कोर्ट आफ इंटरनेशनल ट्रेड ने इन टैरिफ को अवैध करार दिया। 29 अगस्त 2025 को यूएस कोर्ट आफ अपील्स फार द फेडरल सर्किट ने 7.4 के फैसले में कहा कि टैरिफ लगाना कांग्रेस का अधिकार है, न कि राष्ट्रपति का। अदालत का कहना था कि ट्रम्प ने अपने संवैधानिक अधिकारों का अतिक्रमण किया।

**आंकड़े सचेत कर रहे...**

**अमेरिकी खजाना:** अगर फैसला ट्रम्प के खिलाफ हुआ, तो सरकार को सैकड़ों अरब डालर वापस लौटाने होंगे, जिससे खजाना पर भारी दबाव पड़ेगा।

**अमेरिकी कंपनियां:** जो कंपनियां टैरिफ के कारण नुकसान झेल रही थीं, उन्हें राहत मिलेगी।

**वैश्विक व्यापार:** ट्रम्प के टैरिफ खत्म होने से दुनिया भर के व्यापारिक रिश्तों पर असर पड़ेगा, खासकर चीन, यूरोप और भारत जैसे देशों के साथ।

**राजनीतिक प्रभाव:** यह मामला ट्रम्प के 2024 चुनावी वादों और उनकी आर्थिक नीतियों की विश्वसनीयता को सीधे चुनौती देगा।

### रूस के साथ सौदा करने वाले देशों पर सख्ती सही

**कीव।** 6 अगस्त की रात रूस ने यूक्रेन पर युद्ध का अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला किया। इसके बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि रूस से व्यापार जारी रखने वाले देशों पर टैरिफ और अन्य सख्त प्रतिबंध लगाए जाने चाहिए। एक न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में जेलेंस्की से पूछा गया कि चीन में पीएम नरेंद्र मोदी, शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात को लेकर उनका क्या कहना है और क्या उन्हें लगता है कि डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से भारत पर टैरिफ लगाने की योजना उलटी पड़ सकती है? इस पर जेलेंस्की ने कहा कि रूस के साथ सौदे जारी रखने वाले देशों पर टैरिफ लगाना सही विचार है। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर भी पोस्ट करते हुए कहा कि रूस की आक्रामकता को रोकने के लिए केवल बयानबाजी नहीं, बल्कि ठोस कदम जरूरी हैं।

## अमेरिकी राष्ट्रपति यूएस ओपन फाइनल में हूटिंग के शिकार

**इस दौरान दर्शकों की तरफ से उन्हें मिलीजुली प्रतिक्रिया मिली**

**न्यूयार्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प यूएस ओपन में शामिल हुए। फाइनल मैच से पहले कुछ देर के लिए एक लग्जरी बाक्स से हाथ हिलाते नजर आए। इस दौरान दर्शकों की तरफ से उन्हें मिलीजुली प्रतिक्रिया मिली।

कहीं, तालियां बजाई गईं, कहीं उन्हें हूटिंग का सामना करना पड़ा। आर्थर ऐश स्टेडियम उस समय तक पूरी तरह भरा नहीं था और ट्रम्प का अभिवादन भी न तो पहले से घोषित था और न ही बहुत देर तक चला। नतीजतन, कुछ लोग इसे देख भी नहीं पाए। ट्रम्प इस बार रोलेक्स के मेहमान के तौर पर आए थे, जबकि उनके प्रशासन ने हाल ही में स्विटजरलैंड से आने वाले उत्पादों पर 39 प्रतिशत का भारी टैरिफ लगाया है। आयोजक टीवी प्रसारण पर उनकी हूटिंग को रोकने की कोशिश कर रहे थे। ट्रम्प अपने दूसरे कार्यकाल में घरेलू यात्राओं को मुख्य रूप से खेल आयोजनों तक ही सीमित रखे हुए हैं। वे पहले की तरह बड़ी चुनावी रैलियों की बजाय अब खेल मुकाबलों में दर्शकदीर्घा में नजर आते हैं। ट्रम्प की मौजूदगी के कारण सुरक्षा जांच कड़ी कर दी गई और पुरुष फाइनल का समय आधे घंटे पीछे खिसकाना पड़ा। इसका मतलब यह हुआ कि स्पेन के 22 वर्षीय कार्लोस अल्काराज और इटली के 24 वर्षीय डिफेंडिंग चैंपियन जैनिक सिनर के बीच मुकाबला देरी से शुरू हुआ।

# यूक्रेनी पीएम के ऑफिस पर रूस का हमला

**805 ड्रोन और 17 मिसाइलें दागीं, चार लोगों की मौत, जवाब में यूक्रेन ने रूसी पाइपलाइन उड़ाई**

**कीव।** रूस ने यूक्रेन पर रविवार को अब तक का सबसे बड़ा हवाई और ड्रोन हमला किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक सरकारी भवन में हमले के बाद आग लग गई। इसी भवन में यूक्रेनी पीएम ऑफिस सहित कई महत्वपूर्ण ऑफिस हैं।

अधिकारियों ने बताया कि देश भर में हुए हमलों में चार लोग मारे गए, जिनमें एक बच्चा भी शामिल है। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने कीव में मुख्य सरकारी इमारत को निशाना बनाया। यह साढ़े तीन साल की जंग में पहली बार हुआ है। यूक्रेनी वायुसेना के अनुसार, रूस ने 805 ईरान-निर्मित शाहेद ड्रोन और डिकॉय लॉन्च किए। साथ ही 17 क्रूज और बैलिस्टिक मिसाइलें भी दागीं। पलटवार करते हुए यूक्रेन ने रूस के दुझबा पाइपलाइन पर ड्रोन हमला किया। जिससे रूस से हंगरी और स्लोवाकिया को तेल सप्लाई होता है। दमकलकर्मियों ने इमारत पर लगी आग को बुझाया और बचाव दल ने इमारत में लोगों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर कहा कि ऐसे समय में जब बातचीत बहुत पहले शुरू हो सकती थी, हत्याएं जानबूझकर किया गया अपराध है। यह युद्ध को लम्बा खींचने का प्रयास है। उन्होंने हमलों को रोकने के लिए दुनिया से मदद मांगी। वहीं, रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने यूक्रेन के सैन्य-औद्योगिक परिसर और परिवहन बुनियादी ढांचे पर हमले किये हैं, जिससे हथियारों और सैन्य उपकरणों के गोदामों को नुकसान पहुंचा है। बता दें कि 15 अगस्त को रूस के राष्ट्रपति पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की अलास्का में हुई मुलाकात के बाद रूस और यूक्रेन के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। यूक्रेन रूसी रिफाइनरियों को टारगेट कर रहा है तो रूस आम यूक्रेनियों को निशाना बना रहा है। यूक्रेनी पीएम यूलिया स्वायरडेंको ने रूस के इस हमले का जवाब देने के लिए और हथियारों की मांग की और वैश्विक समुदाय से अपील की कि वे रूसी हमलों के खिलाफ प्रतिक्रिया दें।

# गाजा में इजरायली सेना का हमला, 50 की मौत

## 50 से ज्यादा इमारतों को पूरी तरह से नष्ट किया, 100 अन्य आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त

**गाजा।** गाजा पट्टी में इजरायली सेना द्वारा कम से कम 50 फलस्तीनी मारे गए हैं। फलस्तीनी सरकारी समाचार एजेंसी वाफा ने यह जानकारी अपनी रिपोर्ट में दी है।

वाफा के अनुसार मारे गए लोगों में से 46 लोग परिक्षेत्र के उत्तरी भाग के निवासी थे। गाजा नागरिक सुरक्षा प्रवक्ता महमूद बसल ने एक बयान में कहा कि रविवार सुबह से इजरायली सेना ने 50 से जयादा इमारतों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है और 100 अन्य को आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया है, जिनमें हज़ारों नागरिकों के आवास वाली ऊंची इमारतें भी शामिल हैं। बसल ने इस दिन को 18 मार्च के बाद से 'युद्ध के सबसे कठिन दिनों में से एक' बताया। इस बीच, इज़राइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक बयान में कहा है कि उसने गाजा शहर में एक और ऊंची इमारत पर हमला किया। इसका इस्तेमाल हमास ने किया था। आईडीएफ ने



**स्वतंत्र फलस्तीनी समिति के गठन के बदले बंधकों की रिहाई पर चर्चा को हमास तैयार**

कहा कि हमास के आतंकवादियों ने इलाके में आईडीएफ सैनिकों की स्थिति पर नज़र रखने के लिए खुफिया जानकारी जुटाने वाले उपकरण लगाए थे और निगरानी चौकियां स्थापित की थीं। आईडीएफ हालांकि इस दावे के समर्थन में कोई सबूत नहीं दिया। वहीं, हमास ने आरोपों को 'निराधार' बताते हुए इसे खारिज कर दिया और कहा कि जिन ऊंची इमारतों को निशाना बनाया गया, वे आवासीय इमारतें थीं। जैसे-जैसे इज़राइली सेना गाजा शहर में अपने अभियान पर आगे बढ़ रही थी, स्थानीय निवासी विस्थापित हो रहे हैं। फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर कहा कि गाजा में हज़ारों लोग एक बार फिर अपने घरों से विस्थापित हो रहे हैं। लगातार हमलों के कारण लोगों के घर उजड़ गए हैं और लोग छोटे, असुरक्षित इलाकों में सिमट गए हैं। एजेंसी ने कहा कि इमारतों, स्कूलों, आश्रयों और अस्पतालों के नष्ट हो जाने से भोजन, स्वच्छ पानी और अन्य आवश्यक आपूर्ति तक लोगों की पहुंच बेहद सीमित हो गई है। कोई भी जगह सुरक्षित नहीं है, कोई भी सुरक्षित नहीं है।

# पाक में मंत्रियों समेत हजारों का डेटा लीक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में केंद्रीय मंत्रियों समेत हजारों लोगों का संवेदनशील डेटा लीक हो गया है। लीक हुआ डेटा ऑनलाइन बिक्री के लिए भी उपलब्ध है। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, ऑनलाइन बिक्री के लिए जो डेटा उपलब्ध है, उसमें मोबाइल सिम, काल लाग, राष्ट्रीय पहचान पत्र और विदेश दौरे की जानकारी आदि शामिल है। जिन लोगों के डेटा लीक हुए हैं, उनमें कई केंद्रीय मंत्री और पार्टियों के प्रवक्ता शामिल हैं।

पाकिस्तान में डेटा लीक की घटनाएं पूर्व में भी हो चुकी हैं, लेकिन इसके बावजूद पाकिस्तान की सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। यहां तक कि जिन वेबसाइट्स से डेटा लीक होने की




**संवेदनशील जानकारी ऑनलाइन बिक रही, मोबाइल सिम कॉल लॉग, राष्ट्रीय पहचान पत्र व विदेश दौरे की जानकारी आदि शामिल**

शिकायत हुई, उनके खिलाफ भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मोबाइल लोकेशन का डेटा सिर्फ 500 रुपये में ऑनलाइन बिक रहा है। वहीं मोबाइल रिकॉर्ड का डेटा 2000 रुपये और विदेश दौरों की जानकारी पांच हजार रुपये में मिल रही है। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों ने चेतावनी दी है कि जिन लोगों का डेटा लीक हुआ है, उनका उत्पीड़न किया जा सकता है। डेटा लीक को लेकर पाकिस्तान की आम जनता में भारी नाराजगी है। लोगों की मांग है कि डेटा लीक के लिए लोगों की जवाबदेही तय की जाए और ये पता लगाया जाए कि इस डेटा लीक के पीछे कौन है।

पाकिस्तान के गृहमंत्री मो. हसिन नकवी ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं। जांच के लिए 14 सदस्ईय टीम गठित की गई है और जांच समिति दो हफ्ते में अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी। गौरतलब है कि सोशल मीडिया और आईटी के इस युग में डेटा लीक एक बड़ी समस्या बन गया है। बीते दिनों साइबर सिक्योरिटी विशेषज्ञों ने बताया था कि 16 अरब लोगों का संवेदनशील डेटा लीक हो गया था। इसे इंटरनेट इतिहास की सबसे बड़ी डेटा चोरी बताया जा रहा है।

### यरुशलम में बंदूकधारियों की गोलीबारी, पांच मरे, 15 घायल

**यरुशलम।** उत्तरी यरुशलम में सोमवार को एक बस स्टॉप पर दो हमलावरों की अंधाधुंध गोलीबारी में कम से कम पांच लोग मारे गए और 15 अन्य जख्मी हो गए। घायलों में सात की हालत गंभीर है। सीएनएन ने बताया कि एक सुरक्षा अधिकारी और एक नागरिक ने हमला होने के तुरंत बाद हमलावरों को गोली मार दी, जिससे हमला रुक गया। पुलिस ने हमलावरों की पहचान के बारे में कोई जानकारी देने से मना कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू खुद मौके पर पहुंचे और अधिकारियों से बात की। हमले के वीडियो फुटेज में सुबह के समय व्यस्त चौराहे पर स्थित एक बस स्टॉप से दर्जनों लोग भागते हुए दिखाई दे रहे हैं। घटनास्थल पर पहुंचे चिकित्सा दल ने बताया कि इलाके में अफरा-तफरी का माहौल था और कई जगह कांच बिखरा हुआ था। घायल और बेहोश लोग सड़क तथा बस स्टॉप के पास फुटपाथ पर पड़े हुए थे। फलस्तीनी चरमपंथी समूहों की ओर से इस हमले पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108